वर्ष 69 ▸ अंक 198 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, शुक्रवार 17 अप्रैल, 2026
▸ वैशाख कृष्ण पक्ष 15, विक्रम संवत् 2083
▸ महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए


# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

हर दिन अपने साथ नए विकल्प लेकर आता है।
– मार्था बेक

### बैंक फ्रॉड मामले में झटका

## सुको में अनिल अंबानी की याचिका खारिज



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अनिल अंबानी को बैंक फ्रॉड मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच का आदेश सही है। यह आदेश लंबित सिविल सूट में बाधा नहीं बनेगा। इसलिए इसमें हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। इस फैसले के साथ बैंकों को अंबानी के लोन अकाउंट को 'फ्रॉड' घोषित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की अनुमति मिल गई है। इंडियन ओवरसीज बैंक सहित अन्य बैंकों ने अंबानी के लोन अकाउंट को 'फ्रॉड' घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके खिलाफ अंबानी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

### आईपीएल में आज

**कोलकाता बनाम गुजरात**
**समय : शाम 7.30 बजे से**
**प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर**
**परिणाम: पंजाब ने मुंबई को 7 विकेट से हराया।**






### महिला आरक्षण और परिसीमन पर लोकसभा में तीखी बहस, आज शाम 4 बजे होगी वोटिंग

# मोदी बोले- परिसीमन में किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं होगा, यह मेरी गारंटी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े विधेयकों पर संसद में गुरुवार को जोरदार बहस देखने को मिली। जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष को 'क्रेडिट लेने का ब्लैंक चेक' देने की बात कही, वहीं विपक्षी नेताओं ने सरकार पर राजनीतिक मंशा और जल्दबाजी के आरोप लगाए। इससे पहले केंद्र सरकार ने गुरुवार को संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल से जुड़े संशोधन बिल पेश किए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम क्रेडिट का ब्लैंक चेक देने को तैयार हैं, विपक्ष चाहे तो पूरा श्रेय ले ले। उन्होंने कहा कि परिसीमन में किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं होगा, यह मेरी गारंटी है।महिलाओं को उनका अधिकार देना हमारा कर्तव्य है, यह किसी का एहसान नहीं। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि काले कपड़े पहनकर विरोध करने वाले 'नजर का टीका' हैं, ताकि अच्छे काम को किसी की नजर न लगे।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने तीखा हमला करते हुए कहा कि 'महिलाएं बार-बार बहकाने वाले पुरुषों को पहचान लेती हैं, सावधान हो जाइए।' उन्होंने कहा कि अगर डर नहीं है तो अभी 33 फीसदी आरक्षण लागू करें। परिसीमन के नाम पर संसद की संरचना से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ओबीसी वर्ग के अधिकारों को कमजोर कर रही है।

संसद में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह गलत नैरेटिव फैलाया जा रहा है कि दक्षिण भारत की सीटें कम होंगी। लोकसभा की 543 सीटों में दक्षिण की 129 सीटें हैं, जो परिसीमन के बाद बढ़कर 195 हो जाएंगी। तमिलनाडु की सीटें 39 से बढ़कर 59 होंगी। उन्होंने 850 सीटों के प्रस्ताव को 'राउंड ऑफ फिगर' बताते हुए कहा कि इसका गणित आरक्षण को ध्यान में रखकर तय किया गया है।

### प्रियंका का पलटवार: महिलाएं बार-बार बहकाने वाले पुरुषों को पहचान लेती हैं



### वोटिंग कब होगी?

- 16-17 अप्रैल को कुल 15 घंटे चर्चा तय की गई है।
- 17 अप्रैल शाम 4 बजे वोटिंग होगी
- संशोधन में लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव है

### तीन बड़े सवाल

**01** महिला आरक्षण कब और कैसे लागू होगा?

**02** परिसीमन का राज्यों पर क्या असर पड़ेगा?

**03** यह राजनीतिक संतुलन बदलने की रणनीति है?



**दक्षिण भारत के नेताओं का विरोध**

एमके स्टालिन ने परिसीमन बिल की प्रतियां जलाकर विरोध जताया और इसे 'काला कानून' बताया। डीएमके सांसदों ने संसद में आरोप लगाया कि यह दक्षिण विरोधी कदम है। आबादी के आधार पर प्रतिनिधित्व बदलना अन्यायपूर्ण होगा।

### विरोध

हम महिला आरक्षण के साथ हैं, लेकिन भाजपा की साजिश के खिलाफ हैं। पहले जातीय जनगणना हो, उसके बाद परिसीमन किया जाए।
**- अखिलेश यादव**, समाजवादी पार्टी

33 फीसदी आरक्षण का समर्थन है, लेकिन इसे मौजूदा 543 सीटों पर लागू किया जाए।
**- संजय सिंह**, आम आदमी पार्टी

महिला आरक्षण से दिक्कत नहीं, लेकिन इसे परिसीमन से क्यों जोड़ा जा रहा है?
**- शशि थरूर**, कांग्रेस सांसद

इसे सरल बनाइए ताकि लागू होते ही असर दिखे, परिसीमन से न जोड़ें।
**- गौरव गोगोई**, कांग्रेस सांसद

### समर्थन

यह महिलाओं के लिए ऐतिहासिक और क्रांतिकारी विधेयक है।
**- नितिन गडकरी**, केंद्रीय मंत्री

यह मांग दशकों से लंबित थी, अब महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा।
**- चिराग पासवान**, केंद्रीय मंत्री

यह महिलाओं के सम्मान से जुड़ा है, विपक्ष को समर्थन देना चाहिए।
**- हेमा मालिनी**, भाजपा सांसद

विपक्ष दक्षिण भारत में लोगों को गुमराह कर रहा है।
**- तेजस्वी सूर्या**, भाजपा सांसद

**पीएम बोले- अखिलेश मेरे मित्र:** सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने मोदी से कहा- आप भी पिछड़ी जाति से हैं। इस पर मोदी बोले- मैं आपका आभारी हूं कि मेरी पहचान करा दी। अखिलेश जी मेरे मित्र हैं, कभी-कभी मदद कर देते हैं।

**चाणक्य भी चौंक जाते:** प्रियंका गांधी ने कहा- गृह मंत्री जी हंस रहे हैं। उन्होंने पूरी योजना बना रखी है। आज अगर चाणक्य जिंदा होते तो आपकी राजनीतिक कुटिलता देखकर वो भी चौंक जाते। शायद हमें और थोड़ा होना भी चाहिए।

**सिर्फ आपका बंद होता है:** कांग्रेस सांसद के. सी. वेणुगोपाल बोल रहे थे। राहुल ने माइक की तरफ इशारा करते हुए कहा- आपका माइक बंद है। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा- माइक चालू है। आपका ही माइक बंद होता है। इनका बंद नहीं होता।

# इजरायल-लेबनान के बीच 10 दिन का संघर्ष विराम

### इधर, अमेरिका-ईरान के बीच भी समझौते के संकेत

**वॉशिंगटन/ तेहरान, जेएनएन।** जंग से जूझ रहे पश्चिम एशिया से एक और अच्छी खबर है। लेबनान और इजरायल ने 10 दिनों के संघर्षविराम का ऐलान किया है। इसकी घोषणा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, अभी-अभी मेरी लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन और इजराइल के प्रधानमंत्री बीबी नेतन्याहू के साथ बहुत ही बेहतरीन बातचीत हुई। इन दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई है कि देशों के बीच शांति स्थापित करने औपचारिक रूप से 10 दिनों के युद्धविराम की शुरुआत करेंगे। अमेरिकी समय अनुसार युद्ध विराम शाम 5 बजे से लागू होगा।

इस बीच, अमेरिका और ईरान के बीच बीच 21 अप्रैल को खत्म हो रहे सीजफायर से पहले समझौते की कोशिश तेज हो गई हैं। मध्यस्थता में पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की शामिल हैं। पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर तेहरान पहुंच चुके हैं। अमेरिकी टीम में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

इजराइल-लेबनान सीजफायर की घोषणा तब हुई है जब इजरायली हमले में मरने वाले लेबनानियों की संख्या 2196 हो गई है। ट्रंप ने कहा कि मंगलवार को 34 वर्षों में पहली बार दोनों देशों के प्रतिनिधि वाशिंगटन डीसी में विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मिले। मैंने वेंस और रूबियो को इजरायल और लेबनान के साथ काम करने का निर्देश दिया है, ताकि एक स्थायी शांति स्थापित की जा सके।



पाक आर्मी चीफ और ईरान के स्पीकर

### ईरान बोला- फ्रीज फंड जारी होने के बाद ही होगी वार्ता

**तेहरान/वॉशिंगटन, जेएनएन।** ईरान ने अमेरिका के साथ संभावित युद्धविराम वार्ता के लिए स्पष्ट शर्तें रख दी हैं। ईरान ने दो मांगें रखी थीं, जिनमें से एक पूरी हो गई है। ईरान ने कहा था कि जब तक लेबनान में युद्धविराम लागू नहीं होता और उसके दुनियाभर में फ्रीज किए फंड जारी नहीं किए जाते, तब तक वह बातचीत शुरू नहीं करेगा। लेबनान से सीजफायर हो चुका है। इधर, अमेरिका ने चेतावनी दी है कि होर्मुज की नाकाबंदी तोड़ने वाले जहाजों पर कार्रवाई होगी। वहीं, ईरान ने रेड सी और गल्फ में व्यापार रोकने की धमकी दी अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि नाकाबंदी जारी रहेगी। ईरान ने डील नहीं मानी तो फिर सैन्य कार्रवाई शुरू हो सकती है। परमाणु कार्यक्रम पर भी टकराव: ईरान के परमाणु प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने दोहराया कि यूरेनियम संवर्धन का अधिकार ईरान के लिए अनिवार्य है, भले ही अमेरिका इसका विरोध करता रहा हो।

### अमेरिका ने होर्मुज से 13 जहाज लौटाए

अमेरिका ने ईरान के खिलाफ समुद्री नाकाबंदी को और सख्त करते हुए उसके 13 जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर कर दिया है। अमेरिकी सेना के अनुसार, पिछले तीन दिनों में कोई भी जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य को पार नहीं कर सका है। यूएस सेंट्रल कमांड के मुताबिक सोमवार से नाकाबंदी लागू है। अब तक 13 जहाजों को चेतावनी देकर वापस भेजा गया किसी जहाज को जबरन कब्जे में लेने की जरूरत नहीं पड़ी। अमेरिकी नौसेना के गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर ने एक ईरानी जहाज को रोककर वापस भेजा।





| PARAMETER | VICTORIS S-CNG | COMPETITION MID SUV DIESEL | BENEFIT OF VICTORIS S-CNG OVER DIESEL CARS |
|---|---|---|---|
| Running Cost/km | ₹4.9 | ~ ₹6.1 | ✓ More savings per km |
| Lower Maintenance Cost | ✓ | ✗ | ✓ Easy on pocket |
| Reduced Emission | ✓ | ✗ | ✓ Good for environment |
| Recovery Period# | ~5.5 Yrs | ~8.9 Yrs | ✓ Faster recovery |

BEST-IN-SEGMENT MILEAGE 27.02* km/kg
SCAN AND CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM
CONTACT US AT 1800-102-1800

Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions. #Considered average daily drive of 35 km. Fuel Cost calculation done basis fuel prices in Goa as of 11th Feb 2026 and considered 70% delivery of ARAI tested Mileage. *As certified by Test Agency under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. **Offer computed basis ₹30 000 for exchange of Diesel vehicle and ₹20 000 for loyalty bonus to existing Maruti Suzuki customers. The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. The offer is valid only on Victoris S-CNG variant. For more details visit your nearest dealership.

VICTORIS

# एमपी में 52 फीसदी पंचायती राज पर नारी शक्ति की कमान

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से प्रदेश के विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों की भी बदलेगी तस्वीर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** संविधान में 106वें संशोधन के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद लोकसभा और विधानसभा में भी आधी आबादी बराबरी से नजर आने लगेगी। हर दूसरी सीट पर महिला जनप्रतिनिधि विराजमान होंगी। यह सुखद नजारा वर्ष 2029 से बनेगा, लेकिन नारी शक्ति के सशक्तिकरण का मध्यप्रदेश पहले से ही रोल मॉडल बना हुआ है। जहां पंचायती राज व्यवस्था में 52 फीसदी से ज्यादा पद महिलाएं संभाल रही हैं। ग्राम सरकारों के साथ ही नगर सरकार भी महिलाएं बखूबी चला रही हैं। जानकारी के अनुसार प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है। राज्य में ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत स्तर तक 2 लाख 90 हजार 41 निर्वाचित महिला जन प्रतिनिधि अपने दायित्वों को निभा रही है,यह पंचायती राज में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का 52.84 प्रतिशत हैं। इनमें 26 जिला पंचायतों की कमान महिलाओं के पास बतौर अध्यक्ष के रूप में है, जबकि 444 जिला पंचायत सदस्य महिलाएं है। यह दोनों संख्या पुरुषों के अनुपात में 50 से 53 प्रतिशत तक ज्यादा है। इसी तरह 179 जनपद अध्यक्ष व 3425 जनपद सदस्य महिलाएं हैं। जबकि राज्य की 11683 पंचायतों को अध्यक्ष के रूप में महिला प्रतिनिधियों द्वारा चलाया जा रहा है। महिला पंचों की संख्या भी 1 लाख 93 हजार 284 है।




### परिसीमन बिल से बढ़ेगी सीटों की संख्या

संसद में परिसीमन बिल भी पेश किया गया है। जिसके लागू होने के उपरांत मध्यप्रदेश में विधानसभा और लोकसभा सीटों में काफी बड़ी वृद्धि होगी। जानकारों की माने तो मध्यप्रदेश विधानसभा की सीटें 230 से बढ़कर 345 तक पहुंच सकती हैं। इसमें महिला आरक्षण लागू होने पर 114 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी जाएंगी। सरकार का भी आकार बढ़ेगा। 230 सदस्यों वाली मौजूदा मध्यप्रदेश विधानसभा में सरकार में सीएम सहित 35 विधायक मंत्री बन सकते है। लेकिन परिसीमन के बाद मंत्रियों की संख्या लगभग 52 तक पहुंच सकती है। परिसीमन के उपरांत लोकसभा में भी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। ऐसा बताया जा रहा है कि लोकसभा की राज्य से लगभग 14 सीटें बढ़ सकती है,जो वर्तमान 29 सीटे से बढ़कर 43 तक पहुंच सकती है।

### ऐसी बनेगी विधानसभा-लोकसभा की तस्वीर

संसद में संसोधन बिल पर चर्चा के बीच सत्ताधारी दल ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को वर्ष 2029 के चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मन बना लिया है। बिल लागू होने के बाद मध्यप्रदेश की राजनीतिक और चुनावी तस्वीर पूरी तरह से बदल जाएगी। माना जा रहा है कि विधानसभा में 114 सीटों से चुनाव जीतकर महिलाएं सदन में पहुंचेंगी, जिससे मौजूदा स्थिति की तुलना में महिलाओं की भागीदारी प्रदेश की राजनीति में कई गुना बढ़ जाएगी। अगर मध्यप्रदेश के लोकसभा सीटों पर गौर करें, तो आरक्षण के बाद महिला सांसदों की संख्या में भी काफी वृद्धि होगी। वर्तमान में मध्यप्रदेश से 6 महिला सांसद है,जो नए आरक्षण के उपरांत 14 तक संसद के लिए निर्वाचित हो सकेगी।

### महिला जनप्रतिनिधि का लेखा-जोखा

| पंचायत प्रकार | जनप्रतिनिधि | महिला जनप्रतिनिधि | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **ग्राम पंचायत** | | | |
| सरपंच | 23011 | 11683 | 50.77 |
| पंच | 364895 | 93284 | 52.96 |
| **योग** | **387906** | **204967** | **52.83** |
| **जनपद पंचायत** | | | |
| अध्यक्ष | 313 | 179 | 57.18 |
| सदस्य | 6458 | 3425 | 53.03 |
| **योग** | **6771** | **3604** | **53.22** |
| **जिला पंचायत** | | | |
| अध्यक्ष | 52 | 26 | 50.00 |
| सदस्य | 823 | 444 | 53.94 |
| **योग** | **875** | **470** | **53.71** |
| **कुल योग** | **395552** | **209041** | **52.84** |

### नगरीय निकायों में भी बढ़ेगी महिलाओं की ताकत

मध्यप्रदेश में अगले वर्ष होने वाले निकाय चुनावों में प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव होना है, यानि महिला नेत्रियां भी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए सीधे मतदाताओं द्वारा चुनी जाएंगी, उन पर जनता का विश्वास बढ़ेगा। यह महिलाओं के लिए राजनीतिक चुनौती की तरह होगा और वे अपने समाज व शहर विकास के लिए पुरुषों की तरह जवाबदेह होंगी। मध्यप्रदेश में दोनों राजनीतिक दलों ने इन संभावनाओं को देखते हुए महिला नेत्रियों को चिन्हित करने का काम भी प्रारम्भ कर दिया है। सत्ता पर बैठी भाजपा निकाय चुनावों में महिलाओं को टिकट देकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का क्रेडिट लेने का प्रयास करेगी,तो कांग्रेस भी महिला उत्थान के लिए उनकी सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जनता को जानकारी देगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बैंड आरक्षक के 679 पदों के आवेदन 30 तक



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पुलिस बैंड आरक्षक के 679 पदों पर सीधी भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पीएचक्यू से मिली जानकारी के अनुसार अब इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 19 अप्रैल से बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। इन पदों पर केवल पुरुष आवेदक ही आवेदन कर सकेंगे। पीएचक्यू से मिली जानकारी के मुताबिक इन पदों पर पात्र पुरुष अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन के वेबपोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन भर सकेंगे। इस भर्ती का जिम्मा पीएचक्यू की विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) शाखा को सौंपा गया है। आवेदन की अंतिम तिथि के बाद इन पदों के लिए लिखित परीक्षा की तारीख तय की जाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश में अब हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना के लिए ये भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है।

### 20 हजार की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की उच्जैन यूनिट ने गुरुवार को रतलाम जिले की सैलाना तहसील के हल्का नंबर 26 के पटवारी कैलाश वडाख्या को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ग्राम अडवानिया निवासी जितेंद्र पाटीदार ने अपने पिता ईश्वर लाल पाटीदार की 5 हेक्टेयर कृषि भूमि के सीमांकन के लिए जनवरी माह में लोकसेवा केंद्र के जरिए आवेदन किया था। तीन माह बीतने के बाद भी जब सीमांकन नहीं हुआ तो पटवारी से संपर्क किया। पटवारी कैलाश वडाख्या ने इसके एवज में 30 हजार रुपये मांगे, जिस पर 23 हजार में सौदा तय हुआ और पटवारी ने तत्काल 3 हजार रुपये ले लिए। गुरुवार को जैसे ही पटवारी ने तहसील कार्यालय के नायब नाजिर कक्ष में शेष 20 हजार रुपये की रकम ली, पहले से तैयार टीम ने उसे दबोच लिया। पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### फ्री में अपग्रेड करा सकेंगे टूजी और थ्रीजी सिम

**भोपाल।** सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने अपने पुराने ग्राहकों को हाई-स्पीड कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए पुरानी टूजी और थ्रीजी सिमों को फोरजी में मुफ्त अपग्रेड करने की योजना की अवधि को कुछ और समय के लिए बढ़ा दिया है। कंपनी ने यह फैसला ग्राहकों की मांग के बाद किया है। बीएसएनएल के अनुसार रिप्लेसमेंट के तहत ग्राहकों को अब स्वदेशी फोरजी तकनीक पर आधारित सिम दी जाएगी, जिससे न केवल हाई-स्पीड इंटरनेट मिलेगा बल्कि वॉयस कॉलिंग भी बेहतर होगी। बीएसएनएल के अनुसार अभी तक जिन ग्राहकों ने अपनी पुरानी सिम को नहीं बदला है, वे अपने निकटतम उपभोक्ता सेवा केंद्र पर जाकर सिम को बदलवा सकते हैं। हालांकि, कंपनी ने यह साफ कर दिया है कि यह सुविधा केवल एक सीमित अवधि के लिए ही उपलब्ध रहेगी।

### वेबिनार पुस्तिका का विमोचन

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने गुरुवार को शासकीय श्यामाप्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा क्लाइमेट चेंज एंड बायोडायवर्सिटी विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार की पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के इस प्रयास को विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक उपयोगी शैक्षणिक पहल बताया।

# गुजरात की तरह निष्क्रिय कांग्रेस जिलाध्यक्षों को होगी विदाई

## संगठन सृजन अभियान द्वारा रिव्यू के बाद एक दर्जन जिलाध्यक्षों पर कार्यवाही संभव

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने पदाधिकारियों की सक्रियता का आकलन कर रही है। सूत्रों की मानें तो गुजरात की तरह मध्यप्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा जिलाध्यक्षों पर रिव्यू के बाद गाज गिरना तय है। प्रदेश कांग्रेस के दफ्तर में संगठन सृजन अभियान के प्रभारी वामसी चंद रेड्डी द्वारा पिछले दो दिनों में पांच संभागों के जिलाध्यक्षों से वन टू वन किया गया, तो उनके द्वारा अगले दो दिनों में शेष सभी संभागों के जिलाध्यक्षों की कार्यशैली का रिव्यू किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्षों को संगठन द्वारा सौंपे गए कार्यो के बारे में जानकारी ली जा रही है। सूत्रों की मानें तो अब तक एक दर्जन से ज्यादा जिलाध्यक्षों की परफार्मेंस को लेकर संगठन खुश नहीं है। इनमें से कुछ को जिलाध्यक्ष के पद से मुक्त किया जा सकता है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के तहत गुजरात और मध्यप्रदेश में जिलाध्यक्षों की नियुक्तियां की गई हैं। पिछले दिनों गुजरात में संगठन सृजन अभियान से जुड़ी टीम द्वारा वहां के जिलाध्यक्षों की कार्यशैली और उनकी सक्रियता का रिव्यू किया गया था। जिसके बाद वहां के 8 जिलाध्यक्षों को उनकी निष्क्रियता के चलते पद से मुक्त कर दिया गया था। मध्यप्रदेश में भी युवक कांग्रेस के 3 जिलाध्यक्षों सहित 30 पदाधिकारियों के पद होल्ड किए गए हैं। इसी क्रम में जिला कांग्रेस के अध्यक्षों पर निष्क्रियता के चलते उनके पद का संकट आ सकता हैं। इस संबंध में संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ संजय कामले का कहना है कि यदि किसी जिलाध्यक्ष की सक्रियता मापदण्ड पर खरी नहीं उतरती हैं, तो उसे पद से भी हटाया जा सकता है। इसमें लगभग एक माह का समय लग सकता हैं।




### आज तीन संभागों की बैठक

गुरुवार को पीसीसी में सागर, रीवा और इंदौर संभाग के जिलाध्यक्षों से संगठन सृजन अभियान के प्रभारी बामसी चंद रेड्डी ने वन टू वन चर्चा की और उनसे संगठन को लेकर कई सवाल किए। अगले दो दिन बचे हुए संभागों के जिलाध्यक्षों के साथ वन टू वन चर्चा की जाएगी।

### रूठे नेताओं को मनाएंगे

नाराजगी की वजह से घर बैठे नेताओं को मनाने वरिष्ठ नेताओं को घरों तक भेजा जाएगा। गुरुवार को पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि जिन नेताओं में टिकट या पद को लेकर नाराजगी है उन्हें मनाने वरिष्ठ पदाधिकारियों को उनके घर भेजा जाएगा। वर्मा ने बताया कि जब भी पार्टी के कार्यक्रम आहुत होंगे,उनमें इन नेताओं को सक्रिय रूप से शामिल करने की जल्द ही रणनीति तैयार की जाएगी।

# प्रगणकों, पर्यवेक्षकों को मिला मकान सूचीकरण का प्रशिक्षण

## जनगणना: समय सीमा में अपलोड करनी होगी जानकारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत गुरुवार को नगर निगम भोपाल की सीमा अंतर्गत आने वाले सभी 21 चार्ज केंद्रों पर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के तहत पहले चरण के तहत होने वाले मकान सूचीकरण और गणना कार्य को लेकर फील्ड ट्रेनर्स ने कर्मचारियों को बारीकियां सिखाईं। इस बार की जनगणना में तकनीक के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स ने एचएलओ एप के उपयोग और इसकी विभिन्न तकनीकी अवधारणाओं को विस्तार से समझाया। प्रगणकों को बताया गया कि किस प्रकार सीएमएमएस पोर्टल पर डेटा एंट्री की जानी है, ताकि जानकारी सटीक और समय पर अपडेट हो सके।

### प्रशिक्षण के दौरान इन बारीकियों पर दिया जोर

- **ब्लॉक सीमा का निर्धारण :** प्रत्येक प्रगणक को उनकी निर्धारित जनगणना ब्लॉक की सीमाओं के भीतर ही जनगणना करनी होगी। ब्लॉक की सीमाओं के बाहर नहीं जाना है।
- **शून्य त्रुटि का लक्ष्य :** प्रत्येक जनगणना परिवार की गणना अनिवार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की दोहरी प्रविष्टि या चूक नहीं होनी चाहिए।
- **विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन :** प्रत्येक जोन में दो-दो अनुभवी फील्ड ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है, जिन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों, परिभाषाओं और जटिल प्रक्रियाओं की जानकारी प्रकणकों और पर्यवेक्षकों को दी।

# नहीं बिकीं 100 से ज्यादा वाइन शॉप रिजर्व प्राइज में 45 फीसदी कटौती



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में शेष बची लगभग 100 से अधिक शराब दुकानों की नीलामी के लिए आबकारी विभाग ने एक बार फिर आरक्षित मूल्य (रिजर्व प्राइज) में कटौती कर दी है। बार-बार टेंडर बुलाने के बावजूद दुकानों के न बिकने से परेशान विभाग ने अब तय किया है कि ये मदिरा दुकानें अपने मूल आरक्षित मूल्य से 45 प्रतिशत कम तक की कीमतों पर बेची जा सकेंगी। आबकारी विभाग द्वारा जारी नए निर्देश के अनुसार इन वाइन शॉप के लिए अब 22वें राउंड की नीलामी ई-टेंडर के जरिए होगी। विभाग ने साफ किया है कि 21वें चरण में जिन दुकानों के लिए आरक्षित मूल्य के 40 फीसदी से नीचे के ऑफर मिले थे, उन्हें अब 22वें चरण में फिर से ई-टेंडर में शामिल किया जाएगा।

### ठेकेदारों को लुभाने के लिए नई गाइडलाइन

विभाग ने अपनी नई गाइडलाइन में ऑफसेट प्राइज आरक्षित मूल्य से अधिकतम 45 प्रतिशत नीचे तक रखने की अनुमति दे दी गई है। यानी अब ठेकेदार इन वाइन शॉप के लिए आरक्षित मूल्य के 55 प्रतिशत रकम से बोली लगा सकेंगे। ई-टेंडर के जरिए केवल सिंगल दुकानों की नीलामी होगी ताकि छोटे ठेकेदार भी इसमें रुचि ले सकें। विभाग ने साफ कर दिया है कि इन दुकानों को केवल ई-टेंडर के जरिए बेचा जाएगा और कोई खुली नीलामी (ऑक्शन) नहीं की जाएगी। विभाग इस दौर में उन ठेकेदारों को भी शामिल करेगा जिन्होंने पिछले राउंड में आरक्षित मूल्य से 40 प्रतिशत से नीचे के ऑफर दिए थे, जिन्हें विभाग ने होल्ड पर रख दिया था। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इन ठेकेदारों को अब दोबारा बयाना राशि भी जमा करने की जरूरत नहीं होगी। ये टेंडर शुक्रवार को ओपन होंगे।

# राजगढ़ में फिर अफसरों पर उखड़े विधायक, अफसरों के हटने पर ही सार्वजनिक कार्यक्रमों में जाने का ऐलान

## अस्पताल में ओटी के लोकार्पण में नहीं बुलाने पर नाराज, सीएम तक पहुंची शिकायत

**जागरण, राजगढ़।** राजगढ़ जिले में एक बार फिर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच तनातनी गर्मा गई है। भाजपा विधायक अमर सिंह यादव जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से बुरी तरह नाराज हो गए हैं। उन्होंने खुले तौर पर ऐलान कर दिया है कि जब तक दोषी अफसरों को हटा नहीं दिया जाता, वे किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। अपनी नाराजगी वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक भी पहुंचा चुके हैं, लेकिन दो दिन बाद भी सत्ता और संगठन स्तर से कोई कार्रवाई न होने से उनकी नाराजगी बढ़ती जा रही है। भाजपा के राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव की नाराजगी जिला अस्पताल में माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर के लोकार्पण समारोह के दौरान सामने आई थी। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक यादव के साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष को भी न तो बुलाया गया था और न विधिवत सूचना ही भेजी गई थी। अपनी अनदेखी से तमतमाए विधायक यादव ने जिले के दो अधिकारियों के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया। उन्होंने अपने इस अपमान के लिए सीधे तौर पर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल और जिला खेल अधिकारी शर्मीला डाबर को जिम्मेदार बताया। विधायक ने मौके पर ही ऐलान कर दिया कि जब तक दोनों अधिकारियों को हटाया नहीं जाता अथवा निलंबित नहीं किया जाता, वे किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में नहीं जाएंगे। विधायक के इस ऐलान से प्रशासनिक और सियासी हलकों में हलचल तेज हो गई है। अपनी अनदेखी से नाराज विधायक यादव ने पूरे मामले



### आपसी खींचतान भी सामने आई

विधायक और अधिकारियों के बीच तनातनी के बीच भाजपा में आपसी खींचतान भी सामने आ गई है। विधायक यादव की नाराजगी इस बात से भी है कि राज्यमंत्री गौतम टेटवाल की मौजूदगी में उनका अपमान किया गया। राज्यमंत्री ने इस पर आपत्ति भी नहीं की। वहीं अब दोषी अधिकारियों को बचाने के आरोप भी राज्यमंत्री पर लगने से आपसी खींचतान को लेकर चर्चाएं गरम हैं। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू के अलावा जिले के भाजपा पदाधिकारियों को भी कार्यक्रम से दूर रखने विधायक की नाराजगी को समर्थन मिल रहा है।

### यह भी लगाए आरोप

विधायक ने दोनों महिला अधिकारियों के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलते हुए कहाकि अस्पताल सेवा का स्थान होता है, लेकिन कुछ लोगों ने इसे अड्डा बना रखा है। गलत तरीके से खरीदी हो रही है, फर्जी बिल लगाए जा रहे हैं, जिला अस्पताल में गलत तरीके से कैंटीन दे दिया गया। ऐसे कई मामले हैं, जिनकी मैं पूरी जांच करवाऊंगा।

### कलेक्टर से नाराज थे सांसद

राजगढ़ जिले में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच विवाद का यह कोई नया मामला नहीं है। पंचायत स्तरों पर तो विवाद सामने आते ही रहते हैं। सांसद और कलेक्टर के बीच भी खासी तनातनी हो चुकी है। जब जनवरी में तत्कालीन कलेक्टर निधि निवेदिता ने सांसद रोडमल नागर की रैली को अनुमति देने से मना कर दिया था। कलेक्टर ने इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ते हुए सांसद की रैली रोकने के लिए धारा 144 तक लगा दी थी।

**बैठक**

देश की पहली भोपाल नगर निगम जहां सर्वसम्मति से पास हुआ नारी शक्ति वंदन अधिनियम

# नारी शक्ति का वंदन करने निगम में एक मत हुईं महापौर और नेता प्रतिपक्ष

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** नगर निगम भोपाल देश की पहली नगर निगम बन गई है, जहां पर सबसे पहले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समर्थन देने के लिए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया है। गुरुवार को नगर निगम के आईएसबीटी स्थित मुख्यालय के परिषद सभागार में आयोजित बैठक के दौरान इस अधिनियम के समर्थन में आए प्रस्ताव को पास कराते हुए भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों के साथ ही महापौर मालती राय और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने एक मत से इसे पास किया। हालांकि राज्य के सभी नगरीय निकायों में महिलाओं को पहले ही 50 फीसदी का आरक्षण प्राप्त है। बता दें कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समर्थन देने के लिए विशेष पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत परिषदों में विशेष बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस अधिनियम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान है। जबकि मध्य प्रदेश के आधे से अधिक निकायों में महिलाएं ही आम लोगों का नेतृत्व कर रही हैं। नगर निगम भोपाल में भी दो महत्वपूर्ण पद महापौर और नेता प्रतिपक्ष पर महिलाएं ही काबिज हैं। प्रस्ताव के पारित होते ही नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बैठक को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया।



### बाबा साहब की जयंती पर आयोजित हुई बैठक

परिषद सभागार में नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की अध्यक्षता में सुबह करीब सवा ग्यारह बजे परिषद बैठक की शुरुआत हुई। डॉ. भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित बैठक के अवसर पर महापौर मालती राय, परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी सहित भाजपा कांग्रेस के पार्षदों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक की शुरुआत की। इसके बाद परिषद अध्यक्ष ने सदन की कार्रवाई शुरुआत की। इस दौरान सभी पार्षद इस अधिनियम के समर्थन में नजर आए।

### महिलाओं ने इसे बताया ऐतिहासिक निर्णय

भाजपा की पार्षद सुषमा बावीसा ने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए यह ऐतिहासिक निर्णय है। महिलाओं को सशक्त नेतृत्व मिल रहा है। उनके बाद गौरी पाठक, प्रियंका मिश्रा, पूजा शर्मा, विनीता सोनी, स्नेहलता रघुवंशी, ममता विश्वकर्मा, बबीता ढोंगरे, आरती अनेजा, ज्योति मिश्रा, शिरोमणि शर्मा, अर्चना परमार, उर्मिला मौर्य, छाया ठाकुर, कुसुम चतुर्वेदी, रीता विश्वकर्मा, शिखा गोयल, शीला पाटीदार, सरोज ने भी अधिनियम का समर्थन करते हुए अपना पक्ष रखा।

### सरवर बोले खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी

बैठक में कांग्रेस के पार्षद मोहम्मद सरवर ने महिलाओं के सम्मान में बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी, वो तो झांसी वाली रानी थी पंक्तियां पढ़ीं तो सदर में तालियां की गड़गड़ाहट गूंज उठी। इस दौरान भाजपा व कांग्रेस के पार्षदों में एकता देखने को मिली। सरवर ने इस अधिनियम को यादगार बताते हुए कहा कि वे चार बार परिषद सदस्य रहे हैं, लेकिन पहली बार महिलाओं के सम्मान की बात हो रही है। उन्होंने अधिनियम का समर्थन करते हुए कहा कि महिलाओं को यह सम्मान मिलना ही चाहिए। कांग्रेस की ओर से शीरीन खान, योगेंद्र सिंह चौहान ने भी समर्थन में अपना पक्ष रखा। नेता प्रतिपक्ष ने अधिनियम का समर्थन करते हुए महिलाओं की सुरक्षा, रोजगार, कौशल विकास व अन्य मामलों पर इस अधिनियम में प्रावधान किए जाने का सुझाव दिया। नेता प्रतिपक्ष के सुझावों की प्रशंसा महापौर मालती राय, एमआईसी सदस्यों और भाजपा पार्षदों ने तालियों की गड़गड़ाहट से की।

> महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण केवल एक मुद्दा नहीं बल्कि सबकी जिम्मेदारी है। हर महिला अपने आप को सुरक्षित महसूस करे, उसे शिक्षा और रोजगार के मौके मिलें यही सशक्तिकरण है।
>
> ■ **मालती राय,** महापौर भोपाल

# गैर एसएएस अफसर नहीं बन पाएंगे आईएएस

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में एक बार फिर से गैर राजपत्रित अधिकारियों का आईएएस बनने का सपना पूरा नहीं हो सकेगा। राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के विरोध की वजह से ऐसा नहीं हो पा रहा है। ऐसे में 13 एसएएस अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा कैडर अवार्ड होगा। जानकारी के अनुसार राज्य प्रशासनिक सेवा के 13 पदों के लिए जल्द ही डीपीसी होगी। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा यूपीपीएससी के पास 39 अधिकारियों के नामों का पैनल भेजने की तैयारी की जा रही है,यानि कि डीपीसी एक पद के लिए 3 नामों पर मंथन करेगी।

**13 आईएएस पदों के लिए होगी डीपीसी, जीडीए ने तैयार की 39 नामों की सूची**

**पैनल में इन अधिकारियों के नाम:** जीएडी द्वारा आईएएस अवार्ड के लिए जिन राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का पैनल तैयार किया गया है,उनमें जयेंद्र कुमार विजयवर्गीय, मनोज मालवीय,कमल चंद्र नागर,मिनिषा पांडेय, इला तिवारी,सपना एम.लोवंशी,नीता राठौर,शैलेंद्र सिंह सोलंकी, रानी पासी, रंजना देवड़ा, माधवी नागेंद्र,वर्षा सोलंकी, प्रियंका गोयल,अभिषेक दुबे,नरोत्तम प्रसाद भार्गव, निधि सिंह राजपूत, निमिषा जायसवाल,संदीप कुमार सोनी, रिकिश कुमार वैश्य, माया अवस्थी,भूपेन्द्र कुमार गोयल,विवेक कुमार रघुवंशी, प्रदीप जैन, अखिलेश कुमार जैन,डॉ. अभय सिंह खरारी, रजनीश कसेरा, एकता जायसवाल,हृदेयश कुमार श्रीवास्तव, लता शरणागत,महीप किशोर तेजस्वी,मिलिंद कुमार नागदेवे, राजकुमार खत्री, कृष्ण कुमार रावत,डॉ. इच्छित गढ़पाले, विशाल चौहान, मेहताब सिंह गुर्जर, अतेंद्र सिंह गुर्जर, सुरभि तिवारी और वंदना मेहरा के नाम बताए गए है।

वर्ष 69 ▸ अंक 198 ▸ पृष्ठ 12

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

भोपाल, शुक्रवार 17 अप्रैल, 2026 ▸ वैशाख कृष्ण पक्ष 15, विक्रम संवत् 2083 ▸ महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# पश्चिम बंगाल चुनावः ट्रिब्यूनल में अपील मंजूर तो डाल सकेंगे वोट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि जिन मतदाताओं का नाम वोटिंग से 2 दिन पहले तक सप्लीमेंट्री लिस्ट में जुड़ जाता है, वे मतदान कर सकेंगे। पश्चिम बंगाल में मतदान दो चरणों में होगा। पहले चरण में 23 अप्रैल और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। कोर्ट ने ट्रिब्यूनल को निर्देश दिया कि पहले चरण के लिए 21 अप्रैल तक अपीलों का निपटारा करें और दूसरे चरण के लिए 27 अप्रैल तक फैसले लें।

गौरतलब है कि चुनाव आयोग द्वारा चलाए गए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) अभियान में 90.83 लाख वोटर्स के नाम हटाए गए। इससे कुल वोटर संख्या में करीब 11.85 फीसदी की कमी आई।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश



चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह निर्देश दिए-

- जिन वोटर्स की आपत्ति अभी ट्रिब्यूनल में लंबित है, वे वोट नहीं डाल सकेंगे
- ट्रिब्यूनल द्वारा नाम जोड़ने का आदेश मिलते ही इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर तुरंत लिस्ट अपडेट करेंगे
- नई सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी की जाएगी

### ट्रिब्यूनल पर भारी बोझ

- 19 ट्रिब्यूनल के सामने 34 लाख से ज्यादा अपीलें लंबित
- ये ट्रिब्यूनल रिटायर्ड हाईकोर्ट जजों की अगुवाई में बनाए गए हैं

### कोर्ट ने कहा

ट्रिब्यूनल पर ज्यादा बोझ नहीं डालना चाहिए, लेकिन मजबूत अपील व्यवस्था जरूरी है ताकि असली वोटर्स का अधिकार सुरक्षित रहे

### कोर्ट की चिंताः चुनाव नतीजों पर असर

सुप्रीम कोर्ट ने चेताया कि अगर बड़ी संख्या में वोटर्स बाहर रह जाते हैं और चुनाव का अंतर कम होता है तो नतीजों की वैधता पर सवाल उठ सकते हैं।

- सत्ताधारी दल ने आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में वोटर्स को बाहर किया गया
- चुनाव आयोग का कहना है कि यह प्रक्रिया निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी है
- टीएमसी नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने चुनाव आयोग पर बैठक में खराब व्यवहार का आरोप लगाया, जबकि आयोग के सूत्रों ने इसे खारिज किया।

### सीमांत क्षेत्रों में ज्यादा नाम कटे

- बांग्लादेश सीमा से लगे जिलों में ज्यादा नाम हटे
- नॉर्थ 24 परगना जैसे जिलों में बड़ी संख्या में वोटर्स सूची से बाहर किए गए।

## कॉमेडियन अनुदीप प्रयागराज में गिरफ्तार

### पवन पर की थी टिप्पणी

**प्रयागराज/ काकीनाडा, जेएनएन।** दक्षिण भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन अनुदीप कटिकला को आंध्र प्रदेश पुलिस ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम उन्हें ट्रेन के जरिए आंध्र प्रदेश के काकीनाडा ले गई।



बताया जा रहा है कि वे अपने परिवार से मिलने प्रयागराज आए हुए थे। अनुदीप पर आरोप है कि उन्होंने अपने एक स्टैंड-अप शो में पवन कल्याण की तीन शादियों पर मजाक किया और उनकी भतीजी निहारिका कोनिडेला के तलाक को लेकर भी टिप्पणी की। कॉमेडियन ने कथित तौर पर कहा था कि ऐसे मामलों में निहारिका अपने चाचा पवन कल्याण से सलाह ले सकती हैं। निहारिका का 2023 में तलाक हो चुका है, इसस टिप्पणी पर विवाद बढ़ गया।

### राज्य स्तरीय जनजातीय उप योजना कार्यशाला का किया शुभारंभ

## प्रदेश की जनजातीय बसाहटों में किया जाएगा सौर ऊर्जा का विस्तारः सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश जनजातियों का घर कहा जाता है, ऐसे में सरकार इस वर्ग के सर्वांगीण विकास को लेकर लगातार काम कर रही है। सरकार ने 21 प्रतिशत से अधिक जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए कई तरह की योजनाएं प्रारंभ की है। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा का जनजातीय बसाहटों में प्राथमिकता के साथ विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को राज्य स्तरीय जनजातीय उप योजना कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी समुदायों के आत्मीय संबंध विकसित हों, इस दिशा में भी राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। कार्यशाला में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, ग्राम सभा आधारित विकास और आजीविका, अधोसंरचना, संस्कृति, सामाजिक क्षेत्र, जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनजातीय वर्ग के लिए बेहतर जीवन का खाका खींचा जा सकेगा।



### सुविधाओं का मानचित्र तहसील वार हो

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि वर्तमान समय जनजातीय विकास का स्वर्ण काल कहा जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनजातीय विकास की अभूतपूर्व योजनाएं, प्रधानमंत्री जनमन, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान आदि के अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। इनके लिए पर्याप्त बजट का भी प्रावधान किया गया है। आवश्यकता जनजातीय समुदाय के लिए अच्छा काम करने के मनोभाव और संवेदना की है।






## संक्षिप्त खबरें

### आईईएस पब्लिक स्कूल के सीबीएसई 10वीं बोर्ड का रिजल्ट सतप्रतिशत



**भोपाल।** आईईएसपब्लिक स्कूल भोपाल शहर का सबसे बेहतरीन स्कूल में जाना जाता है। सफलता केवल परिणाम पर निर्भर नहीं करती आज की तेज गति वाली दुनिया में केवल स्व-प्रेरित बच्चे ही उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। आईईएस पब्लिक स्कूल इस बात की गवाही देता है कि लगातार कड़ी मेहनत के साथ समर्पण सफलता के मार्ग की प्रशंसा करता है साथ ही उपलब्धि आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को बढाता है। आईईएस पब्लिक स्कूल के सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत छात्रों ने फस्ट डिविजन हासिल किया वहीं नम्रता सक्सेना ने 98.2 प्रतिशत (गणित 100/100) अंक हस्सिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वयं खंडेलवाल ने 97.6 प्रतिशत विज्ञान (100/100), प्रखर दुबे ने 97 प्रतिशत (आईटी-100/100), अक्षत पंवार - 97 प्रतिशत पुरंजय पारासर ने 96.8 प्रतिशत (आईटी 100/100), इनाक्षी गुप्ता ने 96 प्रतिशत (संस्कृत -100/100) अंक हासिल कर संस्था का गौरव बढ़ाया।

### सागर विद्या निकेतन में एक्स, एक्स-11 बोर्ड के 100 प्रतिशत डिस्टिंक्शन



**भोपाल।** सागर विद्या निकेतन में यह सिर्फ नतीजों का दिन नहीं था-यह उत्कृष्टता, अवसरों और बदले हुए भविष्य का जश्न था। स्कूल ने मप्र बोर्ड 2025-26 में कक्षा एक्स और एक्स-11 दोनों में 100 प्रतिशत डिस्टिंक्शन हासिल किया, लेकिन इन शानदार अंकों के पीछे एक गहरी सफलता की कहानी छिपी थी। शिक्षा की वह शक्ति जो हर बच्चे तक पहुंचाई गई। सालों से, सागर विद्या निकेतन वंचित छात्रों को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है, यह सुनिश्चित करते हुए कि आर्थिक तंगी कभी भी सीखने में बाधा न बने। इस साल के शानदार नतीजे न केवल शैक्षणिक प्रतिभा को दर्शाते हैं, बल्कि उस स्कूल के प्रभाव को भी दिखाते हैं जो मानता है कि सही सहयोग मिलने पर हर घर में प्रतिभा मौजूद होती है। कक्षा एक्स में, तीन छात्रों ने गणित में 100 अंक हासिल किए, जबकि अंग्रेज़ी, हिंदी, संस्कृत और विज्ञान में 99 अंक दर्ज किए गए। कक्षा ङ्ग की इशिका श्रीवास्तव और दिशा तिवारी ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किए, स्कूल में टॉप किया और 10वीं रैंक के साथ राज्य मेरिट लिस्ट में जगह बनाई।

### चेक्यू और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने को-ब्रांडेड एलईडी क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया



**भोपाल।** भारत के अग्रणी क्रेडिट मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म चेक्यू ने आज एयू मॉल फाइनेंस बैंक भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ साझेदारी में क्रेडिट कार्ड के लॉन्च की घोषणा की। यह अपनी तरह का पहला को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसका उद्देश्य पेमेंट को आसान बनाना, रिवॉर्ड्स को अधिकतम करना और भारत की बदलती खर्च करने की आदतों के अनुरूप एक समग्र क्रेडिट अनुभव प्रदान करना है। यह क्रेडिट कार्ड इश्यूअंस इकोसिस्टम में प्रवेश का प्रतीक है, जो इसे केवल क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट प्लेटफॉर्म से आगे बढ़ाकर कार्ड इश्यूअंस और रिवॉर्ड्स-ड्रिवन कॉमर्स की ओर ले जाता है।

### सेंट माइकल का रिजल्ट शत प्रतिशत

**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल सेंट माइकल स्कूल का दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। स्कूल से मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड गई। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के प्रिंसिपल हिबा शकील ने बताया कि स्कूल के 10वीं के छात्र लक्ष्य पंवार और 12वीं की छात्रा हनीश रियाज ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है जो पिछले साल से काफी अच्छा रहा। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।



### स्वास्थ्य विभाग में चतुर्थ श्रेणी के 18 हजार पदों पर काम कर रहे आउटसोर्स कर्मी

# कोर्ट ने कहा न्यूनतम वेतन दो, भोपाल सहित कई जिलों में महीनों से कर्मचारी खाली हाथ

### एनएचएम के अधीन 30 हजार आउटसोर्स कर्मियों की यही हालत

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मप्र हाइकोर्ट ने दो दिन पहले एक अहम मामले की सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया है कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी आउटसोर्स व संविदा कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन उपलब्ध कराए। कोर्ट ने अपने निर्णय में और भी निर्देश दिए हैं। हमने जब इस फैसले के अंतर्गत राज्य सरकार के आउटसोर्स कर्मचारियों से बात की तो पता चला कि स्वास्थ्य विभाग में हजारों कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्हें महीनों से वेतन नहीं मिला है। जिला अस्पताल से लेकर डॉट सेंटर और एनएचएम के कई प्रोग्राम में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को ठेका कंपनी के द्वारा समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है। आउटसोर्स कर्मचारी संगठनों द्वारा इस मामले में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल व स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है, लेकिन कोई इस व्यवस्था में कोई सुधार नहीं आया।

**सीएमएचओ-सिविल सर्जन को नहीं पहुंचा बजट:** आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन न मिलने की बड़ी वजह संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा बजट जारी न करना बताया जा रहा है। मध्य प्रदेश संविदा आउटसोर्स कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों की स्थिति बहुत दयनीय है। कई जिले ऐसे हैं, जहां महीनों से वेतन नहीं मिला है। भोपाल में दो महीने हो गए, लेकिन वेतन नहीं दिया गया है। जब कभी भी कर्मचारी वेतन की मांग करते हैं तो उन्हें नौकरी से हटाने की धमकी दी जाती है। हमारे द्वारा इस मामले को लेकर हमेशा सबसे पहले सीएमएचओ व जिला अस्पताल के सिविल सर्जन से चर्चा की जाती है, तो हमें बताया जाता है कि संचालनालय से बजट जारी नहीं हुआ है।

#### नए श्रम कानून क्या कहते हैं

- हर महीने की सात तारीख तक वेतन दिया जाए
- 62 वर्ष की उम्र तक नौकरी से न निकाला जाए
- सामाजिक सुरक्षा व पेंशन की व्यवस्था की जाए।
- प्रत्येक कर्मचारी को ऑफर लेटर दिया जाए।
- एक साल ही नौकरी पर ग्रेज्यूटी का लाभ दिया जाए।

### प्रदेश में तेज हुई निगम मंडल गठन की मांग

प्रदेश के पांच लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए आउटसोर्स कॉरपोरेशन गठन की मांग तेज हो गई है। कई कर्मचारी संगठन अब इस मुद्दे को लेकर बड़ा आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। संगठनों का कहना है कि उत्तर प्रदेश व हरियाणा की तर्ज पर मप्र में भी ऑउटसोर्स सर्विस कॉरपोरेशन का गठन होना चाहिए। इससे प्रदेश में ठेकेदारों की मनमानी पर अंकुश लग सकेगा।

हमने पूरी व्यवस्था बदल दी है, अब भोपाल जिले में सैडमेप ही आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन देगा। अगले महीने से किसी को परेशानी नहीं होगी।

■ **डॉ. मनीष शर्मा,** सीएमएचओ भोपाल

आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए कॉरपोरेशन का गठन होना चाहिए। उन्हें समय पर वेतन मिले, सामाजिक सुरक्षा व पेंशन मिले हम इसकी लड़ाई लड़ रहे हैं।

■ **राजन नायर,** प्रदेश मंत्री बीएमएस, ठेका आउटसोर्स प्रभारी सेल

### एक क्विंटल पर हो रही थी एक किलो अतिरिक्त गेहूं की तुलाई

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** गेहूं उपार्जन केंद्रों पर किसानों से निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं लिए जाने की शिकायतों के बीच गुरुवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मुगालिया कोट स्थित मां पीतांबरा वेयरहाउस पर जिला आपूर्ति विभाग के दल ने औचक निरीक्षण के दौरान तुलाई में हो रही गड़बड़ी को पकड़ा। इस दौरान सेवा सहकारी समिति तूमड़ा के केंद्र प्रभारी और समिति सदस्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि समिति द्वारा गेहूं की तुलाई कराई जा रही थी। इसी दौरान जांच दल ने मौके पर मौजूद किसान रमेश प्रजापति से पूछताछ की, तो पता चला कि केंद्र पर पिछले कई दिनों से प्रति क्विंटल गेहूं की तुलाई पर एक किलो अतिरिक्त गेहूं लिया जा रहा है। नोटिस जारी करने के पूर्व किसान रमेश प्रजापति के बयान भी दर्ज कर लिए गए। शिकायत की मौके पर पुष्टि होने के बाद केंद्र प्रभारी और समिति सदस्य नरेश के साथ-साथ मां पीतांबरा वेयरहाउसिंग को भी शो कॉज नोटिस जारी किया गया है।

**समिति प्रभारी को नोटिस**

#### खरीदा 2041 मीट्रिक टन गेहूं

इसके अलावा गुरुवार को जिले 92 उपार्जन केंद्रों पर कुल 4315 किसानों से 2041 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई। इस दौरान किसानों को 53.59 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाना है, जिसमें से 1.63 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया गया है। उपार्जित गेहूं में से 1461 मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन करवा दिया गया।

### एनडीपीएस मामलों की जांच पर दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**जागरण, भोपाल।** एनडीपीएस एक्ट के तहत जांच को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र में एडिशनल कमिश्नर मोनिका शुक्ला ने एंटी ड्रग ऑपरेशन और एनडीपीएस मामलों की जांच में सावधानी बरतने पर जोर देते हुए व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। डीआईजी लोकायुक्त मनोज कुमार सिंह ने एनडीपीएस मामलों के ट्रायल, साक्ष्य संकलन, गवाहों की भूमिका, सामान्य त्रुटियों और ई-साक्ष्य जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया। वहीं एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने ड्रग ट्रैफिकिंग, नशे के दुष्प्रभाव, डी-एडिक्शन और रिहैबिलिटेशन पर जानकारी साझा की। डीएसपी लोकायुक्त वीरेंद्र सिंह ने एनडीपीएस केस की जांच प्रक्रिया, सर्च ऑपरेशन, गिरफ्तारी, सैंपलिंग और केमिकल परीक्षण जैसे तकनीकी पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा एफएसएल विशेषज्ञ डॉ. लता त्रिपाठी ने विभिन्न प्रकार के ड्रग्स, उनकी पहचान और सिंथेटिक ड्रग्स से जुड़े पहलुओं पर प्रशिक्षित किया।



### रास्ते से गुजरते समय युवक ने किए अश्लील इशारे

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद में युवती के साथ अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पिता और उसके तीन बेटों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार 23 वर्षीय युवती ईदगाह हिल्स में रहती है। जो किराना दुकान संचालित करती है। जहां उसके घर के पास रहने वाला परवेज मियां और उसके तीन बेटे अक्सर रास्ते से गुजरते समय उस पर अश्लील इशारे कर अभद्र व्यवहार करते हैं। मोहल्ले की अन्य महिलाओं के साथ भी इसी तरह की हरकत करते थे। गुरुवार को वह मोहल्ले की रहने वाली अपनी मौसी के घर जा रही थी। जहां आरोपियों के घर के सामने से गुजरने पर परवेज ने उसे देखकर अश्लील इशारे किए है। विरोध करने पर उसके तीन बेटों ने मिलकर युवती के साथ बदसलूकी कर अश्लील हरकतें जारी रखी। बाद में पीड़िता और अन्य महिलाओं ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने परवेज मियां, शादाब, आसिफ और अरबाज के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### नेहरू नगर और बागसेवनिया सहित कई इलाकों में आज कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर के कई इलाकों में आज बिजली कटौती की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार आज लाइन मेंटेनेंस कार्य के चलते अयोध्या नगर स्थित जीवन धारा अस्पताल, देव माता अस्पताल, राजीव नगर बी एंड सी सेक्टर, टनाटन ढाबा और राधास्वामी सत्संग व खेजड़ा गांव व आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। वहीं मेट्रो कंस्ट्रक्शन कार्य के चलते पुलिस हाउसिंग सोसायटी, फोरेंसिक लैब, पुलिस रेडियो, गोमती कालोनी, मनीषा अस्पताल, नेहरू नगर शेड, आईआईएफएम, सहयाद्री कालोनी, वन विहार, सयाजी होटल व आसपास के इलाकों में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। लाइन मेंटिनेंस कार्य के चलते अहमदपुर, बागसेवनिया थाना, सुरेंद्र गार्डन, आदर्श नगर, शिव शक्ति नगर व आसपास की कालोनियां और इंद्रप्रस्थ, सनसिटी, इंद्र विहार, आदित्य एवेन्यु, हज हाउस, मनुआभान टेकरी, पंचवटी कालोनी, होटल निर्मल रेसिडेंसी और भोपाल गर्ल्स स्कूल व आसपास के इलाकों में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।



## बीच चौराहे पर खराब हुई लाल बस, लगा जाम

**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड द्वारा संचालित एक लाल बस अचानक से बीच चौराहे पर खराब हो गई, जिसे सुधारने के काम चालक और परिचालक द्वारा चौराहे पर ही किया गया। घटना बुधवार भारत टाकीज चौराहे की है। जानकारी अनुसार सिटी बस जो कि नादरा बस स्टैंड से आ रही थी, अचानक भारत टॉकीज चौराहे के पास आकर खराब हो गई। ड्राइवर द्वारा कई बार कोशिश की गई कि बस चालू हो जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अंत में बस कंडक्टर ने भी सवारियों को बस से उतार दिया और बस बीच सड़क पर ही खड़ी रही। ड्राइवर और कंडक्टर ने एक मेकेनिक की मदद से बस को चौराहे पर ही ठीक किया। इस काम में लगभग दो घंटे का समय लगा। जब तक बस में सुधार कार्य चलता रहा, चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रही। आने जाने वाले वाहन धीमी गति से यहां से गुजरते रहे। इस मामले में बीसीएलएल के अधिकारी मनोज राठौर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि लाल बसों को सुधारने की जिम्मेदारी बस आपरेटर की है। इसमें बीसीएलएल कोई काम नहीं करवाता। यदि कोई बस बीच सड़क पर खराब हो जाती है, तो पहले तो कोशिश की जाती है कि टोचन कर उसे गैरेज तक पहुंचाया जा सके, यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो अंत में ऑन स्पॉट पर बस को सुधारा जाता है। इस मामले में भी ऐसा ही हुआ होगा।

■ **बीच चौराहे पर खराब हुई लाल बस, लगा जाम**

■ **ड्राइवर-कंडक्टर वहीं सुधारने लगे**

### सहकारी समीतियों में 14 से चल रहा है सदस्यता महाअभियान

**भोपाल।** जिले में कार्यरत भोपाल को-ऑपरेटिव सेंट्रल बैंक लि. भोपाल से संबंद्ध बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. आदमपुर छावनी में मध्यप्रदेश शासन की योजना अंतर्गत सदस्यता महाअभियान का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम सहकारिता विभाग के संयुक्त आयुक्त केके द्विवेदी जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संयुक्त आयुक्त सहकारिता संभाग भोपाल द्वारा उपस्थित कृषकों को माननीय मुख्यमंत्री मप्र शासन एवं माननीय सहकारिता मंत्री मप्र शासन की मंशा जिसमें कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में दस लाख से अधिक नवीन सदस्य बनाकर उन्हे शासन की लाभकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के संबध में अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गीतेश लिल्होरे, विपणन अधिकारी, बैंक की शाखा आनन्द नगर एवं शाखा छोला रोड के शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक के साथ साथ समितियों के समिति प्रबंधक एवं कृषकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषकों को सहकारी समिति का सदस्य बनने प्रेरित किया जाकर समिति से प्राप्त होने वाली सुविधाओं जिनमें 0 ब्याज दर पर फसल ऋृण दिया जाएगा।

## चिकित्सा पेशेवरों को एम्स सिखा रहा दवाओं के दुष्प्रभाव की रिपोर्टिंग करना

**नगर संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल द्वारा बीते कई महीनों से दवाईयों के दुष्प्रभाव की रिपोर्टिंग करना सिखाया जा रहा है। यह कार्यक्रम भोपाल व आस पास के चिकित्सकों और अस्पतालों के लिए संचालित किया जा रहा है। एक दिन पहले भी संस्थान में 'फार्माकोविजिलेंस:क्लिनिकल सतर्कता और जिम्मेदार रिपोर्टिंग के माध्यम से मरीजों की सुरक्षा को सुदृढ़ करना' विषय पर 9वां सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 171 स्वास्थ्य पेशेवरों ने भाग लिया, जिनमें डॉक्टर, फार्मासिस्ट, नर्स, दंत चिकित्सक और स्नातकोत्तर विद्यार्थी शामिल थे। ये प्रतिभागी विभिन्न चिकित्सा, आयुष, फार्मेसी और दंत महाविद्यालयों तथा अस्पतालों से आए थे। कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य के बारे में डॉ. बालकृष्णन एस ने विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन स्वास्थ्य पेशेवरों को पेशेंट सेफ्टी चैंपियन के रूप में सम्मानित किया गया, जिन्होंने दवाओं के प्रतिकूल प्रभावों की रिपोर्टिंग में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में डॉ. भावना ने फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम की आवश्यकता और कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। डॉ. शुभम अटल ने दवा के दुष्प्रभावों की रिपोर्टिंग के तरीकों को समझाया और मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से इसकी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। डॉ. रतिंदर झा ने प्रतिकूल घटनाओं के कारण विश्लेषण की जानकारी दी और प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया। हाई रिस्क गर्भवती का रेफरल रिकार्ड हर हाल में तैयार कर उसे संबंधित अस्पताल से साझा करो।

### मातृ मृत्यु के कारणों की जांच के लिए हुई समीक्षा बैठक

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मातृ मृत्यु प्रकरणों की विस्तृत पड़ताल के लिए जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में मातृ मृत्यु समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिले में हुई विभिन्न मैटरनल डेथ के चिकित्सकीय कारणों की पड़ताल की गई। बैठक में क्षेत्रीय संचालक डॉ नीरा चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूनम श्रीवास्तव, फोग्सी अध्यक्ष डॉ आभा जैन सहित स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं विभिन्न अस्पतालों के चिकित्सक शामिल हुए। बैठक में क्लीनिकल डायग्नोसिस, सोनोग्राफी, पैथोलॉजी जांच, हाईरिस्क फैक्टर के आधार पर मृत्यु के प्रकरणों की गहन जांच की गई। साथ ही चिकित्सा देने वाले डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया गया। बैठक में सीएमएचओ ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं की सभी जांच, पंजीयन, हाई रिस्क चिन्हांकन, रेफरल, उपचार को पूरी गंभीरता के साथ किया जाए । उपचार एवं रेफरल के सभी दस्तावेज पूरी तरह से भरकर संस्था में संधारित किए जाएं। गर्भवती महिलाओं की देखभाल में लापरवाही या मृत्यु होने पर संबंधितों पर जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक के दौरान डॉ. शर्मा ने कहा कि इन प्रकरणों की तुरंत सूचना एवं आवश्यक प्रबन्धन के लिए सभी डिलीवरी पॉइंट्स का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए। महिला को दूसरे अस्पताल में रेफर करना आवश्यक होने पर इसकी पूर्व सूचना संबंधित अस्पताल को देकर ही रेफरल किया जाए। रेफरल पश्चात भी महिला का निरंतर फॉलोअप किया जाए। रेफरल 108 एंबुलेंस के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए।



### भारतीय स्टेट बैंक ने डॉ. अंबेडकर की जयंती मनाई




**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक भोपाल सर्किल द्वारा दिनांक 14 अप्रैल 2026 को स्थानीय प्रधान कार्यालय ऑडिटोरियम में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रच्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल सर्किल, सेवा के महासचिव श्री दिनेश कुमार खसारिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने बाबा साहेब के प्रमुख योगदानों की चर्चा करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए उनके प्रयासों के बारे में बताया। मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रभाष कुमार सुबुद्धि ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के विचारों-समानता, एकता, आत्मसम्मान एवं नैतिकता-को बैंकिंग कार्य संस्कृति में अपनाने पर बल दिया तथा बैंक की सामाजिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

### 15 दिवसीय अभिनय कार्यशाला की शुरुआत

## पहले दिन प्रतिभागियों ने स्वयं को समझने की कोशिश की

**जागरण, भोपाल।** द राइजगिं सोसायटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर द्वारा 16 अप्रैल से 15 दिवसीय अभिनय कार्यशाला की शुरुआत की गई। यह कार्यशाला खासतौर पर नए कलाकारों को मंच देने और उनकी अभिनय क्षमता को निखारने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। प्रशिक्षण टीटी नगर स्थित कालीबाड़ी परिसर में प्रतिदिन शाम 6 से 8 बजे तक होगा। कार्यशाला का संचालन प्रख्यात रंगकर्मी प्रीति झा तिवारी कर रही हैं, जिन्हें रंगमंच का तीन दशक से अधिक का अनुभव है। पहले दिन प्रतिभागियों ने स्वयं को समझने से शुरुआत की। उन्हें अपनी पहचान को दूसरे के नजरिए से व्यक्त करने का अभ्यास कराया गया, ताकि वे पात्रों को गहराई से समझ सकें। सत्र में वॉइस मॉड्यूलेशन, बॉडी लैंग्वेज, स्पीच, इम्प्रोवाइजेशन और स्टोरी टेलिंग के प्रारंभिक अभ्यास भी कराए गए। आगामी सत्रों में अभिनय की विभिन्न तकनीकों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि अंत में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुति भी दी जाएगी।



## नृत्य रंजिनी में भाव, भक्ति और ताल का संगम

### रवीन्द्र भवन के मंच पर सजी शास्त्रीय नृत्य की सधी हुई अभिव्यक्ति

**जागरण, भोपाल।** रवीन्द्र भवन में आयोजित 'नृत्य रंजिनी 2026' में पद्मरंग नृत्य अकादमी की छात्राओं ने भरतनाट्यम की सजीव प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को खास बना दिया। आयोजन की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसमें नवप्रवेशी छात्राओं ने सरल भावों के साथ अपनी प्रस्तुति दी। इसके बाद पुष्पांजलि में नृत्यांगनाओं ने गुरु, मंच और दर्शकों के प्रति आदर व्यक्त किया। जतिस्वरम् में ताल-लय की जटिलता और संतुलन का सुंदर मेल देखने को मिला, जबकि मंगलम् ने पूरे वातावरण में शांति का भाव उत्पन्न किया। गणेश वंदना में भाव और भक्ति का संतुलित प्रदर्शन रहा। अंत में सभी छात्राओं की सामूहिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को प्रभावशाली समापन दिया।




#### कृष्ण की लीलाओं ने रचा आध्यात्मिक वातावरण

'मधुराष्टकम' पर आधारित नृत्य में श्रीकृष्ण के विभिन्न रूपों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। बाल कृष्ण की चंचल लीलाओं से लेकर गोवर्धन धारण और द्रौपदी की रक्षा जैसे प्रसंगों ने प्रस्तुति को विविध आयाम दिए। कुरुक्षेत्र में अर्जुन को दिए गए उपदेश को भी प्रभावी ढंग से मंचित किया गया, जिससे प्रस्तुति को दार्शनिक गहराई मिली। पूरी प्रस्तुति में मधुरता और भावों की निरंतरता बनी रही।

#### राम और शिव के रूपों में दिखी भक्ति की अभिव्यक्ति

'श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन' पर आधारित नृत्य में भगवान राम के अयोध्या लौटने के प्रसंग को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया। दीपों से सजी नगरी और लोगों के उत्साह को नृत्य के माध्यम से जीवंत किया गया। इसके साथ ही शिव के नटराज स्वरूप की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और व्यापक आयाम दिया। जटाओं से बहती गंगा और भस्म-विभूषित रूप को प्रभावी ढंग से उकेरा गया। पूरी प्रस्तुति में भक्ति, भाव और समर्पण का संतुलित प्रदर्शन देखने को मिला।

**राजधानी का तापमान/मौसम**
अधिकतम 39.6°c न्यूनतम 22.2°c
राजधानी में सर्दी का मौसम खत्म हो रहा है। तापमान बढ़ने की संभावना है

## नगर में आज

**'थियेट्रिक्स-30'**
▸▸ **स्थान:** शाम 5 बजे से 8:30
▸▸ **समय:** आरुषि इंडिया, भोपाल

**स्मृति नवीन**
▸▸ **स्थान:** दुष्यन्त संग्रहालय
▸▸ **समय:** शाम 5:30 बजे से

**'माह का प्रादर्श'**
▸▸ **स्थान:** मानव संग्रहालय
▸▸ **समय:** दोपहर 12 बजे से

**बाग उत्सव**
▸▸ **स्थान:** गौहर महल
▸▸ **समय:** दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक

**72 शलाका चित्र प्रर्दशनी**
▸▸ **स्थान:** लिखन्दरा दीर्घा, जनजातीय संग्रहालय
▸▸ **समय:** दोपहर 12 बजे से

# ड्राइव-इन प्लेट फार्म पर अब मेट्रो का जंप, जालियां लांघकर पहुंच रहे यात्री

▸▸ भोपाल स्टेशन प्लेटफार्म के प्लेटफार्म-6 पर बमुश्किल पहुंच रहे लोग ▸▸ रोज 30 हजार यात्री करते हैं इस्तेमाल

**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर इन दिनों अव्यवस्थाओं का आलम है। स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर छह मेट्रो कार्य के चलते पूरी तरह से बाधित है। यहां प्लेटफार्म पर ट्रेनों का आवागमन तो जारी है, लेकिन इस प्लेटफार्म पर पहुंचने के लिए यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी अनुसार अल्पना तिराहे के पास मेट्रो का काम चल रहा है, इसके आगे ईरानी डेरे पर मेट्रो स्टेशन का काम चल रहा है, इसके अलावा इस क्षेत्र में मेट्रो अंडर ग्राउंड रहेगी। इसी काम के लिए टीबीएम मशीन चलाई जा रही है। इन सब कारणों के चलते प्लेटफार्म नंबर छह पर यात्रियों का पहुंचना मुश्किल हो गया है। वर्तमान यात्रियों के लिए सिर्फ नई बिल्डिंग से रास्ता बचा है, शेष सभी रास्ते ब्लॉक हैं। नई बिल्डिंग में सीमित जगह होने के कारण एक साथ कई यात्री यहां से नहीं गुजर सकते। इसलिए कई यात्रियों की ट्रेन छूट रही है।

### प्लेटफार्म 1 पर बढ़ा दबाव

मेट्रो निर्माण कार्य के चलते प्लेटफॉर्म-6 की ओर पहुंच मार्ग लगभग बाधित हो गया है, जिस कारण अधिकांश यात्री अब प्लेटफॉर्म-1 की ओर से ही स्टेशन पहुंच रहे हैं। इससे प्लेटफॉर्म-1 पर यात्रियों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थिति यह है कि स्टेशन के बाहर सड़क पर जाम के हालात बनने लगे हैं, खासतौर पर सुबह और शाम के पीक टाइम में परेशानी और बढ़ जाती है। ट्रेनों की आवाजाही बढ़ने के दौरान बड़ी संख्या में वाहन एक साथ स्टेशन पहुंचते हैं, जिससे सड़क पर लंबी कतारें लग जाती हैं और यात्रियों को समय पर स्टेशन पहुंचने में दिक्कत होती है। एक ओर का रास्ता प्रभावित होने से पूरी व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। प्लेटफॉर्म-6 की ओर वाहन नहीं पहुंच पाने के कारण यात्रियों को मजबूरी में प्लेटफॉर्म-1 का उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे वहां भीड़ बढ़ रही है।



होटल रेड सी प्लाजा के पीछे से यात्री प्लेट फार्म पर जाने के लिए जालियां लांघ रहे हैं। अन्य प्लेट फार्म पर पहुंचने के लिए ट्रेक भी पार कर रहे हैं।

### सकरा रास्ता, रेलवे ने लगाई जाली

ड्रॉप एंड गो जोन में वाहन खड़े रहने से आवाजाही प्रभावित हो रही है। यह जोन केवल यात्रियों को उतारने और तुरंत आगे बढ़ने के लिए बनाया गया है, लेकिन नियमों का पालन नहीं होने से अंदर भी अव्यवस्था बनी हुई है। यात्रियों का कहना है कि कई बार उन्हें जाम में फंसकर ट्रेन छूटने का डर बना रहता है। खासतौर पर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को अधिक परेशानी हो रही है। रेलवे ने सुरक्षा की दृष्टि से अधिकांश हिस्से में लोहे की जालियां लगा दी हैं। लेकिन यात्री इन जालियों को लांगकर प्लेटफार्म पर पहुंच रहे हैं।

### मेट्रो काम में लगेगा और समय

मेट्रो प्रबंधन से मिली जानकारी अनुसार अल्पना तिराहा, प्लेटफार्म नंबर 6 की ओर चल रहे कार्य को पूरा होने में अभी और समय लगेगा। वर्तमान में यहां अंडरग्राउंड खुदाई चल रही है, इस काम में टीबीएम का उपयोग किया जा रहा है। इससे भी यहां लोगों को परेशानी हो रही है। यहां स्थित होटल की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

> रास्ता बंद करने जैसी खबर गलत है, सुरक्षा की दृष्टि से कुछ परिवर्तन किए गए हैं, लेकिन यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा गया है।
>
> ■ **नवल अग्रवाल**, प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी भोपाल रेल मंडल

हमारे कर्मचारियों की मेहनत-लगन छिपी नहीं

# कोरोना व एसआईआर में दिखा था उनका जज्बा

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** हमारे कर्मचारियों के कामकाज करने का जज्बा किसी से भी छिपा नहीं है। कोरोना काल और एसआईआर के दौरान हमने कर्मचारियों को दिन रात काम करते हुए देखा। जहां यूरोप में काम खत्म होने के एक मिनट बाद ही कर्मचारी फोन उठाना बंद कर देते हैं, लेकिन हमारे कर्मचारी हर समय उपलब्ध रहते हैं और कई बार रात बेरात भी काम काज चलता रहता है। यह बात गुरुवार को भोपाल के नवागत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कही। कामकाज संभालने के बाद वे आम लोगों सहित मीडिया से पहली बार मुलाकात कर रहे थे। इस दौरान उनसे किसी ने पूछा लिया कि कलेक्ट्रेट में कर्मचारी समय पर नहीं आते। इसे लेकर आप क्या करेंगे? इसके बाद कलेक्टर मिश्रा ने कर्मचारियों के कामकाज की सराहना करते हुए यह बात कही। बता दें कि प्रियंक मिश्रा भोपाल के 35वें कलेक्टर हैं। उन्होंने 14 अप्रैल को अपना पदभार ग्रहण कर लिया था। इसके पहले वे धार जिले में कलेक्टर के पद पर पदस्थ थे। जबकि पूर्व में भोपाल कलेक्टर रहे कौशलेंद्र विक्रम सिंह को मुख्यमंत्री सचिवालय में सचिव और टीएंडसीपी में आयुक्त व सहसंचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। 1972 में जब भोपाल जिला बना तो अरुण कुमार गुप्ता को कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया था। इसके पहले भोपाल सीहोर जिले में आता था।



**कर्मचारियों के कामकाज को लेकर बोले कलेक्टर, यूरोप में काम खत्म होने के एक मिनट बाद फोन नहीं उठाते कर्मचारी, यहां रात-बिरात भी होता है काम**

### राहवीर योजना को लेकर आम लोगों को करेंगे जागरूक

कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता भोपाल की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के साथ गंभीर घायलों को समय पर इलाज उपलब्ध कराना है। प्रदेश में किसी भी गंभीर घायल को गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के घंटे बाद) यदि अस्पताल पहुंचाया जाता है, तो उसे राहवीर योजना के तहत 25 हजार की सम्मान राशि से सम्मानित किया जाता है। यह जानकारी वे जन जन तक पहुंचाना चाहते हैं। ताकि जन हानि होने से बचाई जा सके और हर व्यक्ति को समय पर उचित लाभ मिल सके।

### एक बार समझ लें, फिर हटाएंगे तालाब किनारे के कब्जे

शहर में बड़े तालाब के किनारे से कब्जे हटाने की कार्रवाई को लेकर कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि पहले एक बार समझ लें, फिर आगे की कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि भोजवेट लैंड राजधानी भोपाल की शान है। इसे अतिक्रमण मुक्त करवाने में हमारी जो भी भूमिका है, उससे बेहतर ही काम काज करेंगे। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने सड़क सुरक्षा समिति, अवैध कालोनियों और स्कूल संचालकों की बैठक बुलाने के निर्देश दिए।

### शहर वृत्त, बैरागढ़ नजूल पहुंच लिया राजस्व कार्यों का जायजा

बैठक के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा शहर वृत्त और बैरागढ़ नजूल पहुंचे और राजस्व कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान सीमांकन सहित अन्य राजस्व कार्यों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और समय पर सभी कामों को पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि आम लोगों के काम समय पर पूरा हो सकें। बैठक के दौरान तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह, आलोक पारे, प्रेम प्रकाश गोस्वामी ओर केके पंडौले मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कारोबारी के हत्यारे अब तक गिरफ्त से बाहर

**जागरण, भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र में किराना कारोबारी की हत्या के आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इस मामले में नया मोड़ सामने आया है। शुरूआती जांच में गोली मारकर हत्या की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि मृतक के सीने में रॉड नुमा वस्तु आर-पार हुई, जिससे हार्ट पंचर होने से उनकी मौत हो गई। हालांकि मृतक के सीने पर दो गोली जैसे निशान भी पाए गए हैं, जिससे पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है। अभी तक वारदात में प्रयुक्त रॉड बरामद नहीं हो सकी है और न ही किसी आरोपी की पहचान हो पाई है। पुलिस के अनुसार 42 वर्षीय हनीफ का शव बुधवार शाम 4:30 बजे शमशाबाद रोड स्थित एक ढाबे के पास मिला, जो उसके घर से करीब 10 किलोमीटर दूर है। वह दिन में एक फोन कॉल आने के बाद घर से निकला था और जल्द लौटने की बात कहकर गया था। परिवार के सदस्यों ने बताया कि हनीफ के करीब 50 लाख रुपये के लेन-देन थे और एक दर्जन से अधिक लोगों पर उसकी उधारी बाकी थी। पुलिस ने उसकी खातों की डायरी जब्त कर ली है और आर्थिक विवाद को हत्या की संभावित वजह मानकर जांच कर रही है।

### खेत में करंट लगने से युवक की मौत

**जागरण, भोपाल।** गुनगा थाना क्षेत्र में खेत में करंट लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 21 वर्षीय रोहित उर्फ भूरा भैंसा खेड़ा गांव में रहता था। वह खेती किसानी करता था। बुधवार रात 11 बजे वह अपने भाई सुजान के साथ खेत में पानी लगाने गया था। जहां मोटर चालू करने के बाद अंधेरे की वजह से बिजली की कटी तार से उसे करंट लग गया। जिससे बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ा। बाद में उसके भाई ने देखा तो तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पेड़ से फंदा बनाकर युवक ने लगाई फांसी

**जागरण, भोपाल।** शाहपुरा लेक के पास युवक ने पेड़ से फांसी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या करने से पहले उसने अपनी आखिरी सेल्फी बड़े भाई को भेजी थी। पुलिस को युवक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 34 वर्षीय कमलेश यादव पिता भगवानदास यादव चूनाभट्टी का रहने वाला था। वह ड्राइवरी करता था और शराब पीने का आदी था। नशे में आए दिन परिजनों और आसपास के लोगों से विवाद करता था। दो दिन पहले हुए विवाद की सूचना पुलिस तक पहुंची थी।

# हाय गर्मी... भोपाल 40 नर्मदापुरम में 43 डिग्री पारा, 8 जिलों में गर्म हवा



**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में गर्मी अब सताने लगी है, ज्यादातर जिलों में गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ज्यादा रहा। प्रदेश की राजधानी भोपाल में इस सीजन में पहली बार अधिकतम पारा 40.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो कि अब तक का सबसे ज्यादा है। वहीं प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान नर्मदापुरम में रिकार्ड किया गया। यहां पारा 43 डिग्री पर रहा। मौसम विभाग के अनुसार, नर्मदापुरम के बाद रतलाम दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री, दमोह-मंडला में 42 डिग्री, शाजापुर में 41.8 डिग्री, गुना में 41.7 डिग्री, मलाजखंड, टीकमगढ़-छिंदवाड़ा में 41.5 डिग्री, उमरिया-श्योपुर में 41.4 डिग्री, धार, खजुराहो में 41 डिग्री, सतना में 40.9 डिग्री, खरगोन में 40.8 डिग्री, सागर में 40.7 डिग्री, दतिया-सीधी में 40.6 डिग्री, खंडवा-बैतूल में 40.5 डिग्री, सिवनी-रीवा में 40.4 डिग्री और नौगांव में पारा 40.2 डिग्री रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो जबलपुर में सबसे ज्यादा 41.4 डिग्री, भोपाल में 40.5 डिग्री, इंदौर में 40.1 डिग्री, ग्वालियर में 40.5 डिग्री और उज्जैन में 40.7 डिग्री दर्ज किया गया। दूसरी ओर, रतलाम, धार, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में लू जैसे हालात रहे। यहां तापमान बढ़ा हुआ रहा। भोपाल में दोपहर में तेज गर्मी का अहसास हुआ। शुक्रवार को 20 जिलों में हीट वेव यानी, लू चलने की चेतावनी जारी की गई है।

- **आज प्रदेश के 15 जिलों में लू की चेतावनी**
- **पूरे प्रदेश का औसत पारा 40 डिग्री पहुंचा**
- **रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी**

**इंदौर में स्कूलों का समय बदला:** इंदौर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए नर्सरी से 8वीं तक के स्कूलों का समय सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक कर दिया गया है, जबकि परीक्षाएं तय समय पर ही होंगी। आंगनवाड़ी केंद्र अब सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक संचालित होंगे। कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में तेज गर्मी पड़ती है। इस बार भी ऐसा ही है। शुरुआती नौ दिन तक आंधी, बारिश और ओले का दौर रहा। 10 अप्रैल से गर्मी बढ़ गई।

# प्रेमी ने होटल में युवती से मारपीट कर निर्वस्त्र फोटो खींचे, फिर किया अपहरण

## आरोपी ने दूसरे दोस्त से नजदीकियां बढ़ने के चलते घटना को दिया अंजाम

**जागरण, भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र में दूसरे दोस्त से नजदीकियां बढ़ने के चलते पहले प्रेमी ने युवती का अपहरण कर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की।

आरोपी ने युवती को पहले होटल बुलाया और फिर उसे पिटने के बाद निर्वस्त्र कर उसकी फोटो ली। कुछ देर बाद उसने युवती के दूसरे दोस्त को वहां पर बुलाकर अपने चचेरे भाईयों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद वह युवती को जबरन कार में बैठाकर अपने घर ले गया। जहां उसने युवती को दिनभर बंधक बनाकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ अपहरण, मारपीट और छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय युवती अवधपुरी इलाके की रहने वाली है। करीब 10 साल से उसका शुभम कुमार नामक युवक से प्रेम-प्रसंग था। दोनों की शादी भी होने वाली थी। इस दौरान युवती की नौकरी लगने के बाद उसकी दोस्ती दूसरे युवक से हो गई। युवती ने जब पहले प्रेमी से दूरी बनाना शुरू किया, तो उसे दूसरे युवक पर शक होने लगा। मंगलवार को प्रेमी शुभम ने युवती को फोन कर मिसरोद स्थित एक होटल में बुलाया। यहां उसने बेरहमी से युवती को पीटने के बाद युवती को निर्वस्त्र कर उसकी फोटो खींची। कुछ देर बाद उसने युवती के दुसरे दोस्त भी होटल में बुलाया और अपने चचेरे भाई अमित कश्यप, शैलेष कश्यप के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की।

### आरोपी ने घर में दिनभर बंधक बनाकर की मारपीट

घटना के बाद आरोपियों ने युवती को जबरन कार में बैठाकर बरखेड़ा पठानी स्थित अपने घर ले गए, जहां उन्होंने उसके साथ छेड़छाड़ कर फिर मारपीट की और दिन भर बंधक बनाए रखा। काफी देर तक प्रताड़ित करने के बाद शाम को उसे छोड़ दिया गया। जिसके बाद युवती ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी शुभम कुमार, अमित कश्यप , शैलेष कश्यप समेत उसकी भाभी नेहा कश्यप के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।


राजधानी से बाबा अमरनाथ के दर्शन करने जाने वालों में उत्साह नजर आ रहा है। न्यू मार्केट स्थित पंजाब नेशनल बैंक में फार्म भरने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं जेपी अस्पताल में भी जांच कराने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। छाया: एचसी वर्मा

### सातवीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**जागरण, भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र में युवक की सातवी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। घटना के वक्त वह नर्मदापुरम रोड स्थित एक निर्माणाधीन इमारत में काम कर रहा था। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 38 वर्षीय संदीप रामदास इंगले बागमुगालिया बस्ती में रहता था। वह मजदूरी करता था। वह परिवार के साथ नर्मदापुरम रोड स्थित निर्माणाधीन रॉयल सिटी में काम कर रहा था। बुधवार दोपहर को वह सातवीं मंजिल पर काम कर रहा था, जहां अचानक एक लकड़ी की बल्ली खिसकने से उसका पैर फिसल गया और वह सीधे नीचे आ गिरा। ऊंचाई से गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अब इस मामले में निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जांच कर रही है।

**एसबीआई एटीएम से बैटरी चोरी:** ऐशबाग क्षेत्र में चोरों ने एसबीआई एटीएम से बैटरी चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अवधपुरी निवासी अरविंद कुमार शुक्ला सी एम एस इन्फो सिस्टम लिमिटेड में मैनेजर है। उनकी कंपनी एटीएम मशीन लगाने के साथ उसके मेंटेनेंस का काम करती है।

बदलाव | पीएचक्यू के सख्त निर्देश, शक के आधार पर नहीं ले सकेंगे हिरासत में

# गिरफ्तारी से पहले आरोपी को लिखित में कारण बताएंगे अफसर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में अब पुलिस किसी भी व्यक्ति को महज शक के आधार पर या मौखिक तौर पर कारण बताकर गिरफ्तार नहीं कर पाएगी। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने इस संबंध में सभी पुलिस कमिश्नरों और एसपी को बेहद महत्वपूर्ण सर्कुलर जारी किया है। इसमें साफ कहा गया है कि गिरफ्तारी के समय आरोपी को उसके गुनाह और गिरफ्तारी की वजह लिखित में ही देनी होगी। यह निर्देश सुप्रीम कोर्ट द्वारा महाराष्ट्र के एक मामले में दिए गए फैसले के बाद जारी किए गए हैं। कोर्ट ने साफ किया है कि संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत हर नागरिक को यह जानने का मौलिक अधिकार है कि उसे आखिर क्यों पकड़ा जा रहा है। इसी के आधार पर सीआईडी ने यह नई गाइडलाइन जारी की है।

### लापरवाही की तो अफसर पर गिरेगी गाज

पीएचक्यू ने आदेश जारी करते हुए साफ कर दिया है कि अब तत्काल प्रभाव से इस सर्कुलर का पालन करना होगा। अगर कोई पुलिस अधिकारी इन नियमों की अनदेखी करता है, तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। सर्कुलर में साफ है कि अगर बिना लिखित आधार के गिरफ्तारी होगी, तो इसे कोर्ट अवैध घोषित कर आरोपी को फौरन रिहा कर देगा। ऐसे में संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ कोर्ट की अवमानना के साथ विभागीय जांच भी शुरू की जा सकती है। पीएचक्यू ने साफ कर दिया है कि बीएनएसएस के नए कानून के तहत इन निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। गौरतलब है कि लगभग दो माह पहले भी पीएचक्यू ने ऐसा ही एक आदेश जारी किया था, लेकिन इस पर पुलिस अफसर ध्यान नहीं दे रहे थे।




### 14 दिनों की डेडलाइन पहले ही तय

इससे पहले 10 अप्रैल को ही सीआईडी के स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव ने सभी पुलिस अफसरों को निर्देश जारी कर यह साफ कर दिया था कि गंभीर मामलों को जांच के नाम पर लंबे समय तक अटका कर नहीं रखा जाएगा। इसके लिए पीएचक्यू ने 14 दिनों की डेडलाइन तय की थी। इस तरह की कई शिकायतें पीएचक्यू के पास पहुंच रही थीं कि साधारण और कम गंभीर (असंज्ञेय) मामलों को भी जांच के नाम पर कई अफसर लंबे समय तक अटका कर रखते थे और बाद में इसे पटाने के नाम पर रिश्वत की मांग करते थे। हाईकोर्ट द्वारा एक मामले में कड़ी फटकार और पुलिस अफसर पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने तय किया है कि महिला अपराध, लूट, हत्या, डकैती जैसे गंभीर मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज की जाएगी और अगर किसी मामले में जांच की जरूरत हो, तो कम से कम डीएसपी स्तर के अफसर से अनुमति लेकर 14 दिनों में जांच पूरी करना अनिवार्य होगा।

### नई प्रक्रिया में इन नियमों का पालन अनिवार्य

**मौखिक नहीं, लिखित जानकारी :** गिरफ्तारी के कारणों की केवल मौखिक जानकारी देना अब काफी नहीं होगा। पुलिस को ठोस कारण लिखित में देने होंगे।

**सरल भाषा में कारण :** गिरफ्तारी के कारण उसी भाषा में लिखे होने चाहिए जिसे आरोपी आसानी से समझ सके।

**समय सीमा तय:** यह लिखित आधार या तो गिरफ्तारी के समय देने होंगे, या फिर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने से कम से कम दो घंटे पहले आरोपी को उपलब्ध कराने होंगे।

**रिकॉर्ड में होगा दर्ज:** पुलिस को गिरफ्तारी पंचनामे या डायरी में यह लिखना होगा कि आरोपी को लिखित में कारण बता दिए गए हैं।

NBCC नवरत्न सीपीएसई | ASPIRE
माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निगरानी की गई परियोजनाएँ
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के माध्यम से क्रियान्वित
(भारत सरकार का एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)
ई-नीलामी के माध्यम से
उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) स्थित नॉलेज पार्क-V में स्थित पूर्व आम्रपाली समूह की टेक पार्क परियोजना की बिक्री NBCC के माध्यम से की जा रही है।
इच्छुक पक्ष RAILTEL (ई-नीलामी आयोजित करने के लिए NBCC (INDIA) LTD द्वारा नियुक्त एजेंसी) या वेबसाइट https://nbccauction.enivida.com पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 23.04.2026 है।**
**ई-नीलामी 24.04.2026 को आयोजित की जाएगी।**
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: 9772907414

भाअजप्रा iwai
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
INLAND WATERWAYS AUTHORITY OF INDIA
(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
मुख्यालय: ए-13, सेक्टर-1, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301, टेलीफोन: 0120-2544036 और 2474050
सूचना — दिनांक: 16.04.2026
संदर्भ: रोजगार सूचना संख्या IWAI-12013(11)/1/2022-Admn दिनांक 10.02.2026
उपर्युक्त के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि प्रतिनियुक्ति आधार पर 03 वर्ष की अवधि के लिए प्रधान निजी सचिव (पीपीएस)-01/निजी सचिव (पीएस)-02/निजी सहायक (पीए)-01 के रिक्त पदों को भरने हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 12 मई, 2026 तक बढ़ा दी गई है।
इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु भा.अ.ज.प्रा. की वेबसाइट www.iwai.nic.in पर जाएँ।
हस्ता./-
सचिव

# सिविल अस्पताल में डिलीवरी के दौरान बच्ची की मौत, परिजनों का हंगामा

## कांच का गेट तोड़ा, नर्स को आई चोटें रात में नहीं रहती डॉक्टर

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत नगर के सरकारी सिविल अस्पताल में रात के समय लेडी डॉक्टर की समस्या कम से कम दो दशक पुरानी है। अस्पताल में मौजूद 18 डॉक्टरों के अमले में आज तक ऐसी व्यवस्था नहीं की जा सकी है कि रात के समय भी यहां महिला स्त्री रोग विशेष मौजूद रहे, क्योंकि डिलीवरी के सर्वाधिक केस रात को आते हैं, इसके अभाव में नतीजा यह निकला एक श्रमिक की पत्नी जब प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल पहुंची तब नर्स ने डिलीवरी करवाई, जिसमें वह नाकाम रही। बच्ची का सिर फंस गया और जब तक डॉक्टर आती, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। गुस्साए परिजनों ने वहां मेडीकल सामान से भरी ट्रे उठाकर नर्स के मुंह पर मार दी, जिससे उसकी आंख के नीचे चोटें आई हैं, बल्कि महिला के पति ने अस्पताल का शीशे का गेट भी तोड़ दिया। इतना ही नहीं महिला के परिजनों ने व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए नर्स पर लापवाही का आरोप लगाया है। इधर पुलिस ने प्रकरण कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


नंदकिशोर अहिरवार
मृत बच्ची के पिता


नर्स चंद्र प्रभा


डॉ. जेके जैन

### मजदूर परिवार

जानकारी के अनुसार मृतक बच्ची की मां निशा और पिता नंदकिशोर अहिरवार मूल रूप से खरगोन जिले के ब्यावर गांव के निवासी हैं और यहां दिहाड़ी पर मजदूरी करते हैं तथा एक कमरे का मकान किराए पर लिया है। नंदकिशोर अहिरवार ने बताया कि जब प्राइवेट डॉक्टर को दिखाया तब उसने बताया कि ऑपरेशन से बच्चा पैदा होगा पर चूंकि मैं गरीब हूं इसलिए सरकारी अस्पताल ले आया और सोनाग्राफी आदि के परचे दिखाए जिसके बाद अस्पताल में कहा गया कि नार्मल डिलीवरी हो जाएगी जब दर्द उठे तो यहां ले आना। जब बुधवार की शाम प्रसव पीढ़ा हुई, तब वह पत्नी को शाम 7.30 बजे अस्पताल ले आया जहां उसे भर्ती किया गया, लेकिन सुबह चार बजे डिलीवरी के बाद उसकी बच्ची मृत पाई गई, उन्हें बताया भी नहीं गया जब सुबह 5 बजे वह भीतर गया तब उसने देखा कि बच्ची तो मृत है। उसके बाद तो अस्पताल में हंगामा खड़ा हो गया।


गुस्साए परिजनों ने की अस्पताल में तोड़-फोड़।

### नर्स का कहना है

नर्स चंद्र प्रभा का कहना है कि जब महिला भर्ती हुई तब हमने डॉक्टर को बताया उन्होंने कहा कि भर्ती कर लो, जब डिलीवरी का समय आया तब स्थिति पूरी तरह से नार्मल थी, पर डिलीवरी के दौरान सिर फंस गया, इसके बाद हमने तत्काल डॉक्टर को भी बुला लिया बाद में चाईल्ड स्पेशलिस्ट भी आ गए और काफी कोशिश के बाद बच्ची को निकाला गया, लेकिन तब तक बच्ची मर चुकी थी और डिलीवरी अंत में डॉक्टर ने ही करवाई। बाद में डॉक्टर ने भी माता पिता को गंभीर स्थिति बताई, लेकिन गुस्साए उसके पिता ने हमारे साथ मारपीट की जो पूरी तरह से गलत है। बच्ची के पिता ने मेरे व मेरे सहयोगियों के साथ मारपीट की है।

**नर्सों के भरोसे** संत हिरदाराम नगर का यह सिविल अस्पताल पूरी तरह से रात के समय सफाई कर्मचारियों एवं नर्सों के भरोसे है, क्योंकि रात के समय यहां कोई लेडी डॉक्टर नहीं रहती। जो लोग पैसे वाले हैं, वे तो अस्पताल आते नहीं, लेकिन अधिकांश ग्रामीण एवं दिहाड़ी पर मजदूरी करने वाले ही यहां आते हैं और डिलीवरी की पूरी जिम्मेदारी या तो सफाई महिला कर्मचारियों या फिर नर्सों के हवाले रहती है।

**की तोड़-फोड़** इधर बच्ची के मर जाने के बाद गुस्साए पिता ने अस्पताल के मुख्य द्वार जो कांच का बना हुआ है, उसे तोड़ दिया। सुबह 6 बजे जब यह प्रतिनिधि अस्पताल पहुंचा, तब मुख्य गेट टूटा हुआ था और कांच जगह-जगह बिखरे हुए थे। बाद में पुलिस ने आकर स्थिति को संभाला। इधर मृत बच्ची के पिता ने बताया कि बच्ची के मर जाने के बाद उसे गुस्सा आ गया ओर उसने वहां रखी ट्रे नर्स के सिर पर मारी, इसी तरह गुस्से में उसने गेट का कांच भी तोड़ दिया। बहरहाल पुलिस ने बच्ची के पिता पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> मुझे कहा गया कि ऑपरेशन की कोई जरूरत नहीं है, डिलीवरी नार्मल हो जाएगी, इसके बाद बच्ची के मर जाने के बाद मुझे गुस्सा आना स्वाभाविक था।
>
> **नंदकिशोर अहिरवार**, मृत बच्ची का पिता

> डिलीवरी काफी मुश्किलभरी थी, हमने तत्काल डॉक्टर को बुलाया और उसी ने फंसे हुए बच्चे को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बच्ची मर चुकी थी। हमारा कोई दोष नहीं था, फिर भी मेरे साथ मारपीट की गई।
>
> **चंद्र प्रभा, हेड नर्स**, सिविल अस्पताल

> डॉक्टर ने पहले ही बता दिया था कि बच्चे का वजन अधिक है, डिलीवरी में दिक्कत आएगी। हमने तत्काल स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जरीना खान व प्रिंसका जैन को बुला लिया, लेकिन बच्ची को बचाया नहीं जा सका।

# 24 साल का हुआ नवनिध हासोमल लखानी स्कूल

## सुखमनी पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** शहीद हेमू कालानी एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल 24 साल का हो गया है। इस उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष का भी शुभारंभ किया गया। जिसे नाम दिया गया है रजत नवनिधि। स्कूल की स्थापना 14 अप्रैल 2002 को स्वामी हिरदाराम जी के आशीर्वाद से की गई थी। संस्थान के सचिव घनश्याम बूलचंदानी की उपस्थिति में संत सिद्ध भाऊ ने कहा कि छात्राएं अपनी उपलब्धियों से विद्यालय का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने सभी को लक्ष्य तय कर परिश्रम करने, समय-सारणी बनाकर उसका पालन करने तथा समय प्रबंधन और अनुशासन अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार ही सम्मान व समृद्धि का आधार हैं तथा विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉली साहनी का उदाहरण देकर उन्होंने सभी को सफलता हेतु निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

**अमिषा तिवारी का उदबोधन:** अमीषा तिवारी, जिन्होंने वर्ष 2017 में इसी विद्यालय से अपनी स्कूली शिक्षा पूर्ण की। उन्होंने अपनी आगे की एवं इसके उपरांत उच्च शिक्षा प्राप्त करके अपने भावी जीवन की शुरुआत वर्ष 2023 में इंटेलिजेंस ब्यूरो से की। इस दौरान उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की प्रोबेशनरी ऑफिसर परीक्षा भी उत्तीर्ण की। यह विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम भी है, जिसने उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




**ऐतिहासिक दिन:** इस मौके पर जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। उन्होंने संत सिद्ध भाऊ एवं सोसायटी के सचिव घनश्याम बूलचदानी द्वारा निभाई गई बड़ी जिम्मेदारी को सफलता का महत्वपूर्ण अंश बताया। उन्होंने विद्यालय की स्थापना में हांगकाग निवासी जाने माने समाजसेवी कान लखानी के मत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया। अपनी माताजी के प्रति श्रद्धा एवं जीवनदान और विद्यादान देने के संकल्प को पूर्ण करने के लिए उन्होंने इस विद्यालय की स्थापना के लिए दान दिया। कार्यक्रम को प्राचार्य अमृता मोटवानी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी एसी साधवानी मौजूद थे।

# स्वामी भगत प्रकाश पहुंचे संत नगर, निकाली शोभायात्रा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** सिंधियों के धार्मिक गुरू एवं देश तथा दुनियाभर के प्रेम प्रकाश आश्रमों के संचालक स्वामी भगत प्रकाश महाराज दो दिनी प्रवास पर संत हिरदाराम नगर पहुंचे। यहां सुबह 11 बजे काफी संख्या में महिला व पुरुष उनके स्वागत लिए बस स्टैंड के समीप मौजूद थे। जैसे ही उनका वाहन यहां पहुंचा पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया गया। यहां आश्रम के प्रवक्ता बसंत चेलानी, राजकुमार झमटानी, नारायणदास लालवानी, मनोहर लालवानी सहित अनेक लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके अलावा 50 महिलाएं सिर पर कलश लिए यहां मौजूद थी, जिन्होंने स्वामी भगत प्रकाश महाराज का स्वागत करते हुए आशीर्वाद लिया।



इसके बाद शोभायात्रा निकाली, जिसमें बैंड बाजे व बग्गी आदि मौजूद थे। इसमें डीजे पर बज रहे धार्मिक गीतों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। शोभायात्रा सीधे एफ वार्ड रोड पर बनाए गए प्रेम प्रकाश आश्रम पहुंचे। यहां प्रेम प्रकाश मण्डलाचार्य स्वामी टेऊंराम महाराज की श्री मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। समाजसेवी बंसत चेलानी ने बताया कि स्वामी भगतप्रकाश महाराज अपने मंडल के साथ गुरूवार सुबह 10 बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचे। स्वामी भगतप्रकाश महाराज ने भगवान श्री लक्ष्मीनारायण व टेऊंराम महाराज की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के अलावा स्वामी प्रेम प्रकाश आश्रम का उद्घाटन किया।

**संतो के बताए मार्ग पर चले:** इस अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए स्वामी भगत प्रकाश महाराज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में गुरू का होना अत्यंत आवश्यक है, उसके बिना गति संभव नहीं है। गुरू की आज्ञा का पालन करते हुए बड़ों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। सेवा को जीवन का मुख्य लक्ष्य बनाएं उससे भगवान प्रसन्न होता है। इसके साथ सत्संग, हवन एवं ध्वजावंदन होगा एवं सायं 5 बजे से 7 बजे तक सत्संग प्रवचन एवं आरती हुई।

# बेटियों ने बढ़ाया गौरव, सर्वाधिक अंक लाकर मेरिट लिस्ट में बनाया स्थान

**जागरण औबेदुल्लागंज।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औबेदुल्लागंज की छात्रा आंचल पांडे ओर पद्मिनी पांडे ने हाईस्कूल परीक्षा में क्रमशः 89.4 ओर 88.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर का नाम रोशन किया, उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता शैलेश कुमार उर्फ पंचू पांडेय ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि बदलते दौर में बेटियां किसी बेटे से कम नहीं हैं। मेरी बेटियों ने सरकारी स्कूल में पढ़कर हाईस्कूल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर मेरिट में स्थान प्राप्त किया है, उनकी इस उपलब्धि पर नगर के तमाम समाजसेवी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई प्रेषित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



SCHOOL OF BIOMOLECULAR ENGINEERING & BIOTECHNOLOGY
& SCHOOL OF PHARMACEUTICAL SCIENCES
RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA
(Technological University of Government of M.P.), Airport Road, Bhopal- 462033
RGPV/UTD/SoBEBT/SoPS/2026/01 Date : 15.04.2026
TENDER INVITATION
RGPV invites Tenders for the purchase of Consumables/Chemicals and Reagents/ Equipment funded by Rajiv Gandhi Proudyogiki Vishwavidyalaya and Madhya Pradesh Council of Science and Technology (MPCST), Bhopal, Madhya Pradesh, 462033.
For details, kindly refer to **https://mptenders.gov.in/nicgep/app**
**Division :** School of Biomolecular Engineering & Biotechnology (SoBEBT) and School of Pharmaceutical Sciences (SoPS). Last date for receiving tender: **8th May 2026**
M.P. Madhyam/125343/2026 DIRECTOR

म.प्र. गृह निर्माण मण्डल कर्मचारी साख समिति मर्यादित भोपाल
पंजीयन क्रमांक ए.आर.बी. 422 दिनांक 01.04.1992
// सूचना //
म.प्र. गृह निर्माण मण्डल कर्मचारी सहकारी साख समिति मर्यादित भोपाल पंजीयन क्रमांक ए.आर.बी. 422 दिनांक 01.04.1992 के समस्त अंशधारियों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 19/04/2026 दिन रविवार समय 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक पर्यावास भवन के प्रांगण में आयोजित की गई है। अत: आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।
अध्यक्ष
म.प्र. गृह निर्माण मण्डल कर्मचारी
सहकारी साख समिति मर्यादित, भोपाल

# मांगें मानने के बाद भी हड़ताल जारी, बेपटरी हुई सफाई

**जागरण, मंडीदीप।** नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता कर्मचारियों की अधिकांश मांगों को स्वीकार किए जाने के बावजूद हड़ताल जारी रहना सवालों के घेरे में है। दूसरे दिन भी कर्मचारी काम पर नहीं लौटे, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है और आमजन को भारी हुई। प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे के ढेर लग चुके हैं। शनिवार बाजार और सब्जी मंडी जैसे व्यस्त क्षेत्रों में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। बदबू और गंदगी के बीच व्यापारियों को खुद सफाई करनी पड़ रही है, जिससे व्यवस्था की गंभीर स्थिति सामने आ रही है। नपा प्रशासन का कहना है कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों पर सहमति बना ली गई है। सीएमओ डॉ. प्रशांत जैन के अनुसार, ईएसआई और पीएफ पंजीकरण की प्रक्रिया तेजी से जारी है और अधिकांश कर्मचारियों को इसका लाभ मिल चुका है। वहीं, बकाया वेतन का कुछ हिस्सा पहले ही वितरित किया जा चुका है, जबकि शेष राशि को चरणबद्ध तरीके से देने की योजना बनाई है। प्रशासन का तर्क है कि सीमित संसाधनों के बीच सभी मांगों को एक साथ पूरा करना संभव नहीं होता, इसके बावजूद कर्मचारियों के हित में प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में हड़ताल जारी रहना शहरवासियों के लिए असुविधा का कारण बन रहा है। अब स्थिति यह बनती जा रही है कि जब समाधान की दिशा में पहल हो चुकी है, तो क्या हड़ताल को जारी रखना उचित है? इस गतिरोध का असर सीधे तौर पर आम नागरिकों की दिनचर्या और शहर की स्वच्छता पर पड़ रहा है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



# राइस मिल में सुरक्षा मानकों की अनदेखी से चार गायों की मौत

## हंगामे के बाद दिया गया मुआवजा



**जागरण औबेदुल्लागंज।** सागर राइस मिल परिसर में बने एक खुले गड्ढे में गिरने से चार गायों की असामयिक मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिल परिसर में गहरे गड्ढों का खुला होना और वहां उचित घेराबंदी चेतावनी संकेतों का नहीं होना, इस हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पशुपालकों और ग्रामीणों में भारी रोष देखा गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पशु मालिकों और ग्रामीणों ने मिल प्रबंधन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बढ़ते दबाव और हंगामे के बाद मिल प्रबंधन ने अपनी गलती स्वीकार की और फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही मानते हुए गहरा गड्ढा कर गौवंश का अंतिम संस्कार किया। प्रभावित पशु मालिकों को आर्थिक मुआवजा प्रदान किया गया। मामले में स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भी स्थिति नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा।

आम सूचना
भूमि खसरा क्रं.-227/2/1/1(S), ग्राम पीपल खेड़ा, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल के संबंध में :-
सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती रोजिया खान पत्नी श्री मोहम्मद शाकिर, वयस्क, निवासी -188-ए, अपोसिट सहर अपार्टमेंट, ईदगाह हिल्स, संजय नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता भूमि खसरा क्रं. -227/2/1/1(S), कुल रकबा- 0.4860 हैक्टेयर अर्थात् 1.20 एकड़ भूमि जो कि ग्राम पीपल खेड़ा, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल में स्थित है, जिसे क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार नें टोकन राशि अदा कर सौदा पक्का किया है, उक्त संपत्ति पर यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, समिति, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय/अशासकीय विभाग का हित व अधिकार, गिरवी या बंधक होतो वह इस प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे उल्लेखित पते पर अपनी आपत्ति दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ स्वंय या अपने अभिभाषक के साथ प्रस्तुत करें अन्यथा मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगा व समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
सुनील कुमार जैन (अधिवक्ता)
कार्यालय- "आर.के.जैन लॉ चेम्बर"
67, आदर्श हास्पटिल के पास, थाना रोड, शाहजहॉनाबाद, भोपाल मो. 9131859720

-: आम-सूचना :-
मैं अपने पक्षकार श्री संजय कुमार आत्मज श्री राम वीर सिंह निवासी म नं 64-ए, भेल नगर, सेंट पॉल स्कूल के पास, अयोध्या बाइपास रोड, भोपाल (म.प्र.) के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति एक किता आवासीय डुप्लेक्सध्भवन क्रमांक 70-बी, जिसका क्षेत्रफल 675 वर्गफिट अर्थात 62.73 वर्गमीटर (जिसमे भूतल पर निर्मित क्षेत्रफल 46.46 वर्गमीटर, प्रथम तल पर 37.17 वर्गमीटर) पर भवन निर्मित है जो की खसरा क्रमांक 11/1/1 एवं 24/1/1 (नया नं. 11/क एवं 24/क) का अंश भाग होकर, इन्दिरा नगरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित्त भोपाल ग्राम खजूरी कलाँ, तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमायें निम्नानुसार है:-पूर्व में-संपत्ति अन्य, पश्चिम में-मेजर प्लॉट नंबर 70 का शेष भाग, उत्तर में-संपत्ति प्लॉट नंबर 69, दक्षिण में- कॉलोनी का रोड 25 फिट चौड़ा उक्त संपत्ति से सम्बंधित मूल दस्तावेज विक्रय पत्र दिनांक 18.06.2015, पंजीयन क्रमांक A-1, ग्रन्थ क्रमांक 2405, दस्तावेज क्रमांक 3/877 है। जिसका सम्पूर्ण विवरण उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में अंकित एवं दर्ज है की मूल प्रति का अंतिम प्रष्ठ जिस पर ग्रंथ क्रमांक, दस्तावेज क्रमांक मुद्रित होते है भोपाल में कही गिरकर गुम/खो गई है। जिस किसी को भी प्राप्त हो कृपया तुरंत सूचित करे उक्त संपत्ति बैंक ऑफ इंडिया भोपाल के पक्ष में बंधक रखने हेतु प्रस्तावित है। उक्त गुमे हुए दस्तावेज की मूल प्रति का अंतिम पेज जिस किसी को भी मिले कृपया निम्न वर्णित पते पर प्रदान करने का कष्ट करें। यदि उक्त वर्णित संपत्ति अथवा उसके किसी भाग पर किसी व्यक्ति, संस्था, राष्ट्रीयकृत बैंक, निजी बैंक का कोई ऋण भार, दान, बंधक, मुख्तार या अनुबंध हो अथवा उक्त संपत्ति से संबंधित कोई दस्तावेज हो अथवा इस अंतरण से किसी के कोई हित प्रभावित हों तो वे इस आम सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में दस्तावेजी साक्ष्य सहित मेरे समक्ष निम्न पते पर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।
Advocate Ramesh Suryavanshi
Advocate Lokesh Suryavanshi
Add.: F-10, Sanchi Complex, Opposite Board office, Shivaji Nagar, Bhopal (M.P.)
Mob.: 9425118602, 7000382908

कार्यालय संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश,
जिला कार्यालय भोपाल (म.प्र.)
क्रमांक BPLLP09042630034/दिनांक 16/APR/2026
क्र./1979 दिनांक 16/APR/2026
म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29(3)
सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन
दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु
जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/मेसर्स – RACHNA BUILDERS द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-
(क) परियोजना का नाम : The Local Shopping Center
(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम Barkheda Pathani तहसील Huzur व जिला Bhopal की भूमि सर्वे क्रमांक 115/11 (S), 290/1/2 (S) कुल रकबा 1.894 हेक्टेयर भूमि पर Residential, Local Shopping Centre विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।
(ग) विकास का प्रयोजन : Residential, Local Shopping Centre
(घ) स्वीकृति क्रमांक : BPLLP13092447682 दिनांक 2025-04-02
पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=wl1QFe5s971979 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्योरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।
(संयुक्त संचालक)
नगर तथा ग्राम निवेश, जिला भोपाल (म.प्र.)

## SUDOKU 08

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 6 | 4 | | 8 | |
| | | | 9 | | | 5 | | 1 |
| | 6 | 5 | | | | | 2 | |
| 3 | | | 1 | | 6 | | | 2 |
| | 2 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | | 1 | | | | | | 8 |
| 5 | | 4 | | | 1 | | 7 | |
| | 7 | | 2 | | | 8 | | 3 |
| | | 8 | | | 5 | | 9 | |

## SOLUTIONS 07

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 4 | 9 | 7 |
| 4 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 5 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 1 | 9 | 6 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 8 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज आपका घर-परिवार खुशियों से भरने वाला है। वैवाहिक जीवन में मिठास बढ़ेगी और पुराने विवाद भी आपकी समझदारी से खत्म हो सकते हैं। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।

**वृषभ :** आज बेवजह के विवाद से दूर रहें और पैसों के मामलों में समझदारी दिखाएं। कार्यक्षेत्र में कोई आपको भ्रमित कर सकता है, सतर्क रहें।

**मिथुन :** आज करियर में चमकने का मौका है। मेहनत का फल मिलेगा, बस फोकस बनाए रखें। सरकारी काम में थोड़ी समझदारी दिखानी होगी।

**कर्क :** आज दिल नहीं, दिमाग से फैसले लेने का दिन है। भावनाओं में बहकर लिया गया निर्णय नुकसान दे सकता है। खर्चों का हिसाब रखें, नहीं तो परेशानी बढ़ेगी।

**सिंह :** आज आपका रुका हुआ हर काम पूरा होने की ओर बढ़ेगा। आत्मविश्वास चरम पर रहेगा और व्यापार में लाभ मिलेगा। प्रमोशन के साथ। आपकी लीडरशिप चमकेगी।

**कन्या :** आज सतर्क रहना बहुत जरूरी है। आसपास के लोग आपके खिलाफ चाल चल सकते हैं। लापरवाही से नुकसान हो सकता है।

**तुला :** आज किस्मत आपका साथ देने को तैयार है। करियर में अच्छा फायदा मिलेगा और आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से रुका हुआ काम पूरा होगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन संतुलन का है। बाकी सब छोड़कर सेहत पर ध्यान देना जरूरी है। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, लेकिन आप उन्हें अच्छे से निभाएंगे।

**धनु :** आज घर में मांगलिक कार्यक्रम का माहौल बन सकता है। आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, जिससे मन को सुकून मिलेगा।

**मकर :** आज का दिन संतुलित लेकिन फलदायक है। आय बढ़ेगी और मन खुश रहेगा। नौकरी में फोकस बनाए रखना जरूरी है।

**कुंभ :** आज आपके लिए खास दिन है। भाई-बहनों का सहयोग आपको आगे बढ़ाएगा। दूर बैठे किसी अपने की याद दिल को छू सकती है।

**मीन :** आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। काम पर पूरा ध्यान दें, नहीं तो धन फंस सकता है। बड़ा रिस्क लेने से बचें और पार्टनरशिप में आंख बंद करके भरोसा ना करें।

**आज का पंचांग:** 17 अप्रैल शुक्रवार 2026। **दिशाशूल :** पश्चिम दिशा में रहेगा। **पर्व एवं त्योहार :** स्नानदान की अमावस्या। **विशेष :** पंचक (दोपहर 12.03 तक) विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, वसंत ऋतु वैशाख मास कृष्ण पक्ष अमावस्या तत्पश्चात प्रतिपदा, रेवती नक्षत्र तत्पश्चात अश्वनी नक्षत्र, वैधृति योग 07 घंटे 22 मिनट तक तत्पश्चात विषकुंभ योग, मीन में चंद्रमा 12 घंटे 03 मिनट तक तत्पश्चात मेष में।

-:आम-सूचना:-
मेरे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक, आरएसीपीसी 1, भोपाल की ओर से सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है, कि श्री अर्जुन गुप्ता आत्मज श्री त्रियुगी नारायण गुप्ता द्वारा एक किता आवासीय मकान नं. 10बी, जिसके भूखण्ड का क्षेत्रफल 1800.00 वर्गफिट है, जो अवधपुरी गृह निर्माण द्वारा विकसित कॉलोनी, अवधपुरी कॉलोनी, सेक्टर-बी, वार्ड नं. 60, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है एवं जिसकी चतुर्थ सीमाएं पूरब में-प्लाट नं. -11 सेक्टर- बी, पश्चिम मे-प्लाट नं.-9 सेक्टर-वी, उत्तर में-प्लाट नं.-23 सेक्टर-बी, एवं, दक्षिण में-80 फिट रोड, को साम्यिक बंधक किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संपत्ति वर्तमान में श्री जसवंत सिंह केलाशिया आत्मज स्व. श्री के. एल. केलाशिया के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य में है। उक्त सम्पत्ति से संबंधित मूल विक्रय पत्र दिनांक 14/02/2000, जो उप-पंजीयक कार्यालय भेपाल में पु. क्र. अ-1, गृ.नं.-15487, द.क्र. 4201ग, पर विधिवत पंजीबद्ध है, कहीं गुम हो जाने के कारण श्री जसवंत सिंह केलाशिया के पास उपलब्ध नहीं है, जिसके संबंध में उनके द्वारा पुलिस थाना चूनाभट्टी, जिला भोपाल में प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक 10/04/2026 को दर्ज कराई गई है, उक्त खो गये मूल विक्रय-पत्र का कोई दुरूपयोग न हो, इसलिये इस सूचना का प्रकाशन भी किया जा रहा है। मेरे पक्षकार बैंक में उक्त संपत्ति को उपरोक्त दस्तावेज के आधार पर साम्यिक बंधक किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय अर्धशासकीय निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई भार या ऋण हो या किसी अन्य व्यक्ति के हित निहित हो था कोई विवाद या ऋण हो या उक्त मूल विक्रय-पत्र दिनांक 14/02/2000, किसी भी व्यक्ति को गिले या किसी के पास हो तो गेरे पक्षकार बैंक में प्रस्तुत करें एवं इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर समस्त दस्तावेजी साक्ष्य के साथ मेरे कार्यालय (कार्यालयीन समय सांय 6 बजे से रात्रि 8 बजे) में आपत्ति दर्ज कराये, अन्यथा निर्धारित समयावधि के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को उपरोक्त दस्तावेज की सत्य प्रतिलिपि एवं शेष अन्य मूल दस्तावेजों के आधार पर बंधक कर ऋण प्रदान कर सकेगा। निर्धारित समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति। मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी और तत्संबंध में मेरा पक्षकार न्यायसंगत कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगा।
धर्मेन्द्र सिंह अधिवक्ता
Off.1-26, VARDHMAN GREEN PARK COLONY ASHOKA GARDEN, BHOPAL, M.P.
मो. 9827452301

OFFICE OF THE SECRETARY
KRISHI UPAJ MANDI SAMITI
NARSINGHGARH, Distt. RAJGARH
No./Nirman/26-27/44 Narsinghgarh, Dated : 08.04.2026
NOTICE INVITING TENDER
Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Name & Place of work 01 (2026_MPSAM_499960_1) Estimate for maintenance and strengthening of existing internal cc pavement (20 mm Bitumen carpet work) at mandi yard Narsinghgarh (PAC amount Rs. 16.40 Lac), work 02 (2026_MPSAM_499961_1) Repair and maintenance work for sulabh complex (sanjay nagar gate) and existing staff quarters at mandi yard Narsinghgarh (PAC amount Rs. 16.64 Lac) work 03 (2026_MPSAM_499962_1) Increase height of Covered Shed at main mandi yard Narsinghgarh (PAC amount Rs. 14.35 Lac).The following works Tender to be received online up to 5:30 PM on Dated 08.05.2026 Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**
**Note :-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**
M.P. Madhyam/125348/2026 SECRETARY

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान



| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| भोपाल | 40.5 | 23.6 |
| इंदौर | 40.1 | 21.7 |
| जबलपुर | 41.4 | 23.0 |
| ग्वालियर | 40.5 | 21.5 |

### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 40.3 | 20.3 |
| मुंबई | 33.1 | 24.0 |
| चेन्नई | 41.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 32.4 | 27.5 |

सूर्यास्त 6:42 PM
सूर्योदय 5:59 AM
चन्द्रोदय 4.54 PM
चन्द्रास्त 5:39 AM

नर्मदापुरम में परिजनों का खूनी बदला, मंदिर में छिपकर भंडारा खाते रहे आरोपी

# बेटी के अपहरण के आरोपी की आंखें फोड़ीं गला दबाकर हत्या, नग्न शव कुएं में फेंका

## आरोपी के जेल से छूटते ही पिता-भाई और जीजा ने उतारा मौत के घाट

## पुलिस ने मामले में पीड़िता के पिता सहित चार आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जागरण, नर्मदापुरम।** बेटी के अपहरण के आरोपी युवक के जेल से छूटते ही पीड़िता के परिजनों ने उससे खूनी बदला लिया। पीड़िता के पिता-भाई-जीजा ने युवक की आंखें फोड़ी और गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसे निर्वस्त्र कर लाश कुएं में फेंक दी। पूरा मामला प्रदेश में नर्मदापुरम जिले का है। पुलिस ने हत्या के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक युवक की पहचान अन्हाई गांव के रहने वाले 22 साल के विश्वास उर्फ छोटू गुर्जर के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक विश्वास लड़की को डरा-धमकाकर अपने साथ ले गया था और उससे शादी भी कर ली। पीड़िता की शिकायत पर बनखेड़ी थाने में विश्वास के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया था। वह करीब 10 दिन पहले ही जमानत पर रिहा हुआ था। जेल से बाहर आने के बाद वह लड़की और उसके परिजनों को धमकियां दे रहा था। हत्या के आरोपियों का कहना है कि जमानत पर जेल से छूटने के बाद विश्वास पीड़िता को परेशान कर रहा था। इससे नाराज होकर लड़की के पिता, भाई और जीजा सहित 4 परिजन ने विश्वास को अगवा कर लिया। फिर 35 किलोमीटर दूर ले जाकर गला घोंट दिया। वारदात के बाद चारों आरोपी तीन दिन तक एक मंदिर में छिपकर भंडारा खाते रहे। मालूम हो कि विश्वास के भाई राज सिंह गुर्जर ने 13 अप्रैल को बनखेड़ी थाने पहुंचकर उसके अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। बताया था कि उनके भाई पर अपहरण का आरोप लगाने वाले परिवार के सदस्य पीड़िता से शादी कराने की बात कहकर 12 अप्रैल की रात अपने साथ ले गए थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस जब पीड़िता के घर पहुंची तो पिता और भाई गायब मिले। पुलिस ने उनकी तलाश में रिश्तेदारों के घर छापे मारे। मुखबिरों को सक्रिय किया। इसके बाद चार आरोपियों को एक मंदिर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर कुएं से विश्वास का नग्न शव बरामद किया गया।

### शादी करवाने का कहकर घर से ले गए

जांच अधिकारी एसआई मनमोहन ठाकुर ने बताया कि पीड़िता के परिजन 12 अप्रैल की रात करीब 11 बजे विश्वास को उसके घर से यह कहकर ले गए थे कि उसकी शादी करवा देंगे। इसके बाद उसे स्विफ्ट कार में बैठाकर अन्हाई से करीब 35 किलोमीटर दूर नंदवाड़ा ले जाया गया। यहां विश्वास को जबरन कार से उतारा। दो लोगों ने विश्वास के हाथ पकड़ लिए जबकि दो ने पहले डंडों से मारपीट की, फिर गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपियों ने शव को निर्वस्त्र किया और सुखदेव रझड़ के खेत में बने कुएं में फेंक दिया। हत्या को अंजाम देने के बाद चारों आरोपी छींद स्थित हनुमान धाम मंदिर में जाकर छिप गए। भंडारे में भोजन करके दिन बिताते रहे थे।

### अपहरण के केस में जेल गया था

बनखेड़ी थाना प्रभारी विजय सनस ने बताया कि विश्वास गुर्जर आरोपी की बेटी को जबरन घर से ले गया था, उसने अपने घर में युवती से शादी कर ली। इस मामले में युवती के परिजन ने अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। इसी आधार पर विश्वास गुर्जर को अपहरण के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह करीब 10 दिन पहले ही जेल से बाहर आया था और युवती को फिर से परेशान करने लगा था।

## केन-बेतवा परियोजना पर 12 दिन बाद चिता आंदोलन समाप्त

**जागरण, छतरपुर।** प्रदेश के छतरपुर में केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत ढोडन बांध पर चल रहा 12 दिवसीय चिता आंदोलन गुरुवार को समाप्त हो गया। आदिवासी महिलाओं और किसानों ने पन्ना व छतरपुर जिला प्रशासन के अधिकारियों से हुई बैठक के बाद सशर्त आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया। यह आंदोलन डूब क्षेत्र में उचित मुआवजा और पुनर्वास की मांग को लेकर किया जा रहा था। प्रशासन ने बैठक में आश्वासन दिया कि मुआवजे और पुनर्वास से जुड़ी विसंगतियों को दूर करने के लिए अधिकारी गांव-गांव जाकर सर्वे करेंगे। विशेष रूप से, एसडीएम स्तर के अधिकारी मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आकलन करेंगे, ताकि पात्र हितग्राहियों को उनका हक मिल सके। प्रशासन ने 7 दिन में सर्वे और 10 दिन में समाधान का भरोसा दिया है।

### दस दिन के लिए स्थगित नहीं तो फिर आंदोलन

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, बल्कि इसे केवल 10 दिनों के लिए स्थगित किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रशासन ने मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की, तो क्षेत्र में एक बार फिर बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## रीवा में पुल बंद होने से 15 घंटे जाम, 15 किमी तक फंसे वाहन



**जागरण, रीवा।** प्रदेश के रीवा में बीहर पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी परेशानी हो रही है। बुधवार रात बेला बायपास और उससे जुड़े मार्गों पर जाम लग गया। जाम के कारण बेला बायपास से मैहर टोल प्लाजा तक करीब 15 किलोमीटर तक वाहनों की कतारें दिखाई दीं। 15 घंटे बाद कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुला। मौके पर पहुंची रीवा और सतना पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद यातायात बहाल कराया। जाम में फंसे ट्रक चालक लंबे समय तक भूखे-प्यासे इंतजार करते रहे। रीवा बायपास मार्ग पर स्थित बीहर नदी पुल के मरम्मत कार्य के कारण ट्रैफिक डायवर्जन किया है। सतना, मैहर, प्रयागराज और मिर्जापुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों के लिए नए मार्ग निर्धारित किए गए हैं। रीवा के चौरहटा बायपास पर बीहर नदी का पुल साल 2005 में पाथ इंडिया कंपनी ने बनाया था। करीब 20 साल में ही यह पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि इसकी उम्र लगभग 50 साल मानी गई थी। पुल के गर्डर और पियर कैप में दरारें आने के कारण प्रशासन ने 30 अप्रैल तक भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी है। रतहरा से चौरहटा तक का यह मुख्य मार्ग प्रभावित है। मैहर एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने अपील की है कि प्रयागराज और वाराणसी जाने वाले भारी वाहन मैहर, सतना और चित्रकूट के रास्ते जाएं।

## विधायक पुत्र ने थार से पांच लोगों को मारी टक्कर, एफआईआर दर्ज

### पिछोर भाजपा विधायक प्रीतम लोधी के बेटे पर लगे आरोप



**जागरण, शिवपुरी।** प्रदेश में शिवपुरी जिले के करैरा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह हुए सड़क हादसे ने जिले की सियासत और कानून-व्यवस्था दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया। पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी के पुत्र दिनेश लोधी पर आरोप है कि उन्होंने तेज रफ्तार थार से 5 लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें तीन बाइक सवार मजदूर और दो पैदल महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना सुबह करीब 7.30 बजे थाने के सामने की बताई जा रही है। दतिया जिले के संहेड़ा निवासी संजय परिहार अपने साथियों आशीष और अंशुल के साथ बाइक से मजदूरी के लिए जा रहे थे, उनके आगे सीता वर्मा और पूजा सोनी पैदल चल रही थीं। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार थार ने पहले बाइक को जोरदार टक्कर मारी, जिससे तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और फिर दो महिलाओं को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लिखा- विधायक के लिए पुत्र-परिवार बड़ा नहीं होता, जनता सर्वोपरि होती है। पुलिस-प्रशासन से उम्मीद है कि करैरा पीड़ितों को न्याय दिलवाए। चश्मदीदों के अनुसार, हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल सड़क पर तड़पते रहे, जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

## धर्मांतरण कर दुष्कर्म के मामले में भोपाल के तीन युवकों पर केस दर्ज

**जागरण अशोकनगर।** पिपरई थाना क्षेत्र की एक किशोरी अपने मामा के घर मंडीदीप में रह रही थी। इसी दौरान एक युवक ने उसका ब्रेनवाश कर उसका धर्मांतरण कराया और उससे निकाह कर उसके साथ करीब दस से पंद्रह बार दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार उसकी दो नाबालिग सहेलियों के साथ भी आरोपी के दो दोस्तों ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपियों पर दुष्कर्म, पॉस्को एक्ट एवं अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। गुरुवार को पिपरई निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी एवं उसकी दो सहेलियों के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि उनकी बेटी मंडीदीप में अपने मामा के पास रहती थी एवं बीच-बीच में पिपरई आती-जाती रहती थी। 14 तारीख को जब बेटी पिपरई आई तो वह बुर्का पहने थी, जब उससे पूछा तो उसने बताया कि भोपाल के चेतक ब्रिज हबीबगंज निवासी अल्तामश खान उसे पिपरई स्टेशन पर बहला-फुसलाकर ट्रेन से भोपाल ले गया। वहां पीड़िता का हिंदू से मुस्लिम धर्म परिवर्तन कराकर निकाह किया। इसके बाद प्रभात चौराहा भोपाल के घर पर पीड़िता को डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद 10-15 बार विभिन्न स्थानों पर जबरन जबरन संबंध बनाए। आरोपी के दो दोस्तों ने भी पीड़िता की नाबालिग सहेलियों से दुष्कर्म किया।

## भाजपा नेता के भतीजे ने किया महिला पर हमला, केस दर्ज नहीं



**जागरण, खंडवा।** खंडवा में भाजपा के पंधाना तहसील के बोरगांव मंडल अध्यक्ष के भतीजे ने घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया। आरोपी नाकाम रहा तो उसने महिला के स्तन काट दिया और पसलियों में कई वार किए। वारदात के दौरान महिला के पति आ गया और आरोपी भाग गया। मामला पंधाना थाना क्षेत्र का है। घटना 11 अप्रैल की आधी रात की बताई जा रही है। पीड़िता का पति बुरहानपुर गया था। इसी दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र पटेल का भतीजा आरोपी आकाश पटेल घर के पीछे खेत की तरफ से पहुंचा और खिड़की की जाली तोड़कर घर में घुस गया। पति के मुताबिक वह रात में अचानक घर लौटा तो उसने पत्नी को घायल अवस्था में देखा।

### छह दिन बाद भी एफआईआर नहीं

पीड़िता के पति का आरोप है कि घटना के बाद वे बोरगांव बुजुर्ग चौकी पहुंचे, लेकिन पुलिस ने अस्पताल जाने की सलाह देकर टाल दिया। अस्पताल चौकी पुलिस और तहसीलदार ने बयान दर्ज किए, लेकिन 6 दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई।

"इस तरह की कोई लिखित शिकायत नहीं आई है। अस्पताल से मिली एमएलसी रिपोर्ट में मामला पति-पत्नी के विवाद का बताया गया था, इसलिए एफआईआर दर्ज नहीं की।
**- अविनाश भोपले**, चौकी प्रभारी

"महिला की हालत फिलहाल स्थिर है। स्तन में करीब एक इंच गहरा घाव है। सीने के नीचे हल्का कट है।
**- डॉ. एमएल कलमे**, सर्जरी विशेषज्ञ, जिला अस्पताल

## अस्पताल में डॉक्टर नहीं मिले तोड़ा दम, स्कूटी पर ले गये शव



सीधी के सेमरिया सामुदायिक केंद्र का शर्मसार करने वाला मामला

**जागरण, सीधी।** प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोलती तस्वीर इस बार सीधी जिले के सेमरिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आई है। यहां 50 साल के रामसजीवन गुप्ता इलाज के अभाव में तड़पते रहे और आखिरकार उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में उस समय न तो कोई डॉक्टर मौजूद था और न ही जिम्मेदार स्टाफ, जिससे समय पर इलाज नहीं मिल सका। रात करीब 11 बजे रामसजीवन की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें तत्काल सेमरिया अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों को निराशा हाथ लगी। बेटा-बेटी मदद के लिए अस्पताल परिसर में इधर-उधर भटकते रहे, गुहार लगाते रहे, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था। इलाज के इंतजार में मरीज तड़पता रहा और आखिरकार उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थिति और भी अमानवीय हो गई। परिजनों को न तो एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई और न ही शव वाहन। मजबूरी में परिवार को अपने ही सदस्य के शव को स्कूटी पर बैठाकर घर ले जाना पड़ा।

## महाकाल मंदिर के पास चल रहा था अवैध बूचड़खाना, दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस के छापे में काटने के लिए लाए जिंदा बछड़े, मांस सहित धारदार हथियार बरामद

**जागरण, उज्जैन।** शहर स्थित महाकाल मंदिर के पास किसी भी तरह के मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगे होने के बावजूद यहां अवैध कत्लखाना चलने का मामला सामने आया है। इससे हड़कंप मच गया। दरअसल महाकाल थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध कत्लखाने पर पुलिस ने दबिश देकर जिंदा गाय के बछड़े समेत मौके से भारी मात्रा में मांस, धारदार हथियार और एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस को मुखबिर से महाकाल थाना क्षेत्र के एक संदिग्ध मकान में चोरी-छिपे पशु काटे जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद रात को पुलिस टीम ने दबिश दी। मकान के अंदर प्रवेश करने पर पुलिस को कटे हुए मांस के टुकड़े, खून के निशान और पशु कटाई में इस्तेमाल धारदार हथियार मिले। आरोपी पाड़ों का मांस बेचने की तैयारी में थे। पुलिस को देखते ही दोनों आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें तुरंत पकड़ लिया। आरोपियों के पास से जिंदा बछड़े, मांस और धारदार हथियार बरामद किये।

## उज्जैन में कीटनाशक गैस से दो बच्चों की मौत, तीन की हालत गंभीर, 1 इंदौर रेफर



**जागरण, उज्जैन।** गर्मियों की छुट्टी में नानी के घर आए बच्चे कीटनाशक गैस के कारण हादसे का शिकार हो गए। गैस के प्रभाव से दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत गंभीर है। इनमें से एक को नाजुक हालत में इलाज के लिए इंदौर रेफर किया है। दो का इलाज उज्जैन के अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद पुलिस और फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम भी जांच कर रही है। दुर्घटना उज्जैन शहर के इंदौर रोड स्थित त्रिवेणी हिल्स में लालचंद प्रजापत के घर हुई। पुलिस के मुताबिक, लालचंद की बड़ी बेटी पूजा की शादी शाजापुर और छोटी बेटी रीना की शादी कायथा में हुई है। गर्मियों की छुट्टियां बिताने दोनों बहनें करीब 10 दिन पहले अपने बच्चों के साथ मायके उज्जैन आई हैं। रात को सभी लोग एक ही कमरे में सोए थे लेकिन मंगलवार को सभी की तबीयत बिगड़ गई। डेढ़ माह की त्रिशा के मुंह से झाग निकलता देख उसे तुरंत अस्पताल ले गए। यहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके अगले दिन चार साल की अनिका उर्फ अन्नू की भी मौत हो गई। जेनिशा को इंदौर रेफर किया है, जबकि रेहान और येशु का इलाज उज्जैन के अस्पताल में चल रहा है।

### सही वजह अभी पता नहीं

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि जिस कमरे में सभी लोग सो रहे थे, उसमें करीब चार क्विंटल गेहूं रखा था। इसमें कीटनाशक दवा डाली गई थी। जिसकी गैस रातभर कमरे में फैलती रही। बच्चों का इलाज कर रहे डॉ. जितेंद्र शर्मा ने कहा कि गेहूं में रखने के लिए जिस सल्फास का इस्तेमाल किया जाता है, उससे गैस बनती है।

## बिजनेस प्लस

### जलवायु परिवर्तन पहल में उत्कृष्टता के लिए पावरग्रिड को ग्रीन वर्ल्ड अवॉर्ड मिला



**गुरुग्राम।** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न सार्वजनिक उपक्रम को जलवायु परिवर्तन श्रेणी में प्रतिष्ठित ग्रीन वर्ल्ड अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार यूनाइटेड किंगडम के वेल्स स्थित कार्डिफ कैसल में आयोजित एक औपचारिक समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति पावरग्रिड की निरंतर प्रतिबद्धता तथा जलवायु अनुकूल प्रचालन पद्धतियों को अपनाने के प्रयासों को मान्यता दी गई। यह सम्मान विपुल सिंह, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (सीएसआर), तथा मनु सिन्हा, उप महाप्रबंधक (सीएसआर) ने प्राप्त किया।

### पश्चिम रेलवे आखातीज पर चलाएगा स्पेशल ट्रेन

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा आखातीज त्योहार पर यात्रा मांग को पूरा करने के लिए बांद्रा टर्मिनस और पालीताना स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के मुताबिक ट्रेन संख्या 09023 बांद्रा टर्मिनस-पालीताना स्पेशल शनिवार, 18 अप्रैल को बांद्रा टर्मिनस से 14.40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 05.00 बजे पालीताना पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09024 पालीताना-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल सोमवार, 20 अप्रैल को पालीताना से 20.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11.20 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, अंकलेश्वर, वडोदरा, अहमदाबाद, बोटाद, धोला, सोनगढ़ और सिहोर (गुजरात) स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास कोच होंगे।

### एनबीसीसी ने अंबेडकर जयंती पर लीशर वैली में सैंपल फ्लैट का किया अनावरण



**नई दिल्ली।** एनबीसीसी ने लीशर वैली, ग्रेटर नोएडा में भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती को श्रद्धापूर्वक मनाया। राष्ट्र निर्माण तथा सामाजिक न्याय में उनके अद्वितीय योगदान को याद करते हुए बाबा साहेब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में आर वेंकटरमणि, भारत के महान्यायवादी एवं लर्नेड कोर्ट रिसीवर (आम्रपाली परियोजनाएँ), डॉ. केपी महादेवास्वामी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनबीसीसी तथा डॉ. सुमन कुमार, निदेशक (वाणिज्य) की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान वरिष्ठ अधिकारीगण और अन्य गण्यमान जन भी मौजूद रहे। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, एनबीसीसी ने लीशर वैली एफएआर परियोजनाओं, ग्रेटर नोएडा में सैंपल फ्लैट का उद्घाटन भी किया, जो चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति को प्रदर्शित करता है। इस कार्यक्रम के दौरान श्रमजीवियों और उनके बच्चों को सम्मानित किया गया। इसका तात्पर्य यह था कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और प्रगतिशील एवं समावेशी भारत के पथ-प्रदर्शक हैं, उनकी आकांक्षाओं को प्रोत्साहित करने हेतु उपहार और प्रशंसात्मक प्रतीक प्रदान किए गए।

### पीएनजी के विस्तार में आई तेजी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता घटाने के लिए पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) के विस्तार को तेज कर रही है। मार्च 2026 के बाद 4.40 लाख कनेक्शन चालू हुए 4.88 लाख आवेदन मिले। प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण आदेश 2026 तथा राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 (30 जून 2026 तक विस्तारित) तहत शहरी गैस वितरण, त्वरित अनुमोदन और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी पर जोर है। केंद्र, राज्य और सीजीडी कंपनियों के समन्वय से बुनियादी ढांचा मजबूत किया जा रहा है और पेट्रोल-डीजल-एलपीजी आपूर्ति पर निगरानी रखी जा रही है।

## श्योपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, चार महिलाओं की मौत, 28 घायल

### बड़ौदा में 'भात मांगने' जा रहे गुर्जर समाज के लोग हादसे का शिकार



**जागरण, श्योपुर।** प्रदेश के श्योपुर जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र के खितरपाल गांव में गुरुवार की रात को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चार महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 28 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। लोग मदद के लिए चिल्लाने लगे। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। ट्रैक्टर के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस से सभी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। इनमें से 4 गंभीर मरीजों को ग्वालियर रेफर किया है। जानकारी के मुताबिक, मृतक महिलाओं की पहचान सरोज गुर्जर, सुनैना गुर्जर, सीमा गुर्जर और गीता राव के रूप में हुई है। वीरपुर के घुघस गांव से गुर्जर समाज के लोग पार्वती बड़ौदा में 'भात मांगने' जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे सवार थे, जिससे हादसे में ज्यादा लोग चपेट में आ गए। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## थार और बलेनो की टक्कर में मां-बेटे की दर्दनाक मौत

**जागरण, खंडवा।** जिले के मूंदी थाना क्षेत्र में थार और बलेनो कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर में मां-बेटे की दर्दनाक ही मौत हो गई, जबकि बेटी सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पहले मूंदी में प्राथमिक उपचार दिया, जिसके बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल खंडवा रेफर किया। ग्राम जलवा निवासी सौरभ राठौर 28 वर्ष अपनी मां सुमन बाई 58 वर्ष और बहन सारिका, रिश्तेदारों के साथ कार से मूंदी की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे थार वाहन ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सौरभ और उनकी मां सुमन बाई की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में सारिका राठौर, रविंद्र राठौर (दोनों पिता राजेंद्र, निवासी जलवा) और रविंद्र (पिता दिनेश, निवासी देशगांव) गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

**बेटी की चार दिन बाद होना है शादी** : 21 अप्रैल को सारिका की शादी होने वाली है। इससे परिवार में खुशी का माहौल है। सारिका की शादी होने के चलते ही वे मूंदी में खरीददारी करने जा रहे थे, लेकिन इस हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया।

**पश्चिम एशिया संघर्ष का असर: एविएशन-टूरिज्म सेक्टर को 18,000 करोड़ का नुकसान**

# विदेशी पर्यटक 20% तक घटे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर अब भारत के एविएशन, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर साफ दिखने लगा है। पीएचडीसीसीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, विदेशी पर्यटकों (इनबाउंड ट्रैवल) में 15-20 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि एविएशन इंडस्ट्री को करीब 18,000 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।

रिपोर्ट के अनुसार, एयरलाइंस पर सबसे अधिक असर पड़ा है। उड़ानों की रद्दीकरण और एयरस्पेस प्रतिबंध के साथ अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स को नए रास्तों से भेजना (री-रूटिंग) और उड़ान समय में 2-4 घंटे की बढ़ोतरी ने एयरलाइंस को प्रभावित किया है। इससे ईंधन खपत बढ़ी और ऑपरेटिंग कॉस्ट में इजाफा हुआ। ध्यान देने वाली बात यह है कि एयरलाइंस के कुल खर्च में ईंधन पहले ही 35-40 फीसदी हिस्सा रखता है। रिपोर्ट के मुताबिक, विदेशी पर्यटकों की संख्या में 15-20 फीसदी की कमी आई है। खासकर घूमने-फिरने वाले यात्रियों में गिरावट दर्ज की गई है। वैश्विक अस्थिरता के कारण लोग यात्रा से बच रहे हैं। हालांकि, घरेलू पर्यटन (डोमेस्टिक ट्रैवल) अभी भी कुछ हद तक सहारा दे रहा है।

## सरप्लस खत्म, अब डिफिसिट में पहुंचा वैश्विक तेल बाजार



ईरान से जुड़े मौजूदा संघर्ष ने वैश्विक तेल बाजार का संतुलन पूरी तरह बदल दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जो बाजार 2025 में सरप्लस (अधिशेष) में था, वह 2026 की शुरुआत में डिफिसिट (कमी) में पहुंच गया है। यस सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार 2025 में तेल बाजार में औसतन 2.3 मिलियन बैरल प्रतिदिन का सरप्लस था, लेकिन 2026 में संघर्ष के कारण सप्लाई बाधित हो गई। अप्रैल 2026 तक उत्पादन में 10 मिलियन बैरल प्रतिदिन तक की गिरावट दर्ज की गई। बाजार में औसतन 1.4 मिलियन बैरल प्रतिदिन की कमी (डिफिसिट) बन गई है। यानी, जो अतिरिक्त सप्लाई कीमतों को स्थिर रखती थी, वह पूरी तरह खत्म हो गई। रिपोर्ट बताती है कि प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्रों में उत्पादन ठप हुआ, जिससे सप्लाई चेन प्रभावित हुई ओर बाजार का 'बफर' खत्म हो गया। इसी कारण तेल की कीमतों पर दबाव बढ़ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक मार्च और अप्रैल में जो सप्लाई शॉक आया, वह पूरे साल जारी नहीं रहेगा। उम्मीद है कि संघर्ष जल्द कम होगा। इसलिए, साल के अंत तक बाजार फिर से संतुलन की ओर लौट सकता है।

### हॉस्पिटैलिटी और होटल इंडस्ट्री पर दबाव

- होटल सेक्टर में ऑक्यूपेंसी घरेलू यात्राओं से बनी हुई है
- बढ़ती लागत और घटती विदेशी मांग से मार्जिन पर दबाव
- प्रीमियम और बिजनेस होटल ज्यादा प्रभावित

### रेस्टोरेंट सेक्टर भी संकट में

- करीब 10 फीसदी रेस्टोरेंट बंद होने की खबर
- कारोबार में हर महीने लगभग 79,000 करोड़ की गिरावट
- इनपुट लागत (कच्चा माल, ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स) में 10-15 फीसदी बढ़ोतरी
- हालांकि, फूड डिलीवरी और घरेलू मांग से कुछ राहत मिल रही है।

### यात्रा के रुझान में बदलाव

भारतीय यात्री अब शॉर्ट-हॉल डेस्टिनेशन (थाईलैंड, सिंगापुर, वियतनाम) को प्राथमिकता दे रहे हैं। लंबी दूरी की यात्राओं में कमी आई है।

**सोना-चांदी में जोरदार उछाल**

## चांदी 2.51 लाख और सोना 1.53 लाख पर




**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोना-चांदी की कीमतों में 16 अप्रैल को लगातार दूसरे दिन तेज बढ़त दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, चांदी और सोने दोनों के दामों में उल्लेखनीय उछाल आया है।

**ताजा भाव**

- **चांदी:** 2,273 रुपए की बढ़त के साथ 2.51 लाख रुपए प्रति किलो
- **सोना (24 कैरेट):** 241 रुपए बढ़कर 1,53,106 रुपए प्रति 10 ग्राम

दो दिनों में सोना 3,095 रुपए और चांदी 14,311 रुपए तक उछली है। इसके पीछे प्रमुख वजहें अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की उम्मीद, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, महंगाई का दबाव कम होना और डॉलर का कमजोर होना मानी जा रही हैं। निवेशक फिर से सोना-चांदी जैसे सुरक्षित निवेश की ओर बढ़े हैं।

# युद्ध के बीच बड़ा फैसला : अब अमेरिका में कार कंपनियों से बनवाए जाएंगे हथियार

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका ने वैश्विक युद्ध जैसे हालात के बीच एक बड़ा रणनीतिक फैसला लिया है। सरकार अब ऑटोमोबाइल कंपनियों को हथियार और सैन्य उपकरण बनाने के लिए शामिल करने पर विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, पेंटागन इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है और कार निर्माता कंपनियों के साथ शुरुआती स्तर की बातचीत जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा अधिकारियों ने प्रमुख ऑटो कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से संपर्क किया है, जिनमें जनरल मोटर्स की सीईओ मैरी बारा और फोर्ड मोटर के सीईओ जिम फार्ले शामिल हैं। इन कंपनियों से हथियार, सैन्य वाहन और अन्य उपकरणों के उत्पादन को बढ़ाने पर चर्चा हो रही है। ये कंपनियां पहले से ही अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों को वाहन सप्लाई करती रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस पहल में और भी कंपनियां जैसे जीई एयरोस्पेस और ओशकोश कॉर्पोरेशन शामिल हो सकती हैं। इनसे पूछा गया है कि क्या वे तेजी से रक्षा उत्पादन में योगदान दे सकती हैं। ईरान के साथ बढ़ते तनाव और अन्य वैश्विक संघर्षों ने अमेरिकी रक्षा उद्योग पर भारी दबाव डाल दिया है। रक्षा विभाग का मानना है कि मौजूदा डिफेंस कंपनियां अकेले मांग पूरी नहीं कर पाएंगी। इसलिए पूरे औद्योगिक ढांचे को रक्षा उत्पादन में शामिल करना जरूरी है।

### इसलिए लिया जा रहा है यह फैसला



- यूक्रेन और ईरान जैसे संघर्षों के चलते अमेरिका के हथियारों का स्टॉक तेजी से घटा है।
- पारंपरिक रक्षा कंपनियां मौजूदा मांग पूरी करने में दबाव महसूस कर रही हैं।
- युद्ध की स्थिति लंबी खिंचने पर उत्पादन क्षमता अपर्याप्त पड़ सकती है।

### दूसरे विश्व युद्ध जैसी रणनीति

यह कदम काफी हद तक द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपनाई गई नीति जैसा है, जब अमेरिका ने कार कंपनियों से टैंक, विमान और हथियार बनवाए थे। अब एक बार फिर उसी तरह की 'वॉरटाइम मैन्युफैक्चरिंग' रणनीति पर विचार हो रहा है।

**शेयर बाजार में गिरावट**

# सेंसेक्स 123 अंक टूटा निफ्टी 24,197 पर बंद



**नई दिल्ली, जेएनएन।** 16 अप्रैल को शेयर बाजार में हल्की गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 123 अंक (0.16 फीसदी) गिरकर 77,989 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 35 अंक (0.14 फीसदी) टूटकर 24,197 के स्तर पर आ गया।

आज के कारोबार में सेक्टरवार मिला-जुला रुख रहा। मेटल और आईटी शेयरों में ज्यादा खरीदारी हुई तो ऑटो और प्राइवेट बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली का दबाव रहा। इससे बाजार में संतुलन बना रहा, लेकिन अंत में इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। ध्यान देने वाली बात यह है कि 15 अप्रैल को बाजार में जोरदार तेजी रही थी। सेंसेक्स 1,264 अंक चढ़कर 78,111 पर बंद हुआ था और निफ्टी 388 अंक बढ़कर 24,231 तक पहुंच गया था। आज की गिरावट को मुनाफावसूली के रूप में भी देखा जा रहा है। कुल मिलाकर, बाजार में फिलहाल बड़ी गिरावट नहीं बल्कि हल्का दबाव और संतुलन दिखाई दे रहा है। आने वाले दिनों में वैश्विक संकेत और सेक्टर परफॉर्मेंस दिशा तय करेंगे।

### निवेशकों के लिए संकेत

- बाजार फिलहाल कंसोलिडेशन (स्थिरता) के दौर में है
- सेक्टर-आधारित मूवमेंट देखने को मिल रहा है
- सपोर्ट और रेजिस्टेंस के बीच ट्रेडिंग जारी रह सकती है

**लैंसकार्ट का ड्रेस विवाद**

## बिंदी-तिलक पर रोक हिजाब को मंजूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लेंसकार्ट अपने ड्रेस कोड को लेकर विवादों में घिर गई है। सोशल मीडिया पर कंपनी की एक कथित 'ग्रूमिंग गाइडलाइन' का दस्तावेज वायरल हो रहा है, जिसमें कर्मचारियों के धार्मिक प्रतीकों को लेकर अलग-अलग नियम बताए गए हैं। वायरल डॉक्यूमेंट के अनुसार महिला कर्मचारियों को बिंदी और क्लचर पहनने की अनुमति नहीं है। हाथ में पहने जाने वाले धार्मिक धागे (कलावा) या रिस्ट बैंड हटाने को कहा गया है। वहीं हिजाब और पगड़ी को शर्तों के साथ मंजूरी दी गई है। इस दस्तावेज के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई कि कंपनी की नीति धार्मिक प्रतीकों के प्रति भेदभावपूर्ण है।

**मुक्त व्यापार समझौता**

## 27 को होगी भारत-न्यूजीलैंड ट्रेड डील

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच बहुप्रतीक्षित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर 27 अप्रैल को हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह समझौता नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया-न्यूजीलैंड बिजनेस फोरम की बैठक के बाद साइन होगा।

इस व्यापार समझौते के तहत भारतीय निर्यातकों को न्यूजीलैंड के बाजार में टैरिफ-फ्री (शुल्क-मुक्त) पहुंच मिलेगी और अगले 15 वर्षों में करीब 20 अरब डॉलर निवेश आने की संभावना है। दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा दोनों देशों ने दिसंबर 2025 में इस समझौते पर बातचीत पूरी की थी। इसका लक्ष्य अगले 5 साल में द्विपक्षीय व्यापार को 5 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

**जेन-जी में विंटेज घड़ियों का क्रेज**

# बाजार 42 लाख करोड़ पर खरीदारी 44 फीसदी बढ़ी

**लंदन, जेएनएन।** आज के डिजिटल दौर में जहां समय मोबाइल और स्मार्ट डिवाइस पर आसानी से दिख जाता है, वहीं नई पीढ़ी यानी जेन-जी के बीच पुरानी (विंटेज) घड़ियों का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। अब घड़ियां सिर्फ समय देखने का साधन नहीं, बल्कि स्टाइल, पहचान और नॉस्टैल्जिया (पुरानी यादों) का प्रतीक बनती जा रही हैं। ब्रिटेन के युवा इवान फ्राई इसका उदाहरण हैं। उन्होंने 50 साल पुरानी 35 से ज्यादा घड़ियां कलेक्ट की हैं, जिनकी कीमत 90 हजार से 3 लाख तक रुपए तक है। उनके कलेक्शन में टैग ह्यूअर कैरेरा जैसी महंगी घड़ी भी शामिल है। दिलचस्प बात यह है कि यह पीढ़ी बचपन से स्मार्टफोन और डिजिटल स्क्रीन पर समय देखती आई है, फिर भी पुरानी घड़ियों की ओर आकर्षित हो रही है। 2018 के बाद जेन-जी के बीच विंटेज घड़ियों की खरीदारी 44 फीसदी बढ़ी है। ग्लोबल सेकेंड-हैंड/विंटेज वॉच मार्केट करीब 26-27 लाख करोड़ रुपए का है और हर साल लगभग 9 फीसदी की दर से वृद्धि। 2030 तक यह बाजार 42 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। वॉच प्लेटफॉर्म क्रोनो-24 के मुताबिक, इस बाजार में जेन-जी की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। कंपनियां अब युवाओं पर फोकस कर रही हैं। विंटेज घड़ियां बेचने वाली कंपनियों के अनुसार जेन-जी ग्राहक अब कुल बिक्री का बड़ा हिस्सा बन चुके हैं।




**पूर्व मध्य रेल**

**ई-खुली निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/यांत्रिक/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-खुली निविदा ई-निविदा सूचना सं० - (cw-sonpur-05-2026) आमंत्रित करते है जिसका विवरण निम्न है। **(1) कार्य का नाम एवं स्थान:** Provision for the work of "Outsourcing of various activities which include welding, door repair and replacement, EM Pad change, Adaptor change at Garhara Freight Depot for 02 years. **(2) कार्य की अनुमानित लागतः** Rs. 3,40,54,688.30/- (रु० तीन करोड चालीश लाख चौवन हजार छ सौ अथाठ्सी रुपए और तीस पैसा मात्र) **(3) अग्रिम राशि देयः** Rs. 6,81,100.00 (रु० छ लाख एकाशी हजार एक सौ मात्र) **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय तथा निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** निविदा जमा करने की तिथि एवं समय 04.05.2026 को 15.00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि एवं समय 04.05.2026 को 15.00 बजे के बाद **(5) वेवसाइट का विवरण एवं ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** https://www.ireps.gov.in. रेलवे प्रकाशन के द्वारा निविदा को किसी भी समय रद्द/स्थगन या परिवर्तन बिना कारण बताये हुए करने का अधिकार सुरक्षित है। **समयांई/सी एंड डब्लू/सोनपुर पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**

पीआर/0071/एसईई/सीएण्डडब्लू/टी/26-27/36



**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**राजभाषा विभाग**

**राजभाषा हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन हेतु राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना - वर्ष 2025**

राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मौलिक रूप से राजभाषा हिंदी में पुस्तक लेखन एवं हिंदी में अनूदित पुस्तक को प्रोत्साहित करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी संकल्प संख्या 11034/01/2023-राजभाषा (नीति) दिनांक 09/03/2026 के अनुसरण में **'राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना'** के अंतर्गत निम्नलिखित पांच श्रेणियों में (प्रथम चार श्रेणियों हेतु 01.01.2025 से 31.12.2025 व अनुवाद की श्रेणी हेतु 01.01.2024 से 31.12.2025 के दौरान व प्रकाशित) पुस्तकें आमंत्रित की जाती हैं।

**विषयः** पुस्तकें निम्नलिखित विषयों पर लिखी हो सकती है:-

i) इंजीनियरी, इलेक्ट्रानिक्स, कंप्यूटर विज्ञान, भौतिकी, जीव विज्ञान, ऊर्जा, अंतरिक्ष विज्ञान, आयुर्विज्ञान, रसायन विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, मनोविज्ञान तथा समसामयिक विषय जैसे उदारीकरण, भूमंडलीकरण, उपभोक्तावाद, मानवाधिकार, प्रदूषण पर हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन हेतु राजभाषा गौरव पुरस्कार। **(3 पुरस्कार, 3 प्रोत्साहन)**

ii) विधि और पुलिस अनुसंधान, न्यायालयिक विज्ञान, अपराधशास्त्र और पुलिस प्रशासन पर हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन हेतु राजभाषा गौरव पुरस्कार। **(2 पुरस्कार, 2 प्रोत्साहन)**

iii) संस्कृति, धर्म, कला, धरोहर पर हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन हेतु राजभाषा गौरव पुरस्कार। **(2 पुरस्कार, 2 प्रोत्साहन)**

iv) 'ग' क्षेत्र के लेखकों द्वारा हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन (उपरोक्त सभी श्रेणियों के विषयों पर लिखी पुस्तकें) **(2 पुरस्कार, 2 प्रोत्साहन)**

v) अनुदित पुस्तकों हेतु राजभाषा गौरव पुरस्कार-अंग्रेजी व अन्य भारतीय भाषाओं से हिंदी में अनुदित पुस्तकें व क्लासिक साहित्य का हिंदी अनुवाद। **(2 पुरस्कार, 2 प्रोत्साहन)**

**पात्रता :** भारत का कोई भी नागरिक इस पुरस्कार योजना में भाग ले सकता है।

उपर्युक्त योजनाओं के संबंध में प्रपत्र तथा पूरा विवरण विभाग की वेबसाइट https://rajbhasha.gov.in पर उपलब्ध है। पुस्तकें भेजने की अंतिम तिथि 31.05.2026 है।

**निदेशक (कार्यान्वयन. 2)**
011-23438129

**cbc19201/11/0001/2627**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़**

निविदा सूचना क्रमांक 01/निविदा/2026-27 राजगढ़, दिनांक 10.04.2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| स. क्र. | टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_499445_1 | राजगढ़ | निर्माण कार्य | निर्माण कार्य नाली एवं सी.सी. मार्ग ग्राम ब्राहमणगांव लम्बाई 700 मीटर | प्रथम | 91.45 | 91450.00 | 3 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2026_PWDRB_499454_1 | राजगढ़ | पी.बी.एम.सी. कार्य | पी.बी.एम.सी. कार्य बोड़ा पचोर मार्ग लम्बाई 9.48 कि.मी. | द्वितीय | 327.70 | 327700.00 | 60 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | | योग- | | 419.15 | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम **दिनांक 28.04.2026 *सायं 17:30*** बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

अमानत राशि एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन स्वीकार किये जावेंगे।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़**

जी-11610/26

**पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, हरदा जिला-हरदा (म.प्र.)**

Cmoharda@mpurban.gov.in © 07577-225301

क्रमांक/2053/रा.वि./2026 हरदा, दिनांक 13/4/2026

**// ऑनलाईन निविदा सूचना //**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, हरदा द्वारा वित्तिय वर्ष 2026-2027 हेतु विज्ञापन होर्डिंग ई-निविदा के माध्यम से ठेके पर दिया जाना हैं। ठेके की अवधि दिनांक 01/05/2026 से 31/03/2027 तक (11 माह) की रहेगी।

| क्र. | वर्ष 2026-2027 में विज्ञापन होर्डिंग की संख्या | विक्रय मूल्य की राशि | अमानत राशि | ठेके की समयावधि | ठेके की प्रिमियम राशि पर सेवाकर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 149 | 17,44,853 | 43,621 (बैंक ड्राफ्ट/ नगद) | 01/05/2026 से 31/03/2027 | 18% |

निविदा वेबसाईड www.mptender.gov.in पर निम्नानुसार दरें आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाईड पर दिनांक 16/4/26 से 15/5/26 तक क्रय की जा सकती हैं। बिड समिट दिनांक 15/5/26 समय शाम 6:00 तक है। निविदा संशोधित होने की स्थिति में वेबसाईड पर देखी जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं नियम नगर पालिका के राजस्व शाखा में देखी/पढ़ी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, हरदा**



**जाहिर सूचना**

**न्यायालय नायब तहसीलदार अनुराग रावत, तहसील बसौदा- वृत्त उदयपुर, जिला विदिशा (म.प्र.)**
**एसिक्स बैंक - शाखा सुभाष रोड - विदिशा जिला विदिशा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ऐसिक्स बैंक शाखा सुभाष रोड - विदिशा तहसील व जिला विदिशा के निम्नलिखित बकायादारों को म.प्र. लोकधन (शोध्य राशियों की वसूली) नियम 1988 के अनुसार दर्ज आर. आर. सी. प्रकरणों में बकाया राशि की वसूली की कार्यवाही के लिए पूर्व में मांग की सूचना पत्र व द्वितिय सूचना पत्र प्रेषित किये गये थे, दोनों सूचना पत्र प्रेषित किये जाने के बाद भी जिन बकायादारों द्वारा बैंक के ऋण का भुगतान आज दिनांक तक नहीं किया गया हैं, उन बकायादारो को कुर्की सूचना पत्र जारी किये जा चुके है। बकायादारो द्वारा ऋण खाता दिनांक 30/04/2026 तक बंद न किये जाने की स्थिति में मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 व मध्यप्रदेश भू-राजस्व सहिंता (भू- राजस्व की उगाही) नियम 2020 के नियम 5 की धारा 147 (1) (क) व नियम 7147 (1) (बी), 147 (1) (बीबी), 147 (1) (बीबी बी) तथा 147 (1) (ग) के अधीन दिनांक 30/04/2026 के उपरांत निषेधाज्ञा लागू कर बकायादारों की बैंक सम्पति, जंगम व स्थावर सम्पति कुर्क कर निलामी की कार्यवाही की जावेगी। जिससे प्राप्त धनराशि से बकायादारों के ऋण खातों को बैंक द्वारा समायोजित किया जावेगा। अतः निम्नलिखित बकायादार की बैंक में बन्धक भूमि को कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि अन्य उक्त भूमि के संबंध में क्रय-विक्रय या अन्य कोई व्यवहार नहीं करे व यदि क्रय विक्रय या अन्य कोई व्यवहार कर चुके हैं तो स्वंय व्यवहार की मूल प्रति के साथ दिनांक 30/04/2026 के पूर्व शाखा प्रबंधक ऐसिक्स बैंक शाखा सुभाष रोड विदिशा से स्वंय संपर्क करें।

| क्र. | आर आर सी न. | ऋण खाता न. | बकायादार/सह-बकायादार का नाम व पता | बंधक भूमि की जानकारी: खसरा संख्या | क्षेत्र | दर्ज आर आर सी राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 20255927001002446<br>20255927001002454 | 922030016662843<br>922030016662856 | भूपेन्द्र रघुवंशी पिता औतार सिंह<br>औतार सिंह पिता सूरत सिंह रघुवंशी ग्राम तवक्कलपुर, तहसील बासौदा, जिला विदिशा | 356/1,357/1/1<br>361/1/1<br>361/1/2<br>421/1<br>ग्राम तवक्कलपुर स्थित कुल भूमि 4.717 हेक्टेयर | 2.864<br>0.823<br>0.501<br>0.529 | 1618227/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 2. | 20225927001140676<br>20225927001202237 | 919030080089007<br>919030080089023 | हंसराज, पिता श्री धारू सिंह राजपूत, ग्राम ठर्रका, तहसील बासौदा, जिला विदिशा | 362<br>ग्राम पबई कुरवई स्थित कुल भूमि 3.440 हेक्टेयर | 3.440 | 700366/- + ब्याज + अन्य खर्च |

उपरोक्त वर्णित ऋणगृहिता / जमानतदार / वारीस / बंधनकर्ता को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम में जारी किए गए सूचना पत्र में उल्लेखित बकाया राशि का मय ब्याज एवं अन्य खर्च के साथ दिनांक 30/04/2026 तक ऐसिक्स बैंक शाखा सुभाष रोड विदिशा में जमा कराकर रसीद की प्रतिलिपि तहसील कार्यालय बसौदा-वृत्त उदयपुर में प्रस्तुत करें।

स्थान : बसौदा, दिनांक : 17/04/2026

**नायब तहसीलदार**
**तहसील बसौदा-वृत्त उदयपुर, जिला विदिशा (म. प्र.)**

नोट - जाहिर सूचना में दी गई जानकारी बकायादार द्वारा ऋण प्राप्त करने के लिए ऐसिक्स बैंक शाखा सुभाष रोड विदिशा जिला विदिशा (म.प्र.) में दिए गए दस्तावेज के आधार पर है।



**जाहिर सूचना**

**न्यायालय नायब तहसीलदार अनुराग रावत, तहसील बसोदा - वृत्त अम्बा नगर, जिला विदिशा (म.प्र.)**
**एसिक्स बैंक - शाखा सुभाष रोड - विदिशा जिला विदिशा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ऐसिक्स बैंक शाखा सुभाष रोड - विदिशा तहसील व जिला विदिशा के निम्नलिखित बकायादारों को म.प्र. लोकधन (शोध्य राशियों की वसूली) नियम 1988 के अनुसार दर्ज आर. आर. सी. प्रकरणों में बकाया राशि की वसूली की कार्यवाही के लिए पूर्व में मांग की सूचना पत्र व द्वितिय सूचना पत्र प्रेषित किये गये थे, दोनों सूचना पत्र प्रेषित किये जाने के बाद भी जिन बकायादारों द्वारा बैंक के ऋण का भुगतान आज दिनांक तक नहीं किया गया हैं, उन बकायादारो को कुर्की सूचना पत्र जारी किये जा चुके है। बकायादारो द्वारा ऋण खाता दिनांक 30/04/2026 तक बंद न किये जाने की स्थिति में मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 व मध्यप्रदेश भू-राजस्व सहिंता (भू- राजस्व की उगाही) नियम 2020 के नियम 5 की धारा 147 (1) (क) व नियम 7147 (1) (बी), 147 (1) (बीबी), 147 (1) (बीबी बी) तथा 147 (1) (ग) के अधीन दिनांक 30/04/2026 के उपरांत निषेधाज्ञा लागू कर बकायादारों की बैंक सम्पति, जंगम व स्थावर सम्पति कुर्क कर निलामी की कार्यवाही की जावेगी। जिससे प्राप्त धनराशि से बकायादारों के ऋण खातों को बैंक द्वारा समायोजित किया जावेगा। अतः निम्नलिखित बकायादार की बैंक में बन्धक भूमि को कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि अन्य उक्त भूमि के संबंध में क्रय-विक्रय या अन्य कोई व्यवहार नहीं करे व यदि क्रय विक्रय या अन्य कोई व्यवहार कर चुके हैं तो स्वंय व्यवहार की मूल प्रति के साथ दिनांक 30/04/2026 के पूर्व शाखा प्रबंधक ऐसिक्स बैंक शाखा सुभाष रोड विदिशा से स्वंय संपर्क करें।

| क्र. | आर आर सी न. | ऋण खाता न. | बकायादार/सह-बकायादार का नाम व पता | बंधक भूमि की जानकारी: खसरा संख्या | क्षेत्र | दर्ज आर आर सी राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 20255927001002009<br>20255927001002013 | 921030042400924<br>921030042400940 | रीतेश राय पिता महेश बाबू ग्राम करैया जागीर तहसील-बसौदा जिला विदिशा | 199/1/3<br>209/1<br>219/2<br>369/2/1<br>369/5<br>ग्राम उकायला और करैया जागीर स्थित कुल भूमि 5.862 हे. | 2.926<br>1.254<br>0.111<br>0.386<br>0.735 | 1867411/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 2. | 20255927001160024<br>20255927001160026 | 921030046160475<br>921030046160491 | दीपक बघेल, पिता कल्याण सिंह बघेल, ग्राम अमोदा तहसील-बसौदा जिला विदिशा | 43/2/1<br>287<br>295<br>ग्राम अमोदा स्थित कुल भूमि 3.723 हेक्टेयर | 1.591<br>1.024<br>1.108 | 907129/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 3. | 20255927001162025<br>20255927001162038 | 921030034629100<br>921030034629117 | राजकुमार बघेल पिता कमल सिंह ग्राम थनवाय पो. मसूदपुर थानवाट तहसील-बसोदा जिला विदिशा | 317/1<br>418/1<br>475<br>501/1<br>588/1<br>590/2<br>628/2<br>ग्राम थनवाय स्थित कुल भूमि 2.864 हेक्टेयर | 0.896<br>0.010<br>0.460<br>0.021<br>0.261<br>1.160<br>0.056 | 735412/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 4. | 20255927001002196<br>20255927001002204 | 921030057614118<br>921030057614121 | दलीप सिंह राजपूत पिता अमन सिंह ग्राम मलकपुर तहसील-बसौदा जिला विदिशा | 301<br>9/2<br>45/1<br>52<br>149/2<br>176<br>177<br>ग्राम मलकपुर और आठस स्थित कुल भूमि 5.424 हेक्टेयर | 1.064<br>0.418<br>1.800<br>1.401<br>0.522<br>0.73<br>0.146 | 1855998/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 5. | 20235927001059038<br>20235927001059039 | 921030046910319<br>921030046910306 | विशाल पिता सुंदर सिंह ग्राम थनवाय तहसील-बसौदा जिला विदिशा | 416/1<br>571/1<br>572<br>524/1/2<br>571/2<br>613/1<br>ग्राम थनवाय स्थित कुल भूमि 3.937 हेक्टेयर | 0.037<br>0.803<br>1.129<br>1.495<br>0.222<br>0.251 | 982681/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 6. | 20225927001153588<br>20225927001153596 | 921030027935397<br>921030027935416 | सुभाष दांगी पिता सूर्यपाल दांगी ग्राम मुतर्रा तहसील- बसौदा जिला विदिशा | 67<br>152<br>401/1<br>ग्राम मुतर्रा स्थित कुल भूमि 2.821 हेक्टेयर | 0.961<br>1.233<br>0.627 | 1041366/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 7. | 20225927001153433<br>20225927001153437 | 921030016173168<br>921030016173155 | हरिओम पिता जगन्नाथ सिंह ग्राम मलकपुर पो. आठस तहसील- बसौदा जिला विदिशा | 1<br>2<br>4/1<br>50<br>154/1<br>185/1<br>196/1<br>ग्राम मलकपुर स्थित कुल भूमि 3.544 हेक्टेयर | 0.867<br>0.146<br>1.862<br>0.105<br>0.365<br>0.084<br>0.115 | 1031103/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 8. | 20225927001153441<br>20225927001153449 | 919030094036240<br>919030094036237 | राजपाल पिता भरत सिंह ग्राम बांकागढ़ पो. उकैला तहसील-बसौदा जिला विदिशा | 180/2<br>182/2/2<br>431/2/2<br>535/3/2<br>ग्राम बांकागढ़ स्थित कुल भूमि 4.186 हेक्टेयर | 0.152<br>3.517<br>0.268<br>0.249 | 241475/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 9. | 20255927001199747<br>20255927001199750 | 922030039121174<br>922030039121190 | सुनील दांगी पिता राम सिंह<br>रामसिंह पिता गणेशराम दांगी ग्राम हरनाखेड़ी तहसील-बसौदा जिला विदिशा | 29/2/1<br>29/3/2<br>40/2<br>ग्राम हरनाखेड़ी स्थित कुल भूमि 2.714 हेक्टेयर | 1.046<br>1.250<br>0.418 | 694733/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 10. | 20255927001203754 | 923030014316925 | सुरेन्द्र सिंह पिता इमरत सिंह<br>श्रीमती विनीता पति सुरेंद्र सिंह ग्राम अगासोद तहसील-बसौदा, जिला विदिशा | 197<br>347<br>15/1<br>337/1<br>338/1/1<br>ग्राम अगासोद स्थित कुल भूमि 7.137 हेक्टेयर | 0.084<br>0.773<br>0.755<br>0.121<br>0.219 | 2032627/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 11. | 20255927001003217<br>20255927001003219 | 922030020537434<br>922030020537447 | लखन सिंह दांगी पिता कल्याण सिंह दांगी ग्राम मुटर्रा पी.सी. संख्या 18, तहसील बसौदा जिला विदिशा | 13/1<br>13/2<br>14<br>19<br>135/1<br>192<br>ग्राम मुटर्रा स्थित कुल भूमि 2.873 हेक्टेयर | 0.422<br>0.174<br>0.826<br>0.397<br>0.438<br>0.616 | 874966/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 12. | 20255927001206085<br>20255927001206094 | 922030004142724<br>922030004142737 | रामबाबु कुशवाह पिता गोपाल सिंह कुशवाह<br>गोविन्द सिंह पिता गोपाल सिंह कुशवाह ग्राम उकायला पी.सी. संख्या-05 तहसील बसौदा जिला विदिशा | 107/1/1<br>109/2<br>110/3<br>123<br>ग्राम उकायला स्थित कुल भूमि 2.041 हेक्टेयर | 0.830<br>0.532<br>0.554<br>0.125 | 1018053/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 13. | 20255927001206104<br>20255927001206106 | 922030006073282<br>922030006073295 | प्रमेन्द्र यादव पिता नारायण सिंह यादव<br>नारायण सिंह पिता खुशीलाल यादव ग्राम करैया जागीर तहसील बसौदा जिला विदिशा | 47<br>48/1<br>58/1<br>61/1<br>62/1<br>158/2<br>ग्राम करैया जागीर स्थित कुल भूमि 2.994 हेक्टेयर | 0.125<br>2.163<br>0.419<br>0.052<br>0.053<br>0.182 | 777348/- + ब्याज + अन्य खर्च |
| 14. | 20255927001002463<br>20255927001002468 | 921030010854726<br>921030010854713 | देवेन्द्र सिंह पिता श्री जसवंत सिंह बघेल ग्राम आठस पी.सी. संख्या-03 तहसील बसौदा जिला विदिशा | 355<br>ग्राम आठस स्थित कुल भूमि 4.642 हेक्टेयर | 4.642 | 1644172/- + ब्याज + अन्य खर्च |

उपरोक्त वर्णित ऋणगृहिता / जमानतदार / वारीस / बंधनकर्ता को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम में जारी किए गए सूचना पत्र में उल्लेखित बकाया राशि का मय ब्याज एवं अन्य खर्च के साथ दिनांक 30/04/2026 तक ऐसिक्स बैंक शाखा सुभाष रोड विदिशा में जमा कराकर रसीद की प्रतिलिपि तहसील कार्यालय बसौदा व्रत अम्बा नगर में प्रस्तुत करें।

स्थान : बसौदा, दिनांक : 17/04/2026

**नायब तहसीलदार**
**तहसील बसौदा-वृत्त अम्बा नगर, जिला विदिशा (म. प्र.)**

नोट - जाहिर सूचना में दी गई जानकारी बकायादार द्वारा ऋण प्राप्त करने के लिए ऐसिक्स बैंक शाखा सुभाष रोड विदिशा जिला विदिशा (म.प्र.) में दिए गए दस्तावेज के आधार पर है।

**मैच 24:** डिकॉक के शतक पर भारी प्रभसिमरन की पारी, पंजाब पांचवी जीत के साथ शीर्ष पर, मुंबई की लगातार चौथी हार

# वानखेड़े में पंजाब ने मुंबई को छठी बार हराया

जेएनएन, मुंबई

प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतक से सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के तेजतर्रार शतक पर पानी फेरते हुए पंजाब किंग्स आईपीएल के 24वें मैच में गुरुवार को मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गई। पंजाब की टीम मुंबई के 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रभसिमरन की 39 गेंद में नाबाद 80 रन की पारी की और कप्तान श्रेयस अय्यर (66 रन, 35 गेंद) के साथ तीसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाकर आसान जीत दर्ज करने में सफल रही। इस जीत से टूर्नामेंट की एकमात्र अजेय टीम पंजाब पांच मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई। मुंबई की टीम इतने ही मैच में दो अंक के साथ नौवें स्थान पर है। पंजाब ने मुंबई को वानखेड़े स्टेडियम में छठवीं बार हराया। इससे पहले मौजूदा सत्र में अपना पहला मैच खेल रहे डिकॉक ने 60 गेंद में नाबाद 112 रन की पारी खेलने के अलावा नमन धीर (50 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी की, जिससे मुंबई ने छह विकेट पर 195 रन बनाए। ये दोनों उस समय साथ आए जब टीम 12 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंजाब के अर्शदीप सिंह सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रभसिमरन और प्रियांश ने पंजाब को पंजाब को आक्रामक शुरुआती दिलाई। प्रभसिमरन को 11 के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला, बैकवर्ड प्वाइंट पर बुमराह कैच नहीं लपक पाए। पावरप्ले में अपने लगातार दो ओवरों में गजनफर ने पहले आर्य और फिर कूपर कॉनली का विकेट निकाला, लेकिन प्रभसिमरन और अय्यर ने पंजाब की रन गति को प्रभावित नहीं होने दिया। अय्यर और प्रभसिमरन ने मिलकर मात्र 55 गेंदों पर शतकीय साझेदारी पूरी की और 13 ओवर की समाप्ति तक पंजाब 146 रन बना चुकी थी। प्रभसिमरन के सामने हार्दिक की हर योजना बेअसर सिद्ध होने लगी और पंजाब के लिए भी जीत महज औपचारिकता ही नजर आने लगी। लक्ष्य के करीब पहुंचते ही अय्यर ने भी अपना अर्धशतक पूरा किया जो कि वानखेड़े में आईपीएल में उनका पहला अर्धशतक भी है।



**53** गेंद में शतक डीकॉक ने पूरा किया, जो मुंबई इंडियंस के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ किसी बल्लेबाज द्वारा लगाया गया दूसरा शतक है। 2014 में लेंडल सिमंस ने मोहाली में पंजाब के खिलाफ नाबाद 100 रनों की पारी खेली थी।

- बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज डिकॉक के 3000 रन पूरे करने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें इस उपलब्धि के लिए 24 रनों की दरकार थी। आईपीएल में विकेटकीपर-बल्लेबाजों की बात हो तो धोनी पहले नंबर पर है, जिनके नाम 5000 से अधिक रन हैं।
- डीकॉक अब केएल राहुल और संजू सैमसन के बाद आईपीएल इतिहास के मात्र तीसरे ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी के लिए शतक लगाए हैं।

## स्कोर बोर्ड

**मुंबई इंडियंस: 196/6 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकल्टन का. शशांक बो. अर्शदीप | 2 | 8 | 0 | 0 |
| क्विंटन डिकॉक नाबाद | 112 | 60 | 8 | 7 |
| सूर्यकुमार का. चहल बो. अर्शदीप | 0 | 1 | 0 | 0 |
| नमन धीर का. बार्टलेट बो. शशांक | 50 | 31 | 3 | 3 |
| पंड्या का. बार्टलेट बो. यानसन | 14 | 12 | 0 | 1 |
| शरफेन रदरफोर्ड बो. अर्शदीप | 1 | 5 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा रनआउट | 8 | 3 | 0 | 0 |
| मयंक रावत नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 8, **कुल:** 20 ओवर में छह विकेट पर 195 रन, **विकेट पतन:** 1-12, 2-12, 3-134, 4-175, 5-182, 6-193, **गेंदबाजी:** अर्शदीप सिंह 4-0-22-3, मार्को यानसन 4-0-30-1, जेवियर बार्टलेट 4-0-39-0, विजयकुमार 3-0-36-0, युजवेंद्र चहल 3-0-45-0, शशांक सिंह 2-0-19-1.

**पंजाब किंग्स: 198/3 (16.3 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश का. चाहर बो. गजनफर | 15 | 9 | 2 | 1 |
| प्रभसिमरन सिंह नाबाद | 80 | 39 | 11 | 2 |
| कॉनली का. डीकॉक बो. गजनफर | 17 | 12 | 1 | 2 |
| श्रेयस अय्यर का. नमन बो. शार्दुल | 66 | 35 | 5 | 4 |
| मार्कस स्टॉयनिस नाबाद | 10 | 5 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त:** 10, **कुल:** 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन, विकेट **पतन:** 1-27, 2-45, 3-184, **गेंदबाजी:** दीपक चाहर 2.3-0-45-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-41-0, एएम गजनफर 4-0-31-2, हार्दिक पंड्या 3-0-39-0, शार्दुल ठाकुर 3-0-42-1.

## आईपीएल में पंजाब किंग्स की सबसे बड़ी साझेदारियां

| रन (साझेदारी) | जोड़ी | विरुद्ध | स्थान | साल |
|---|---|---|---|---|
| 206 | गिलक्रिस्ट-शॉन मार्श | आरसीबी | धर्मशाला | 2011 |
| 183 | मयंक-केएल राहुल | आरआर | शारजाह | 2021 |
| 148 | अजहर महमूद-शॉन मार्श | मुंबई | धर्मशाला | 2013 |
| 139 | श्रेयस-प्रभसिमरन सिंह | मुंबई | वानखेड़े | 2026 |

## सीएसके के दल के साथ हैदराबाद पहुंचे एमएस धोनी



**हैदराबाद, जेएनएन।** क्या एमएस धोनी शनिवार शाम को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाला चेन्नई सुपर किंग्स का अगला मुकाबला खेलेंगे? भले ही इसकी पुष्टि अभी नहीं हो सकती, लेकिन धोनी के टीम के साथ हैदराबाद की यात्रा करने के चलते इसकी संभावना काफी बढ़ गई है। जब टीम हैदराबाद एयरपोर्ट पर पहुंची तब प्रशंसक धोनी की एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े। सीएसके द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में यह देखा जा सकता है कि जब धोनी टीम बस में जा रहे हैं तब प्रशंसक उनका नाम चिल्ला रहे हैं। धोनी इस समय काफ स्ट्रेन से उबर रहे हैं और आईपीएल 2026 में सीएसके के पहले पांचों मुकाबले से बाहर रहे। उन्होंने घर के बाहर मुकाबलों के लिए सीएसके के साथ गुवाहाटी और बेंगलुरु की यात्रा भी नहीं की।

## सीएसके को बड़ा झटका, खलील चोट के कारण आईपीएल से बाहर



**नई दिल्ली, जेएनएन।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज खलील अहमद कूल्हे में चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं, जो अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश में जुटी इस फ्रेंचाइजी टीम के लिए करारा झटका है। खलील ने सीएसके की तरफ से अभी तक सभी पांच मैच में हिस्सा लिया है। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 14 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान अपने दाहिने कूल्हे में दर्द की शिकायत की थी। उन्होंने अब तक सीएसके की तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया था और उसके गेंदबाजी आक्रमण के मुख्य सदस्य थे। आईपीएल के एक सूत्र ने बताया, यह ग्रेड दो की चोट है और इसे ठीक होने में कम से कम 10-12 सप्ताह का समय लगेगा। इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने भारत के लिए 11 वनडे और 18 टी-20 मैच खेले हैं। भारत की तरफ से उन्होंने अपना आखिरी मैच जुलाई 2024 में खेला था।

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| विराट (आरसीबी) | 228 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 224 |
| पाटीदार (आरसीबी) | 222 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 10 |
| अंशुल कंबोज (चेन्नई) | 10 |
| प्रिंस यादव (लखनऊ) | 09 |

### बाउंड्री मीटर



424 छक्के
752 चौके
52 अर्धशतक

क्विंटन डिकॉक आईपीएल में तीन-तीन अलग-अलग टीमों के लिए शतक लगाने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इस मैच में नाबाद 112 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने लखनऊ (2022, नाबाद 140 रन) और दिल्ली (2016, 108 रन) के लिए शतक जड़ा था।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 5 | 4 | 09 | 7 | 1.067 |
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 | 1.503 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | 0.889 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 | 0.576 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.322 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 | - 0.029 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.804 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.846 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.076 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 | -1.383 |

## फ्रेंच ओपन की इनामी राशि 10 प्रतिशत बढ़ी

**पेरिस, जेएनएन।** फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है, जिससे कुल इनामी राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो (सात करोड़ 21 लाख डॉलर) हो गई है। यह कुल राशि पिछले साल के मुकाबले 53 लाख यूरो अधिक है। प्रतियोगिता 24 मई को पश्चिमी पेरिस के रोलां गैरो में शुरू होगी। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उप विजेता को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को सात लाख 50 हजार यूरो और पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 87 हजार यूरो मिलेंगे।

## जोशना और चोटरानी हैम्बर्ग ओपन के अगले दौर में

**हैम्बर्ग, जेएनएन।** अनुभवी खिलाड़ी जोशना चिनप्पा और वीर चोटरानी ने हैम्बर्ग ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है, लेकिन भारत के दो अन्य खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार और तन्वी खन्ना पहले ही दौर में ही बाहर हो गए। जोशना ने महिला एकल में स्थानीय खिलाड़ी सास्किया बेनहार्ड को इस पीएसए कांस्य-स्तरीय प्रतियोगिता में 11-4, 11-5, 11-4 से आसानी से हराया, जबकि पुरुष वर्ग में विश्व के 47वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी ने स्पेन के इवान पेरेज पर 11-8, 11-9, 11-8 से जीत दर्ज की।

## रियाल मैड्रिड को हराकर बायर्न म्यूनिख चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंचा

### अंतिम चार में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन से होगी भिड़ंत



हैरी केन ने इस सीजन के अपने 42वें मैच में केवल 38वें मिनट में अपना 50वां गोल दागा। 95 साल बाद किसी खिलाड़ी ने यह उपलब्धि हासिल की।

जेएनएन, म्यूनिख

बायर्न म्यूनिख ने प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। लुइस डियाज और माइकल ओलिस के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में रियाल मैड्रिड पर 4-3 से जीत दर्ज की। बायर्न म्यूनिख ने पहला चरण 2-1 से जीता था। इस तरह से उसने कुल 6-4 के स्कोर से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। बायर्न म्यूनिख सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन से भिड़ेगा। डियाज ने 89वें मिनट और ओलिस ने स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके बायर्न म्यूनिख की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से अलेक्जेंडदर पावलोविच (छठे) और हैरी केन (38वें) ने पहले हाफ में गोल किए थे। रियाल मैड्रिड की तरफ से अर्डा गुलेर ने दो (पहले और 29वें मिनट) तथा किलियन एमबाप्पे (42वें) ने गोल किए। रियाल मैड्रिड के खिलाड़ी 86वें मिनट में एडुवार्डो कैमाविंगा को लाल कार्ड देने के रेफरी के फैसले से संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने मैच खत्म होने के बाद उन्हें घेर लिया। जिसके कारण गुलेर को लाल कार्ड दिखाया गया। दूसरा सेमीफाइनल आर्सेनल और एटलेटिको मैड्रिड के बीच खेला जाएगा। आर्सेनल ने स्पोर्टिंग लिस्बन को 1-0 से हराया। इन दोनों टीम के बीच क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण का मैच गोलरहित रहा और इस तरह से आर्सेनल ने पहले चरण में 1-0 की जीत के दम पर चौथी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई।

- रियाल मैड्रिड के खिलाफ लगातार पांच मैचों में गोल या असिस्ट करने वाले हैरी केन दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

## केकेआर को पहली जीत की तलाश गुजरात की नजरें विजयी हैट्रिक पर

जेएनएन, अहमदाबाद

लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम शुक्रवार को आईपीएल के 24वें मैच में शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपनी लय में लौटकर पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। कप्तान अजिंक्य रहाणे और कोच अभिषेक नायर के नेतृत्व में केकेआर की स्पष्ट रणनीति नजर नहीं आ रही है। उसे अब तक पांच मैच में से चार मैच में हार का सामना करना पड़ा है। गुजरात की टीम भी अभी तक अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल नहीं कर पाई है। उसे अभी तक यहां खेले गए एकमात्र मैच में राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद उसने विरोधी टीम के मैदानों पर दो जीत हासिल की। उसकी गेंदबाजी मजबूत नजर आ रही है, जिसमें प्रसिद्ध कृष्णा अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और राशिद खान ने अपनी लय वापस हासिल कर ली है। शुभमन गिल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाजों के फॉर्म में आने से गुजरात टाइटन्स मजबूत नजर आ रही है। साल 2023 में अहमदाबाद का वह मैच आज भी फैंस के जहन में ताजा होगा, जहां रिंकू सिंह ने यश दयाल के आखिरी ओवर में लगातार पांच छक्के जड़कर असंभव सी जीत दिलाई थी। उसके बाद से गुजरात ने कोलकाता के खिलाफ लगातार दो मैच जीते हैं।



**हेड टू हेड:** दोनों के बीच खेले गए 4 मुकाबलों में से गुजरात ने 3 में जीत दर्ज की है, जबकि केकेआर को सिर्फ एक बार सफलता मिली है।

- 2025 से टी-20 में स्पिन के खिलाफ केकेआर के बल्लेबाजों के आंकड़े अच्छे नहीं हैं। स्पिनरों के खिलाफ रिंकू का स्ट्राइक रेट महज 122 का रहा है, जबकि रहाणे (125), ग्रीन (128) और पॉवेल (129) भी स्पिन के विरुद्ध हाथ खोलने में असमर्थ दिखे हैं। युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर है, जिन्होंने 41.8 की औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से 251 रन बनाए हैं।
- केकेआर के लिए इस सीजन रन गति और निरंतरता दोनों समस्या रही है। 2026 में कोलकाता 9.4 के रन रेट के साथ धीमी बल्लेबाजी करने वाली टीमों में से एक है। बल्लेबाज बड़ी पारियां खेलने में भी नाकाम रहे हैं, जहां पूरी टीम ने मिलकर अब तक सिर्फ तीन अर्धशतक बनाए हैं। पिछले पांच मैचों में ओपनिंग साझेदारी का औसत महज 27.8 का रहा है, जिसमें 13(10), 15(10), 12(10) और 30(9) जैसे छोटे स्कोर शामिल हैं।

## मुंबई ने घरेलू क्रिकेटरों के लिए कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम शुरू किया, ऐसा करने वाला पहला राज्य बना

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) घरेलू क्रिकेटरों के लिए कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम शुरू करने वाला पहले राज्य एसोसिएशन बन गया है। यह कॉन्ट्रैक्ट, प्रदर्शन, फिटनेस के मानकों और चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर योग्य खिलाड़ियों को दिए जाएंगे। खिलाड़ियों को तीन ग्रेड में बांटा जाएगा, लेकिन एमसीए ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह सिस्टम पुरुष और महिला दोनों तरह के क्रिकेटरों पर लागू होगा या नहीं। एमसीए की नीतियों के अनुसार खिलाड़ियों को मैच फीस, दैनिक भत्ता और प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन भी दिए जाएंगे। एमसीए ने कहा, यह सिस्टम उन

**ग्रेड-ए:** 12 से 20 लाख प्रति वर्ष
**ग्रेड-बी:** आठ से 12 लाख प्रति वर्ष
**ग्रेड-सी:** आठ लाख प्रति वर्ष

खिलाड़ियों की मदद करने के लिए बनाया गया है, जो कि बड़ा सम्मान पाने की कगार पर हैं ताकि घरेलू स्तर पर उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए स्थिरता और प्रेरणा मिलती रही। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि यह पहल मुंबई क्रिकेट के लिए नए दौर का आगाज है। हमें इस बात पर गर्व है कि हम प्लेयर कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम लागू करने वाले पहले एसोसिएशन हैं।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका महिला टीमों के बीच पांच मैचों की सीरीज का पहला टी-20 आज



**डरबन, जेएनएन।** भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीमों के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज 17 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। यह सीरीज टी-20 विश्व कप 2026 की तैयारी के लिहाज से अहम होगी। पहले दो टी-20 मैच डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में खेले जाएंगे, उसके बाद अगले दो मैच जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में होंगे। अंतिम मैच 27 अप्रैल को बेनोनी के विलोमूर पार्क में खेला जाएगा। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टी-20 विश्व कप से पहले सभी खिलाड़ियों को उचित मौका दिए जाने पर जोर देते हुए कहा कि उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी है और शुक्रवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पूरा फायदा उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। हरमनप्रीत ने कहा कि वनडे विश्व कप जीतने के बाद उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है।

## मेसी ने बार्सिलोना में पांचवां डिवीजन सॉकर क्लब खरीदा



**बार्सिलोना, जेएनएन।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी अब स्पेन के पांचवें डिवीजन के एक फुटबॉल क्लब के मालिक बन गए हैं। एफसी बार्सिलोना में अपने दो दशकों के दौरान मेसी अपनी पीढ़ी के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं, जहां उन्होंने कई खिताब और बैलन डिओर पुरस्कार जीते। उन्होंने 2021 क्लब छोड़ दिया था। कॉर्नेला एक साधारण क्लब है। क्लब ने गुरुवार को खरीद से जुड़ी ज्यादा जानकारी दिए बिना सौदे की घोषणा की। क्लब ने एक बयान में कहा कि मेसी का आना क्लब के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है।

### सिटी स्पोर्ट्स

## समर कैंप नए स्वरूप में एक मई से

**भोपाल, खेप्र।** एक मई से ग्रीष्मकालीन समर कैंप 'आरोह-2026' की शुरुआत होगी। समर कैंप में हिस्सा लेने के लिए 18 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। अधिकारिक वेबसाइट और क्यूआर कोड को स्केन कर प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने समर कैंप को नए स्वरूप में आयोजित करवाने का निर्णय लिया है। उन्होंने गुरुवार को टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित बैठक में प्रदेश के सभी खेल अधिकारियों को संबोधित करते हुए समर कैंप में नई गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक खेल विभाग के इस समर कैंप की जानकारी हो और लोग इसमें शामिल



हो। यह समर कैंप एक मूवमेंट के रूप में जाना जाए, जैसे फिट इंडिया मूवमेंट, स्वच्छता अभियान आदि। खेल अधोसंरचना का विकास, प्रतिभाओं को निखारें वाले कोच और प्रतिभाएं तलाशना हमारा मुख्य उद्देश्य है। बैठक में खेल संचालक अंशुमान यादव एवं संयुक्त संचालक बीएस यादव सहित प्रदेश के खेल अधिकारी मौजूद थे।

## आदित्य की शानदार गेंदबाजी से जीती अरेरा क्रिकेट अकादमी

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच आदित्य सोलंकी की शानदार गेंदबाजी की बदौलत अरेरा क्रिकेट अकादमी ने प्रथम शहीद भगत सिंह अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट में अकीरा अकादमी को 33 रनों से शिकस्त दी। पूल-ए में अरेरा क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 166 रन बना। टीम के लिए रूद्र टंगोरिया 51 ने अर्धशतक जड़ा। सुधांशु ने 28 रन का योगदान दिया। अकीरा अकादमी के राघव ने 3 विकेट हासिल किए। वहीं दिशांत पाटीदार और अर्जुन को दो-दो सफलता मिली।




जवाब में अकीरा अकादमी 30 ओवर में 133 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य पांडे ने 41 रन बनाए। एक समय 10 ओवर में 69 रन एक विकेट गंवाकर मजबूत स्थित में थी। अरेरा के आदित्य सोलंकी ने 4 और विराज चतुर्वेदी ने 2 विकेट लिए।

## इंदौर जोन और सागर की टीम जीती

**भोपाल, खेप्र।** इंदौर जोन और सागर ने डीजीपी कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के 28वें संस्करण में अपने-अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। पुलिस क्रिकेट ग्राउंड नेहरू नगर पर इंदौर जोन ने पहले खेलते हुए 146 रन बनाए। रोहित ने 66 और मनीष ने 18 रन की पारी खेली। एसएएफ भोपाल के अरुण और केके को 3-3 विकेट मिले। जवाब में भोपाल की टीम 136 रन पर सिमट गई। निर्भय ने 29, गौरव ने 25 और अरुण ने 19 रन का योगदान दिया। इंदौर जोन के गौरव और रितिक ने 3-3 विकेट झटके। दिन के अन्य मैच में साइबर टेलीकॉम ने अनुराग (50) और रियाज इकबाल (38) की पारियों की बदौलत 175 रन बनाए। सागर जोन के आशीष ने चार और आनंद ने दो विकेट लिए। जवाब में सागर ने



19.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। नीतीश ने 56, श्रुत ने 32 और सूरज ने 20 रन का योगदान दिया। साइबर टेलीकॉम के भागवत ने 3 और नरेंद्र ने 2 विकेट लिए। रोहित और आशीष को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार उप पुलिस महानिरीक्षक रियाज इकबाल, कमांडेंट नागेंद्र सिंह, आईपीएस नरेंद्र रावत और भोपाल रक्षित निरीक्षक जय सिंह तोमर ने प्रदान किया।



देश के अधिकतर राज्यों में तेज गर्मी का दौर है। उत्तर प्रदेश के आगरा में तेज धूप और भीषण गर्मी में भी सैलानियों की भीड़ कम नहीं हो रही है। हालांकि, गर्मी से बचने के लिए पर्यटक छाते सहित अन्य उपाय का सहारा ले रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संभल में इमामबाड़े को बुलडोजर से ढहाया

**संभल, जेएनएन।** उप्र के संभल जिले के बिछौली गांव में गुरुवार को प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन पर बने ईदगाह और इमामबाड़े को बुलडोजर से ढहा दिया है। राजस्व विभाग के अनुसार, गाटा संख्या 1240 (खाद के गड्ढों के लिए आरक्षित) और गाटा संख्या 1242 (पशु चरागाह भूमि) पर ये निर्माण अवैध रूप से किए गए थे। उपजिलाधिकारी निधि पटेल और नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल के नेतृत्व में चार बुलडोजरों की मदद से सुबह करीब 7.30 बजे कार्रवाई शुरू की गई। किसी भी संभावित विरोध या तनाव को देखते हुए मौके पर 5 थानों की पुलिस फोर्स और एक कंपनी पीएसी तैनात की गई थी। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए थे। पुलिस ने विरोध की आशंका को देखते हुए उन्हें वहां से खदेड़ कर हटा दिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने अनिवार्य वोटिंग की मांग ठुकराई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने देश में मतदान को अनिवार्य बनाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह मामला नीतिगत दायरे में आता है, जिसमें न्यायपालिका सीधे हस्तक्षेप नहीं कर सकती। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान एक अधिकार है, बाध्यता नहीं। सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि लोकतंत्र कानूनी दबाव से नहीं, बल्कि जन-जागरूकता से फलता-फूलता है। अगर कोई वोट नहीं डालता, तो उसे मजबूर नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि देश में वोटिंग को अनिवार्य किया जाए।

### लालू परिवार के खिलाफ 6 को आएगा फैसला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आईआरसीटीसी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने पर अपना फैसला फिलहाल टाल दिया है। अब अदालत 6 मई को निर्णय सुनाएगी। अदालत को गुरुवार को फैसला सुनाना था, लेकिन इसे आगे बढ़ा दिया गया है जिससे लालू परिवार को फिलहाल अस्थाई राहत मिली है। यह मामला 2004 से 2014 के बीच आईआरसीटीसी होटलों के रखरखाव का टेंडर देने में हुई कथित अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है, जब लालू यादव रेल मंत्री थे। ईडी ने लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव और तेज प्रताप यादव सहित कई अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। 'लैंड फॉर जॉब' मामले में भी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने 13 अप्रैल को लालू की सीबीआई एफआईआर रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया था।

राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग

### हरियाणा में कांग्रेस के पांच विधायक सस्पेंड

**चंडीगढ़, जेएनएन।** हरियाणा कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने पांच विधायकों को निलंबित कर दिया है। यह फैसला पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य इकाई की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति की रिपोर्ट के आधार पर लिया। सस्पेंड किए गए विधायकों में शैली चौधरी (नारायणगढ़), रेनू बाला (साढ़ौरा), मोहम्मद इलियास (पुन्हाना), मोहम्मद इजराइल (हथीन) और जरनैल सिंह (रतिया) शामिल हैं। इन सभी पर आरोप है कि इन्होंने भारतीय जनता पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया। 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार कर्मवीर सिंह बौद्ध की जीत खतरे में पड़ गई थी। क्रॉस वोटिंग के चलते मुकाबला बेहद करीबी हो गया था और वे मुश्किल से जीत पाए।

## विधानसभा चुनाव: टीएमसी का भाजपा पर बड़ा आरोप, भाजपा का पलटवार

# भाजपा की चुनाव में बम लगाने की योजना: ममता
# टीएमसी राज में बंगाल में आतंक, माफिया: योगी

### तमिलनाडु में विजय की पार्टी का मेनिफेस्टो जारी, शादी में 8 ग्राम सोना और साड़ी देने का वादा

**कोलकाता/चेन्नई, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान ममता बनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ममता ने कूचबिहार के दिनहाटा में एक रैली में दावा किया कि भाजपा आगामी चुनावों के दौरान 'बम लगाने' की योजना बना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा खुद धमाके कराएगी और फिर जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बुलाएगी ताकि विपक्षी नेताओं को फंसाया जा सके। उन्होंने मतदाताओं से सतर्क रहने और रात में भी निगरानी रखने की अपील की, क्योंकि उनके अनुसार भाजपा बाहरी लोगों के जरिए चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है।



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) ने अपना घोषणा-पत्र जारी किया है, जिसमें महिलाओं के लिए कई बड़े वादे किए गए हैं। आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि की महिलाओं को उनकी शादी पर 8 ग्राम सोना (एक संप्रभु) और एक उच्च गुणवत्ता वाली सिल्क साड़ी दी जाएगी। 60 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं के लिए 2,500 प्रति माह की आर्थिक मदद का वादा किया गया है। अन्नपूर्णी सुपर 6 योजना के तहत प्रत्येक परिवार को हर साल 6 मुफ्त रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर दिए जाएंगे। स्कूल छोड़ने वालों की संख्या कम करने के लिए सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं को 15,000 की वार्षिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसमें स्वयं सहायता समूहों के लिए 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण, नवजात शिशुओं के लिए सोने की अंगूठी के साथ 'बेबी किट' और महिलाओं के लिए सभी बसों में मुफ्त यात्रा शामिल है।

### टीएमसी ने बंगाल को बना दिया भ्रष्टाचार का अड्डा

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले के रामपुरहाट, आसनसोल में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के 15 वर्षों के शासन ने बंगाल को आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। उन्होंने कहा कि टीएमसी ने बंगाल को 'सांस्कृतिक राजधानी' से बदलकर 'क्राइम कैपिटल' बना दिया है और राज्य आज अपनी पहचान के संकट से जूझ रहा है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि बंगाल में रेत माफिया, कोयला माफिया और भू-माफिया का बोलबाला है, जिन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र द्वारा जनता के लिए भेजा गया पैसा टीएमसी के गुंडे 'कट मनी' के रूप में डकार जाते हैं। योगी आदित्यनाथ ने उप्र का उदाहरण देते हुए कहा, जैसे वहां माफिया और दंगाइयों को शांत किया गया, वैसे ही बंगाल में भी भाजपा की 'डबल इंजन सरकार' आने पर बुलडोजर के जरिए माफियाओं का इलाज किया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और महिलाओं व युवाओं में भय का माहौल पैदा करने का आरोप लगाया।



### टीएमसी ये भ्रम क्यों फैला रही कि भाजपा नॉनवेज बंद कर देगी

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने प. बंगाल के कूचबिहार में चुनावी रैली में ममता बनर्जी और टीएमसी पर निशाना साधते हुए एक 'झूठा प्रोपगैंडा' करार दिया है। सरमा ने पूछा कि टीएमसी यह भ्रम क्यों फैला रही है कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो बंगाल में नॉनवेज (मांस, मछली) बंद कर देगी। उन्होंने कहा कि असम में 10 वर्षों से भाजपा सरकार है, लेकिन वहां लोग आज भी मछली, मांस और अंडा बेझिझक खाते हैं। उन्होंने ममता को असम आने का निमंत्रण भी दिया ताकि वह वहां के बेहतरीन मांसाहारी व्यंजनों का आनंद ले सकें। उन्होंने कामाख्या मंदिर की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां रोजाना पशु बलि दी जाती है और भाजपा सरकार ने इन रीति-रिवाजों में कभी हस्तक्षेप नहीं किया। सरमा ने दावा किया कि ममता को डर यह है कि भाजपा के आने से राज्य में गौ तस्करी और बीफ का व्यापार बंद हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ममता डरी हुई हैं, क्योंकि भाजपा सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करेगी, जिससे 'बहु-विवाह की फैक्ट्री' पर रोक लग जाएगी।



# यूएस में परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले 5 वैज्ञानिक गायब
## 5 की रहस्यमय मौत, सरकार करेगी जांच



**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका में परमाणु और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े वैज्ञानिकों के रहस्यमय ढंग से गायब होने और उनकी संदिग्ध मौतों ने सनसनी फैला दी है। गुरुवार को ट्रंप प्रशासन ने इन घटनाओं की गंभीरता को स्वीकार किया है और वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा है कि सरकार इन मामलों की जांच करेगी। हाल की रिपोर्टों के अनुसार, संवेदनशील क्षेत्रों में काम करने वाले विशेषज्ञों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं व्यक्त की गई हैं। इसको लेकर सरकारी अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि किसी भी संदिग्ध घटना या सुरक्षा उल्लंघन की पूरी गंभीरता से जांच की जाएगी। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संस्थानों में काम करने वाले वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रोटोकॉल मौजूद होते हैं। प्रशासन का कहना है कि यदि किसी वैज्ञानिक के गायब होने या संदिग्ध मृत्यु की सूचना मिलती है, तो कानून प्रवर्तन एजेंसियां और संघीय जांच ब्यूरो जैसे विभाग तथ्यों की पुष्टि करने के लिए विस्तृत जांच करते हैं। परमाणु और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में जानकारी की सुरक्षा सर्वोपरि है। सरकार इन क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर समीक्षा करती है। ऐसी घटनाओं के बारे में केवल आधिकारिक स्रोतों और जांच एजेंसियों द्वारा जारी जानकारी पर ही भरोसा करना उचित है, क्योंकि अपुष्ट खबरें और अटकलें जांच को प्रभावित कर सकती हैं। वर्तमान में, संबंधित विभाग इन मामलों की बारीकियों को समझने और किसी भी संभावित सुरक्षा खतरे का आकलन करने के लिए काम कर रहे हैं। यदि इन जांचों से कोई ठोस निष्कर्ष निकलता है, तो उन्हें आधिकारिक माध्यमों से साझा किया जाता है।

### जन नायगन फिल्म लीक मामले में अब तक 9 गिरफ्तार

**मुंबई, जेएनएन।** थलपति विजय की आगामी फिल्म 'जन नायकन' के ऑनलाइन लीक मामले में तमिलनाडु पुलिस की साइबर क्राइम विंग ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में अब तक कुल 9 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। पुलिस ने एक फ्रीलांस असिस्टेंट एडिटर को मुख्य आरोपी के रूप में गिरफ्तार किया है। यह आरोपी किसी दूसरी फिल्म के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा था। मुख्य आरोपी ने एक एडिटिंग स्टूडियो से 'जन नायकन' के फुटेज तक अनधिकृत पहुंच बनाई और वहां से डेटा चुरा लिया। उसने चुराए गए फुटेज को एक पूरी फिल्म की फाइल में बदल दिया और इसे सहयोगियों के साथ साझा किया, जिसके बाद फिल्म पायरेसी साइट्स पर लीक हो गई। शुरुआत में फिल्म को विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर साझा करने पर 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर अकासा और स्पाइसजेट के विमान टकराए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर गुरुवार को दोपहर करीब 2.15 बजे अकासा एयर और स्पाइसजेट के विमानों के बीच एक मामूली टक्कर हुई। यह घटना टर्मिनल 1 के पास तब हुई, जब स्पाइसजेट का विमान टैक्सी कर रहा था और उसने खड़े हुए अकासा एयर के विमान को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण स्पाइसजेट के बोइंग 737-700 विमान का दायां विंगलेट टूट गया। वहीं, अकासा एयर की फ्लाइट (क्यूपी-1406) के बाएं हाथ के हॉरिजॉन्टल स्टेबलाइजर को नुकसान पहुंचा है। दोनों विमानों में सवार सभी यात्री और क्रू मेंबर्स पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें सुरक्षित रूप से विमान से उतार लिया गया।



## लश्कर के को-फाउंडर हमजा पर फायरिंग
### लाहौर में चैनल के ऑफिस के बाहर हमला, पिछले साल भी हुआ था अटैक

**लाहौर, जेएनएन।** लश्कर-ए-तैयबा के सह-संस्थापक और हाफिज सईद के करीबी सहयोगी, आमिर हमजा को बुधवार को लाहौर में अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। उनकी हालत फिलहाल अत्यंत गंभीर बताई जा रही है और वे अस्पताल में भर्ती हैं। यह हमला लाहौर के पिंडी स्टॉप इलाके में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर हुआ। हमजा एक टीवी प्रोग्राम की रिकॉर्डिंग के बाद वापस लौट रहे थे, तभी बाइक पर आए दो अज्ञात हमलावरों ने उनकी कार पर अंधाधुंध फायरिंग की। इस हमले में आमिर हमजा को कई गोलियां लगीं, जबकि उनके साथ वाहन में मौजूद पाकिस्तान के रिटायर्ड जज नजीर अहमद गाजी सुरक्षित बच गए। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को चिंताजनक बताया है? हमजा पर यह एक साल के भीतर दूसरा हमला है। मई 2025 में उन पर लाहौर में उनके आवास के बाहर हमला हुआ था, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हुए थे और लंबे समय तक अस्पताल में रहे थे। हमजा को लश्कर-ए-तैयबा का वैचारिक दिमाग और फंड जुटाने का विशेषज्ञ माना जाता है।

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
SECRETARIAT FOR SINGLE WINDOW SYSTEM
CIN : U51102MP1977SGC001392
21, Arera Hills, Bhopal-462011 M.P. (India)
Tel. : (91)755-2571830, 2575618, 3523555, 3523505
E-mail : helpdesk@mpidc.co.in, Web. : www.invest.mp.gov.in
MPIDC/CE/Tech-RFP/2026/260 Date : 16.04.2026

NOTICE INVITING TENDER

Madhya Pradesh Industrial development Corporation Ltd. (MPIDC Ltd.) invites online percentage rate bids for the following work from registered contractors and firms for the following work:

| NIT No | Name of Work | District | Probable Amount of Contract (in Rs. Cr.) |
|---|---|---|---|
| 260 | Development of Industrial Area Satgarhi, district Bhopal | Bhopal | 69.70 |

The Tender documents can be downloaded from the e-procurement Portal- https://mptenders.gov.in- MPIDC HO shortly.
M.P. Madhyam/125365/2026 CHIEF ENGINEER

## चिराग संग रोमांस होता तो हमारे बच्चे होते: कंगना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनोट ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के साथ अपने रिश्तों को पर खुल कर बात की है। उन्होंने साफ किया है कि उनके और चिराग के बीच कोई रोमांटिक एंगल नहीं है।

एक इंटरव्यू में कंगना से चिराग पासवान के साथ उनके कथित अफेयर को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर मुस्कुराते हुए कंगना ने कहा, नहीं, चिराग सिर्फ मेरे एक बहुत अच्छे दोस्त हैं। जब भी मैं उनके बारे में सोचती हूं, मुझे उनमें सिर्फ एक दोस्त ही नजर आता है। बातचीत के दौरान कंगना ने बेहद बेबाक और मजाकिया अंदाज अपनाया। उन्होंने कहा, हमने करीब 10 साल पहले एक फिल्म साथ की थी। अगर हमारे बीच वाकई कुछ होना होता, तो अब तक हमारे बच्चे हो चुके होते। कंगना ने आगे कहा कि अगर रोमांस होना होता, तो अब तक हो चुका होता। फिल्म 'मिले ना मिले हम' से शुरू हुई दोस्ती कंगना और चिराग पासवान के बीच की बॉन्डिंग काफी पुरानी है। साल 2011 में आई फिल्म 'मिले ना मिले हम' से चिराग पासवान ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में कंगना रनौत उनकी लीड एक्ट्रेस थीं।



फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तो खास कमाल नहीं कर पाई, लेकिन यहीं से दोनों की दोस्ती की शुरुआत हुई। आज दोनों राजनीति के मैदान में सक्रिय हैं और अक्सर संसद में एक-दूसरे के साथ हंसते-मुस्कुराते नजर आते हैं। कंगना की हालिया रिलीज फिल्म 'इमरजेंसी' थी, जिसमें उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने खुद ही किया था।

MADHUR CARGO
Packers & Movers
A Unit of Shree Madhur Transport Co.
Contact : 9713068681
OUR SERVICES
24/7 Hours Service
HOUSE HOLD SERVICE
LOADING/UNLOADING
MOVING & SHIFTING
PACKING SERVICE
OFFICE SHIFTING
TRANSPORTATION PAN INDIA
SAFE & ECONOMICAL MOVING SERVICE
B-34, Madhur Plaza Near Gurudwara
Transport Nagar Kokta, Bhopal PIN-462028

## नेपाल: पीएम शाह ने नेताओं की संपत्ति जांच के लिए पैनल बनाया

**काठमांडू, जेएनएन।** नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए पिछले 20 से 30 वर्षों में सार्वजनिक पदों पर रहे नेताओं और अधिकारियों की संपत्ति की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय पैनल का गठन किया है। 27 मार्च को कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी सरकार के प्रमुख '100-सूत्रीय शासन सुधार एजेंडा' का हिस्सा है। 5-सदस्यीय पैनल का नेतृत्व सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश राजेंद्र कुमार भंडारी करेंगे। यह समिति 1990 से 2026 तक सार्वजनिक पदों पर रहे मुख्य राजनीतिक पदाधिकारियों, मंत्रियों और उच्च पदस्थ अधिकारियों की संपत्ति और परिसंपत्तियों की निष्पक्ष जांच करेगी। इस जांच के दायरे में नेपाल के 7 पूर्व प्रधानमंत्री और लगभग 100 से अधिक पूर्व मंत्री शामिल हैं।

MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A Government of M.P. Undertaking)
Regional Office : Tawa Complex, Bittan Market, E-5, Arera Colony, Bhopal, (M.P.)
Phone : (O) +917552420301-2-3
Date : 16.04.2026

NOTICE INVITING TENDERS

Online Tenders for the following works are invited on the E-procurement System portal mptenders.gov.in as detailed below :-

| NIT | Subject | PAC Amount | EMD |
|---|---|---|---|
| 13 | Installation of pathway lighting at sports complex I/A Mandideep Distt. Raisen | 16,13,974.00 | 32,280.00 |
| 14 | Operation of sport park cum garden at I/A Mandideep, Distt. Raisen | 77,97,792.00 | 77,980.00 |

Detailed NIT along with other details can be downloaded/viewed on above mentioned portal shortly.
M.P. Madhyam/125352/2026 EXECUTIVE ENGINEER

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/- संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें 9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sqcm.
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 525/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

### सांस्कृतिक महाकुंभ एकात्म पर्व आज से

भोपाल। आदि गुरु शंकराचार्य की दीक्षा स्थली ओंकारेश्वर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 17 अप्रैल से पांच दिवसीय एकात्म पर्व का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर द्वारका पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती , पद्मश्री निवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। मांधाता पर्वत की कंदराओं में रचे-बसे एकात्म धाम में आयोजित यह महोत्सव दार्शनिक चिंतन, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा संगम होगा।

### डॉक्टरों को राहत, लाइसेंस निलंबित करने का आदेश निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) के उस आदेश को निरस्त कर दिया जिसके तहत डॉक्टरों का लायसेंस छह माह के लिए निलंबित कर दिया था। जस्टिस दीपक खोत की एकलपीठ ने कहा कि एमसीआई ने रिकॉर्ड पर रखे गए दस्तावेजों का उचित मूल्यांकन किए बिना विवेकहीन तरीके से आदेश पारित किया। कार्रवाई करते समय एमसीआई ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का पालन नहीं किया।






### "ट्वीट ऑफ द डे"



स्मृति ईरानी
पूर्व केंद्रीय मंत्री

सुना है आज अखिलेश जी ने संसद में मुझे याद किया। अच्छा है, जिनको राजनीति धरोहर में मिली, वे उनको भी याद करते हैं जो अपने दम पर आसमान में सुराख करते हैं। कामकाजी औरत पर वे टिप्पणी करते हैं जिन्होंने जिंदगी में कभी कोई नौकरी नहीं की। सीरियल से हटाकर संसद पर ध्यान लगाएं, महिलाओं के संबल हेतु अहम बिल पास कराएं।

# रिटायर्ड इंजीनियर के पास 5.5 करोड़ की प्रॉपर्टी, आय से पांच गुना कमाई

## मकान, जमीन, दुकान के साथ फ्लोर मिल का निकला मालिक, 21 बैंक खाते फ्रीज

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** गुरुवार को छिंदवाड़ा में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एक रिटायर्ड इंजीनियर के ठिकानों पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने छापे मारे। इस रेड में करोड़ों की काली कमाई उजागर हुई है। छापों में टीम को प्रारंभिक तौर पर आलीशान मकान, दुकान, खेती की जमीन, कैश, जेवर, वाहनों के साथ बड़ी संख्या में बैंक खाते, बीमा पॉलिसी के अलावा एक फैक्ट्री भी मिली है। ईओडब्ल्यू से मिली जानकारी के अनुसार रिटायरमेंट के बाद छिंदवाड़ा में रह रहे एसडीओ महेन्द्र नागवंशी के ठिकानों पर जांच एजेंसी की टीम ने गुरुवार सुबह दबिश दी। प्रारंभिक छानबीन में अब तक 5.5 करोड़ की प्रॉपर्टी की जानकारी सामने आ गई है। ईओडब्ल्यू की टीम में शामिल अफसरों के मुताबिक नागवंशी के ठिकानों की जांच शुक्रवार तक चल सकती है और काली कमाई का आंकड़ा बढ़ सकता है।

### 72 लाख आमदनी और खर्चा डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक

सुबह ईओडब्ल्यू की तीन अलग-अलग टीमों ने परासिया रोड स्थित नागवंशी के मकान और फ्लोर मिल पर एक साथ धावा बोला। इसके बाद घर में मौजूद सभी लोगों के मोबाइल टीम ने अपने कब्जे में ले लिए और दरवाजे पर पहरा लगा दिया।





### बैंकों से मांगी डिटेल, अन्य निवेश भी खोज रही टीम

ईओडब्ल्यू की टीम ने फिलहाल बैंकों से संपर्क करके नागवंशी और उनके परिजनों के नाम पर बैंक खातों को फ्रीज करा दिया है। इसके साथ ही बैंकों से लॉकर्स की भी जानकारी मांगी है। अब तक जांच दल को एक भी लॉकर नहीं मिला है। टीम में शामिल अफसरों के मुताबिक शुक्रवार सुबह तक बैंकों से पूरी जानकारी मिल जाएगी, ऐसे में संपत्ति का आंकड़ा बढ़ भी सकता है। इसके अलावा टीम शेयर या क्रिप्टो करेंसी में किए गए किसी इन्वेस्टमेंट के बारे में भी पता लगा रही है। जांच टीम के मुताबिक विभाग से यह जानकारी भी खंगाली जा रही है कि विभाग में महेंद्र नागवंशी छिंदवाड़ा से पहले कहां पदस्थ थे। हालांकि उनकी तरफ से जांच टीम को बताया गया है कि उन्हें किराए और खेती की पैतृक जमीन से भी आमदनी होती है।

जानकारी के मुताबिक नागवंशी जून 2024 में लोक निर्माण विभाग के ब्रिज सेक्शन से बतौर एसडीओ रिटायर हुए थे और उनकी वैधानिक आय लगभग 72 लाख थी। छापों में यह भी उजागर हो गया है कि नागवंशी ने इससे दोगुनी रकम खर्च की है। उनके खिलाफ ईओडब्ल्यू को मय दस्तावेजों के शिकायत मिली थी। जांच एजेंसी अब उनकी अन्य प्रॉपर्टी, इन्वेस्टमेंट और बैंक लॉकर्स की जानकारी भी तलाश रही है।

### छापों के दौरान मिली प्रॉपर्टी

- छिंदवाड़ा में 50 लाख का मकान और 13 लाख की दुकान
- 91,500 रुपये कैश
- 187 ग्राम सोना (करीब 9 लाख)
- 1 किलो चांदी के जेवर (लगभग 1.5 लाख)
- 3 फोर-व्हीलर (20 लाख) और 3 टू-व्हीलर (2 लाख)
- 22 बीमा पॉलिसियों में 20 लाख का निवेश
- घरेलू डेकोरेशन का 24 लाख का सामान
- खुद के और परिजनों के नाम पर 25 एकड़ कृषि भूमि और 2 प्लॉट (लगभग 1.76 करोड़)
- नागदा इंडस्ट्रीज प्रालि. के नाम से 2.50 करोड़ की फ्लोर मिल
- महेन्द्र नागवंशी - 8 बैंक खाते
- पत्नी सीमा नागवंशी - 10 बैंक अकाउंट
- पुत्र ऋत्विक - 3 बैंक अकाउंट (इनमें 30 लाख रुपये जमा होने की संभावना)

# वंदे मातरम के अपमान पर महिला पार्षदों को नोटिस

## जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने पूछा कारण

**जागरण, इंदौर।** इस्लाम की दुहाई देते हुए शासकीय कार्यक्रम में राष्ट्र गीत वंदेमातरम गाने से साफ इंकार करने वाली इंदौर नगर निगम की दोनों कांग्रेस पार्षदों के प्रति हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने राष्ट्र गीत के अपमान को लेकर दोनों महिला पार्षदों को नोटिस जारी किया है। पार्षदों के अलावा गृह विभाग के प्रमुख सचिव और सचिव को भी अदालत ने नोटिस भेजा है। राष्ट्र गीत के अपमान के खिलाफ जनहित याचिका दायर कर राष्ट्रीय आदर्शों और प्रतीकों की गरिमा बचाए रखने के लिए स्पष्ट ढांचा बनाने की मांग की गई है।

जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और आलोक अवस्थी की बैंच ने इंदौर की कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल खान और फौजिया शेख को अदालत ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता योगेश हेमनानी ने अदालत में दलील दी कि वर्तमान में शासकीय संस्थानों में 'वंदे मातरम' के उच्चारण के समय आचरण और अनुशासन को लेकर कोई प्रभावी नियामक ढांचा मौजूद नहीं है। कोर्ट से प्रार्थना है कि राष्ट्रीय गीत की गरिमा बनाए रखने के लिए स्थापित संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

### कांग्रेस के भी निशाने पर दोनों

विवाद के दौरान कांग्रेस पार्षदों का समर्थन न मिलने पर दोनों महिलाओं ने बैठक में कांग्रेस पार्टी को भी नहीं छोड़ा। सार्वजनिक तौर पर पार्टी को कोसते हुए दोनों महिला पार्षद यह कहने से भी नहीं चूकीं कि भाड़ में जाए कांग्रेस। इसे लेकर कांग्रेस शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी को पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए उनके खिलाफ निष्कासन की कार्रवाई का प्रस्ताव भी भेजा था।

### स्वीकृत मार्ग की जगह कहीं और बनाई सड़क, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**जागरण, डिंडौरी।** सड़क के लिए ग्रामीणों की मांग के बाद सड़क तो स्वीकृत हो गई, लेकिन सड़क का निर्माण किसी दूसरे स्थान पर होने लगा। इस बात की जानकारी लगने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह चक्काजाम कर दिया। जनपद डिंडौरी अंतर्गत ग्राम उदरी के ग्रामीणों का आरोप है कि पीएम जनमन योजना से सड़क लंबे समय बाद स्वीकृत तो हो गई, लेकिन सड़क का निर्माण कार्य किसी दूसरे स्थान पर कराया जा रहा है।

### भोजशाला : हाईकोर्ट ने रोकी सुनवाई, आज होगी

**जागरण, इंदौर।** प्रसिद्ध भोजशाला के विवाद पर नियमित चल रही सुनवाई में गुरुवार को ब्रेक लग गया। जब हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता के अनुरोध पर सुनवाई स्थगित कर दी। अब इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई की जाएगी। इस सुनवाई में याचिकाकर्ता के साथ ही इंटरवीनर्स को भी मौका दिया जाएगा। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डिवीजन बेंच ने जैसे ही मामले पर सुनवाई शुरू की। याचिकाकर्ता पक्ष के सीनियर एडवोकेट एके चितले ने अदालत से अपने तर्क पूर्ण करने के लिए समय मांग लिया। अधिवक्ता के अनुरोध को मंजूर करते हुए अदालत ने गुरुवार की सुनवाई अगले दिन के लिए टाल दिया। अदालत ने अब इस मामले को 17 अप्रैल को सुनने के लिए सूचीबद्ध किया है। शुक्रवार को मामले से जुड़ी कई याचिकाएं और अपीलें एक साथ सुनी जा सकती हैं।

### नदी के पुनरुद्धार के लिए कार्य योजना बनाएं

**जबलपुर।** एनजीटी ने बैतूल की माचना नदी के पुनरुद्धार के लिए दीर्घकालिक कार्य योजना बनाने का आदेश दिया है। वैज्ञानिक व सतत सफाई उपाय अपनाने पर भी जोर दिया है। यह कदम नदी की खराब स्थिति की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उठाया गया। रिपोर्ट के अनुसार लगभग सात लाख लोगों की जीवनरेखा मानी जाने वाली माचना नदी जलकुंभी और अन्य जलीय खरपतवारों से गंभीर रूप से प्रभावित है। कई स्थानों पर नदी का जल दिखाई भी नहीं देता, जिससे जल में आक्सीजन की कमी, मच्छरों का प्रकोप व डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

# यूट्यूब का नया फीचर: अब 'शॉर्ट्स' पूरी तरह हटा सकेंगे

टाइम लिमिट 0 मिनट का ऑप्शन




**नई दिल्ली, जेएनएन।** यूट्यूब ने यूजर्स के लिए एक अहम 'टाइम मैनेजमेंट' फीचर जारी किया है। अब यूजर्स शॉर्ट्स देखने की समय सीमा को '0 मिनट' पर सेट कर सकते हैं, जिससे शॉर्ट्स फीड पूरी तरह बंद हो जाएगी। शॉर्ट्स के लिए टाइम लिमिट अब जीरो मिनट तक सेट की जा सकती है। ऐसा करने पर शॉर्ट्स टैब में कोई वीडियो नहीं दिखेगा। सिर्फ नोटिफिकेशन आएगा कि लिमिट पूरी हो चुकी है। स्क्रीन से भी शॉर्ट्स के सुझाव गायब हो जाएंगे। फीचर स्क्रीन टाइम कंट्रोल और डिजिटल वेलबीइंग को ध्यान में रखकर लाया गया है।

### पहले क्या था

- अक्टूबर 2025 में यूट्यूब ने शॉर्ट्स टाइमर फीचर लॉन्च किया था
- तब न्यूनतम सीमा 15 मिनट थी
- जनवरी में '0 मिनट' विकल्प की घोषणा की गई
- अब इसे सभी यूजर्स के लिए रोलआउट किया जा रहा है

### इसके फायदे

- **डूमस्क्रॉलिंग से छुटकारा:** लगातार छोटे वीडियो स्क्रॉल करने की आदत को डूमस्क्रॉलिंग कहा जाता है। यह फीचर इस आदत को कम करने में मदद करेगा।
- स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स के लिए अब पढ़ाई या काम के दौरान ध्यान नहीं भटकेगा। केवल जरूरी कंटेंट (ट्यूटोरियल, लेक्चर) पर फोकस रहेगा।
- **बच्चों के लिए सुरक्षित:** माता-पिता बच्चों के फोन में शॉर्ट्स पूरी तरह ब्लॉक कर सकते हैं। कंटेंट पर बेहतर नियंत्रण मिलेगा।
- **क्लीन यूजर एक्सपीरियंस:** होम स्क्रीन से अनचाहे शॉर्ट्स हट जाएंगे। ऐप साफ और फोकस्ड लगेगा।

# जागी नर्सिंग काउंसिल, अनफिट से फिट कॉलेज में स्टूडेंट्स की शिफ्टिंग शुरू

**925** छात्र-छात्राओं के लिए 1776 सीटें

**100** सुईटेबल कॉलेजों में दिया जाएगा प्रवेश

**नगर संवाददाता, भोपाल।** नर्सिंग घोटाले में हुई सीबीआई जांच की रिपोर्ट वर्ष 2024 में आई थी। इस रिपोर्ट में प्रदेश के सौ से अधिक कॉलेज अनसुईटेबल यानि पढ़ाई के लिए उपयुक्त नहीं पाए गए थे। इस रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2025 में मप्र हाईकोर्ट ने नर्सिंग काउंसिल को आदेश दिया कि वह अनसुईटेबल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सुइटेबल कॉलेज में शिफ्ट करे। हाइकोर्ट के इस आदेश पर अमल करने में मप्र नर्सेस रजिस्ट्रार ऑफ काउंसिल को एक साल से ज्यादा का समय लग गया। काउंसलिंग अब अप्रैल में शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू की है, जो कि 5 मई तक चलेगी। देर से शुरू हो रही इस प्रक्रिया के कारण एक हजार स्टूडेंट्स का भविष्य चोपट हो रहा है।

### किस कोर्स में कितने स्टूडेंट्स

काउंसिल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 के बीएससी, पोस्ट बीएससी एवं एमएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों को शिफ्ट किया जा रहा है। जानकारी अनुसार बीएससी नर्सिंग के 24 अनुपयुक्त कॉलेजों के 778 छात्र-छात्राओं को 99 उपयुक्त कॉलेजों की 1008 रिक्त सीटों पर शिफ्ट किया जाएगा। इसी प्रकार पोस्ट बीएससी नर्सिंग के 02 अनुपयुक्त कॉलेजों के 55 विद्यार्थियों को 35 उपयुक्त कॉलेजों की 612 रिक्त सीटों पर तथा एमएससी नर्सिंग के 08 अनुपयुक्त कॉलेजों के 92 विद्यार्थियों को 23 उपयुक्त कॉलेजों की 156 रिक्त सीटों पर स्थानांतरित किया जाएगा। कुल मिलाकर 925 विद्यार्थियों को 1776 रिक्त सीटों पर शिफ्ट करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

### वर्ष 2030 में पूरी होगी पढ़ाई, कौन देगा नौकरी

काउंसिल की लेटलतीफी प्रक्रिया पर एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने आपत्ति ली है। परमार का कहना है कि जिन स्टूडेंट्स को शिफ्ट किया जा रहा है, वह शैक्षणिक सत्र 2022-23 के प्रवेशित हैं। अब इन्हें शिफ्ट किया जा रहा है, इनमें से कई ऐसे छात्र हैं जो बीएससी संकाय है, इनकी पढ़ाई 2030 में जाकर पूरी होगी। उस समय इन्हें कौन नौकरी देगा। रवि परमार ने कहा कि जो कार्य समय पर किया जाना चाहिए था, वह अब देरी से किया जा रहा है, जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो सकता है।

### यह काउंसलिंग का शेड्यूल

16 अप्रैल को उपयुक्त एवं अनुपयुक्त कॉलेजों की सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद 17 से 20 अप्रैल तक अनुपयुक्त कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया चलेगी। जबकि 17 से 21 अप्रैल तक चॉइस फिलिंग की जाएगी। 23 अप्रैल को प्रोविजनल अलॉटमेंट जारी किया जाएगा। 25 अप्रैल से 4 मई तक आवंटित संस्थानों में दस्तावेज सत्यापन एवं जमा करने की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी।










मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।